# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 11 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –277 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00

■ कैसे बचेगा लोकतंत्र
■ हिंसा की संक्रामक... 04
■ इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने...
■ जो बाइडेन को गोली मारने की धमकी देने... 09
■ आरबीआई ने महंगाई को काबू रखने लगातार...
■ चावल के दाम में लगी आग! एशिया में 15 साल... 11
■ हरमनप्रीत के दो गोल से...
■ सिन्धु को मिला वाई... 10

## विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा, मोदी ने साधा निशाना

# बोले- ये इंडिया नहीं, घमंडिया गठबंधन है

### विपक्ष का मोदी के भाषण के दौरान वाकआउट



## जवाब के आखिरी दौर में कहा-मणिपुर में जल्द उगेगा शांति का सूरज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरफ से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को लोकसभा में गिर गया। ये अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिरा है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बोलने के दौरान ही विपक्षी पार्टियों ने वॉकआउट कर दिया था।

विपक्ष का कहना था कि करीब दो घंटे तक बोलने के बाद भी पीएम मोदी ने मणिपुर का जिक्र नहीं किया। हालांकि पीएम मोदी ने भाषण के आखिरी हिस्सों में मणिपुर पर विस्तृत बयान दिए। मोदी ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया, जिसमें वे मणिपुर पर 1 घंटे 52 मिनट बाद बोले। बड़ी बात ये कि जब प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर बात शुरू की तो विपक्ष ने सदन से बर्हिगमन कर दिया, प्रधानमंत्री ने कहा कि- मणिपुर पर गृहमंत्री अमित शाह विस्तार से बोल चुके हैं और मैं भरोसा दिलाता हूं कि मणिपुर में जल्द ही शांति का सूरज उगेगा। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा- यूपीए को लगता है कि देश के नाम का इस्तेमाल कर विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है।

ये इंडिया गठबंधन नहीं है। ये घमंडिया गठबंधन है। इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। सबको प्रधानमंत्री बनना है। प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 2018 में मैंने नेता सदन के नाते उनको (विपक्ष) काम दिया था कि 2023 में वो अविश्वास प्रस्ताव लाएं।

अब 2028 में लाने का काम उनको दे रहा हूं, लेकिन कम से कम थोड़ी तैयारी करके आएं। ताकि जनता को लगे कि कम से कम वो विपक्ष के लायक है।'

**प्रधानमंत्री मोदी ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया**

**भारत की उपलब्धियों पर विपक्ष को अविश्वास**

**प्रधानमंत्री ने कहा, 2028 में अच्छी तैयारी के साथ आना**

प्रधानमंत्री ने कहा–पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। आईएमएफ लिखता है कि भारत ने अति गरीबी को करीब–करीब खत्म कर दिया है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा है जल जीवन के जरिए 4 लाख लोगों की जान बच रही है। यूनीसेफ ने कहा कि स्वच्छ भारत के कारण हर साल गरीबों के 50 हजार रुपए बच रहे हैं। इन उपलब्धियों पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कुछ दलों को अविश्वास है। जो सच्चाई दुनिया दूर से देख रही है, वो यहां रहकर नहीं देख पा रहे हैं।

**आपके लिए राजनीति प्राथमिकता**–विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरुआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए। लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। देश की जनता ने जिस काम के लिए उन्हें यहां भेजा, उस जनता से भी विश्वासघात किया गया है। सदन में सांसद महुआ मोईत्रा और उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अपनी बात रखी।

### मोदी को कांग्रेस का डर सताता है: अधीर रंजन



कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वॉकआउट करने को लेकर कहा,मणिपुर के मुद्दे पर आज भी पीएम 'नीरव' ही बने रहे। 'नीरव' रहने के चलते मैंने सोचा कि नया नीरव मोदी देखने का क्या फायदा। इनके दरबारी सारी बात कह चुके हैं। पीएम मोदी जो दोहराते हैं वो ही बात उनके दरबारी कह चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी को कांग्रेस का डर सताता है।

# सामाजिक क्रांति है लाड़ली बहना योजना : शिवराज



## मुख्यमंत्री की घोषणा-योजना की राशि प्रतिमाह 3 हजार होगी

### सवा करोड़ बहनों के खातों में जारी किए तीसरी किश्त के 1209 करोड़


**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि- लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति है। योजना में प्रतिमाह उपलब्ध कराया जा रहा एक हजार रुपए केवल पैसा नहीं, बहन-बेटियों का सम्मान है।

योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही एक हजार रुपए की राशि को क्रमशः बढ़ाकर प्रतिमाह 3 हजार रुपए किया जाएगा। रक्षा बंधन के पर्व पर 27 अगस्त को पूरे प्रदेश की बहनों से संवाद के लिए विशेष कार्यक्रम होगा तथा बहनों को उपहार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान रीवा में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों के वार्डों से बहनें वर्चुअली जुड़ीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की तीसरी किस्त के 1,209 करोड़ रूपए अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने एक लाख 81 हजार जनजातीय बहनों के खातों में पोषण आहार ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

- रीवा में हुआ लाड़ली बहनों का सम्मेलन
- मुख्यमंत्री रक्षा बंधन पर 27 अगस्त को बहनों से करेंगे संवाद
- 161.35 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण
- जजा बहनों को जारी किए आहार अनुदान के 18.16 करोड़ रुपए

# चंद्रयान-3 ने भेजी चांद और पृथ्वी की नई तस्वीर




### दो पड़ाव को पार करते ही सफलता तय

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 चांद के ऑर्बिट में जाने के बाद से ही लगातार चांद की तस्वीरें भेज रहा है। 14 जुलाई को अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद चंद्रयान-3 ने सबसे पहली तस्वीर पृथ्वी की भेजी थी। इसके बाद 5 अगस्त को चंद्रयान-3 चन्द्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा था। चंद्रयान-3 के लैंडर में लगे कैमरे लैंडर हॉरिजोंटल वेलोसिटी कैमरा ने चांद के सतह की तस्वीर भेजी है।

इसमें लगा एलआई कैमरा गुजरात के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर में बनाया गया है। वहीं एलएचव्हीसी को बेंगलुरु के लेबोरेट्री फॉर इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम्स ने बनाया है। एलएचव्हीसी लैंडर के निचले हिस्से में लगाया गया है ताकि लैंडिंग के वक्त विक्रम लैंडर समतल सतह पर सुरक्षित तरीके से लैंड कर सके। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### मप्र चुनाव को लेकर कमलनाथ का बड़ा बयान

# जिसको टिकट देना है उसे इशारा कर दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कुछ ही माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इस वक्त विधानसभा का टिकट पाने के लिये दावेदार कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निवास के चक्कर लगा रहे हैं। हर सीट पर कई दावेदार हैं। मगर कमलनाथ को जिसे टिकट देना है उन उम्मीदवारों को इशारा कर दिया गया है। ये बात किसी सूत्र ने नहीं बतायी है बल्कि खुद कमलनाथ का एक वीडियो बता रहा है, जो इन दिनों वायरल है। इसमें कमलनाथ से सवाल पूछा गया कि क्या इस बार टिकट सितंबर में बांट दिए जाएंगे? इस सवाल के जवाब में ही कमलनाथ के कहा कि जल्दी नहीं है। मगर जिसको टिकट देना है उसे हमने इशारा कर दिया है।

सूत्रों का भी यह कहना है कि-कई सीटों पर सर्वे हो चुका है और कमलनाथ ने कई दावेदारों को हामी भी भर दी है। इससे कांग्रेस को चुनाव में काफी फायदा मिल सकता है।

### एक बार फिर आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्रियों की उम्मीद के अनुरूप भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने गुरुवार को रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने की घोषणा की। समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर शक्तिकांता दास ने आज कहा कि- एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर रखने का फैसला किया है। दास ने बताया कि- आर्थिक कारकों को ध्यान में रखते हुए समिति ने वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। समिति ने घरेलू और वैश्विक कारकों के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5.4 प्रतिशत रहने की भविष्यवाणी की है। दास ने कहा कि भूराजनैतिक स्थितियों, मानसून और अन्य कारणों से अनिश्चितता बनी हुई है। एमपीसी की तीन दिन की बैठक 8 अगस्त को शुरू हुई थी जो 10 अगस्त को समाप्त हुई है।

( विस्तृत समाचार पृष्ठ 11 पर )

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-गुजरात के मंत्री प्रसाद समझकर शराब पी गए।

**चुहिया- हां प्रिये**- शराबबंदी वाले प्रदेश में शराब का प्रसाद चढ़ना भी कई सवाल उठाता है।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश, विपक्ष का हंगामेदार विरोध

# आयोग को कठपुतली बनाने की कोशिश : कांग्रेस

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जबरदस्त हंगामे के बीच राज्यसभा में गुरूवार को मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश किया गया। इसके विरोध में विपक्षी सांसदों ने जबरदस्त नारेबाजी की।

इस दौरान इंडिया गठबंधन से जुड़े विपक्ष के अधिकांश सांसद सभापति के आसन के निकट वेल में आ गए। सदन की कार्यवाही के लिए नियम पुस्तिका दिखा रहे कुछ सांसदों ने इस दौरान सभापति के आसन तक पहुंचने की भी कोशिश की। हालांकि, इन सांसदों को रोकने के लिए तुरंत ही गार्ड तैनात कर किए गए, ताकि विरोध जता रहे सांसद सभापति के आसन तक न पहुंच सके। राज्यसभा में हुए इस जबरदस्त हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, सपा व आरजेडी समेत इंडिया गठबंधन के दल इस विधेयक के खिलाफ हैं। विपक्ष के सांसदों रणदीप सिंह सुरजेवाला, जॉन बिटास, प्रियंका चतुर्वेदी का कहना है कि सरकार द्वारा लाए जा रहे इस बिल का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को कमजोर करना है। कांग्रेस ने कहा है कि-आयोग को प्रधानमंत्री की कठपुतली बनाने की कोशिश है।

### मुख्य न्यायाधीश की भूमिका नहीं होगी

इसी वर्ष मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि चुनाव आयुक्तों का चयन राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाले पैनल की सलाह पर किया जाएगा। वहीं, केंद्र सरकार एक ऐसा कानून बनाने के लिए यह विधेयक लाई है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका नहीं होगी। राज्यसभा में लाए गए इस विधेयक के मुताबिक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री की समिति की सिफारिश के आधार पर की जाएगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका तय की थी।

## सुप्रीम कोर्ट में एंट्री के लिए नहीं लगेगी कतार, आया 'सुस्वागतम'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को पोर्टल 'सुस्वागतम' शुरू करने की घोषणा की। इसके जरिये वकील, प्रशिक्षु और अदालत आने वाले लोग ऑनलाइन पंजीकरण कराकर शीर्ष न्यायालय में प्रवेश करने के लिए ई-पास ले सकेंगे। अभी तक सुप्रीम कोर्ट में एंट्री की ख्वाहिश रखने वाले लोगों को पास हासिल करने के लिए लंबी कतार में लगना पड़ता था। लेकिन सुस्वागतम आने के बाद लोगों को इस जद्दोजहद से छुटकारा मिल जाएगा।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस ऑनलाइन सुविधा की घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि सुस्वागतम वेब आधारित और मोबाइल अनुकूल ऐप है, जिससे उपयोगकर्ता ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**वायरल वीडियो** ..और ऐसा भी हुआ

# प्रसाद समझकर शराब पी गए गुजरात सरकार के मंत्री



**अहमदाबाद।** गुजरात के कृषि और पशुपालन मंत्री राघवजी पटेल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मंत्री महोदय आदिवासी दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम में पूजा के दौरान आदिवासियों की प्रथा के अनुसार शराब दी गई, जिसे वह प्रसाद समझकर पी लिए।

कार्यक्रम गुजरात के नर्मदा में आयोजित किया गया था। 9 अगस्त, बुधवार को नर्मदा के डेडियापाड़ा तालुका में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम रखा गया था। इस सरकारी कार्यक्रम में मंत्री राघवजी पटेल शामिल हुए थे। कार्यक्रम में पूजा के दौरान जब उन्हें दोने में देशी शराब दी गई जिसे उन्होंने पी ली। वहीं अन्य लोगों ने उसे चढ़ा दिया था।

**शराब पीने पर दी ये सफाई-** हालांकि जब मंत्री जी से शराब पीने के कारण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें आदिवासियों के इस प्रथा के बारे में जानकारी नहीं थी। वीडियो में डेडियापाड़ा के पूर्व भाजपा विधायक मोतीलाल वसावा, पूर्व नर्मदा जिला भाजपा प्रमुख शंकर वसावा और अन्य स्थानीय नेताओं के साथ, पुजारी भी दिखाई दे रहे हैं। जहां अन्य लोग पुजारी के निर्देशों के पालन कर रहे थे तो वहीं मंत्री राघवजी पटेल देशी शराब पी लिए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

राधिका खेड़ा ने वीडियो पर लिखा, 'जिस विचारधारा के लोग भगवान श्री राम को सिर्फ अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं, उस भाजपा के नेता शराब को चरणामृत ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## अमृतसर से 12 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन तस्कर दबोचे

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन नशा-तस्करों को काबू करके और उनके पास से 12 किलो हेरोइन बरामद करके सरहद पार से चलाए जा रहे नशा-तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान भिन्दर सिंह उर्फ भिन्दा निवासी गांव दाउके, घरिंडा, अमृतसर; दिलबाग सिंह उर्फ मनु गाँव रजातल, घरिंडा, अमृतसर और मनीपाल सिंह उर्फ मनी निवासी गांव छीना शबाजपुर राजा सांसी, अमृतसर के रूप में हुई है।

## हवाई द्वीप के जंगलों में भयानक आग, जान बचने लोग समुद्र में कूदे



### 36 से ज्यादा की मौत

**हवाई द्वीप।** हवाई द्वीप समूह के जंगलों में लगी आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। हवाई द्वीप के जंगलों में लगी आग ने लाहिना शहर को पूरी तरह से राख में तब्दील कर दिया है।

माउई काउंटी सरकार ने एक बयान में कहा, फायर सर्विस के लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन इस आग से कुल 36 मौतों का पता चला है। हवाई के आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आग मंगलवार तड़के लगी, जिसकी वजह से यहां के घर, व्यवसायों और सर्विस के साथ-साथ में माउई द्वीप पर रहने वाले 35,000 से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया है। राज्य की एजेंसी ने कहा कि आग ने 2,000 एकड़ (800 हेक्टेयर) से ज्यादा की जमीन को जला दिया है। जंगल की आग फिलहाल नियंत्रण से बाहर है।

तेज़ हवाओं और शुष्क परिस्थितियों ने हवाई के ज्यादातर हिस्से को रेड जोन में बदल दिया है, मगर इससे अब कुछ राहत मिली है। इसके अलावा बिग आइलैंड और माउई में अभी भी तेज आग जल रही है। भयानक आग की लपटों से बचने के लिए डरे हुए लोगों ने समुद्र में छलांग लगा दी। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गंभीर रूप से प्रभावित लाहिना शहर में 270 से ज्यादा इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं।

**लाहिना शहर का ज्यादातर हिस्सा नष्ट**-गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा, पर्यटकों के बीच लोकप्रिय 12,000 की आबादी वाले इस ऐतिहासिक शहर, माउई के लाहिना शहर का ज्यादातर हिस्सा नष्ट हो गया है और सैकड़ों स्थानीय परिवार विस्थापित हो गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में समुद्र तट पर स्थित शहर के बीचों-बीच आग की लपटें और काले धुएं का विशाल गुबार उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

## मणिपुर में एक और दुष्कर्म की भयावहता सामने आई

### 37 वर्षीय विवाहिता ने शिकायत दर्ज कराई

**इम्फाल, (एजेंसियां)।** जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में बलात्कार और यातना का एक और भयावह मामला सामने आया है। अब एक राहत शिविर में रह रही पीड़िता ने पुलिस में एक विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें 3 मई को घटित अपराध का खुलासा किया गया है। इस 37 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में कहा, पांच-छह लोगों ने मुझे पकड़ लिया और गाली देना तथा मारना-पीटना शुरू कर दिया। मेरे विरोध के बावजूद मुझे जबरदस्ती नीचे गिरा दिया गया। इसके बाद उन्होंने मेरा यौन उत्पीड़न करना शुरू कर दिया... उन्होंने हिंसक तरीके से मेरे निजी अंग में अपनी उंगलियां डाल दीं। मदद के लिए मेरे चिल्लाने के बावजूद किसी से कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद कुछ और लोग उनके साथ शामिल हो गए। उस समय, मैं बेहोश हो गई थी। बाद में जब मुझे होश आया, तो मैंने खुद को एक घर में कुछ मेइती लोगों से घिरा हुआ पाया। चुराचांदपुर जिले की महिला ने गुरुवार को बिष्णुपुर महिला थाने में एफआईआर और एक अलग विस्तृत शिकायत दर्ज की, जिसमें 3 मई को हुई भयानक घटना का विवरण दिया गया, जिस दिन पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा भड़की थी।

**मणिपुर मुद्दे पर भाजपा सरकार से एमएनएफ नेता नाखुश**-आइजोल। लोकसभा में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के एकमात्र सदस्य सी. लालरोसांगा ने गुरुवार को कहा कि जातीय हिंसा से निपटने पर केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकारों के रवैए से उनकी पार्टी बेहद नाखुश है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

## ज्ञानवापी : तहखाने में मिले प्रतीक चिन्हों को लेकर किए गए दावे

### सातवें दिन भी चलता रहा सर्वेक्षण का काम

**वाराणसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अदालत के आदेश पर पिछले 4 अगस्त से वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में वैज्ञानिक जांच कर रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वर्तमान ढांचे का निर्माण पहले से मौजूद एक हिंदू मंदिर के ढांचे पर किया गया है। गुरुवार को सातवें दिन भी यह सर्वेक्षण किया जा रहा है। अब तक की जांच और सर्वेक्षण से हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्ष संतुष्ट हैं।

**मुस्लिम पक्ष ने कहा- मुगल काल में भी होते थे ऐसे चिन्ह**-इस बीच तहखाने में कई हिन्दू प्रतीक चिन्ह मिलने के दावे किये गये हैं। तहखाने में मूर्तियां, कलश, त्रिशूल मिले हैं, इसके अलावा मंदिर शैली के करीब 20 आले मिले हैं। हालांकि ऐसे दावों पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई थी। अंजुमन इंतजामिया कमेटी के एक सदस्य ने दावा किया कि हिंदू पक्ष जिस प्रतीक को त्रिशूल बता रहा है वो अल्लाह लिखा हुआ है। कमल की आकृति के बारे में दावा किया गया कि मुगल काल में भी इस तरह के प्रतीक चिन्ह हुआ करते थे।

**अदालत ने मीडिया कवरेज पर लगाई रोक**-वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को मीडिया को ज्ञानवापी परिसर में हो रहे सर्वेक्षण और उसके आसपास के क्षेत्र में कवरेज नहीं करने को कहा और सर्वेक्षण कर रही एएसआई की टीम के सदस्यों को इस संबंध में मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया है।

ज्ञानवापी मस्जिद की देखरेख करने वाली संस्था अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने ज्ञानवापी परिसर में जारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सर्वे को लेकर भ्रामक खबरें फैलाए जाने का आरोप लगाते हुए जिला अदालत से सर्वेक्षण के मीडिया कवरेज पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। हालांकि, राम मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित है। ऐतिहासिक रिकॉर्ड से पता चलता है कि इसे 17वीं शताब्दी में औरंगजेब के आदेश पर मूल काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करने के बाद बनाया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले सप्ताह कहा था कि मुस्लिम पक्ष को ऐतिहासिक गलती स्वीकार करनी चाहिए और समाधान का प्रस्ताव देना चाहिए। संघ परिवार ने काशी-विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के मौजूदा चरण में खुद को शामिल नहीं किया है। हालांकि जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मुद्दा उठाने से पहले ही आरएसएस ने 1959 में ही काशी पर मांग उठा दी थी।

## माओवादियों का टॉप लीडर प्रमोद मिश्र गिरफ्तार

**रांची।** भाकपा माओवादी संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर और टॉप लीडर्स में से एक प्रमोद मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसपर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश में नक्सली वारदातों के दर्जनों मामले दर्ज हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा सहित कई राज्यो में नक्सली संगठनों के विस्तार में उसका अहम रोल रहा है।

## जयराम रमेश ने संसद की स्थायी समितियों से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने संसद की पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी व वन एवं जलवायु पर स्थायी समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कई महत्वपूर्ण विधेयकों को स्थायी कमेटी के पास नहीं भेजा गया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में उन्हें इस पद पर बने रहने में कोई महत्व नजर नहीं आता है।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने एक पोस्ट में लिखा, इन हालात में, मेरे लिए इस स्थायी समिति का अध्यक्ष बने रहना कोई महत्व नहीं रह गया है, जिसके विषय मेरे दिल के बहुत करीब हैं और मेरी शैक्षिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि में फिट बैठते हैं। स्वयंभू सर्वज्ञानी और विश्वगुरु के इस युग में यह सब अप्रासंगिक है।

**ट्वीट कर दिया इस्तीफा**-जयराम रमेश ने अपनी नाराजगी एक ट्वीट कर जाहिर की। उन्होंने कहा कि, 'ये ऐसे विधेयक हैं, जो जैविक विविधता अधिनियम, 2002 और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 और अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना के लिए मौलिक संशोधन करते हैं। इतना ही नहीं, डीएनए प्रौद्योगिकी (उपयोग और अनुप्रयोग) विनियमन विधेयक, 2019 पर समिति ने कई ठोस सुझावों के साथ एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसे वापस ले लिया गया है। मोदी सरकार ने इसके बजाय आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 के साथ इसे दरकिनार कर दिया है।'

**पहले भी जाहिर की थी नाराजगी**-जयराम ने इससे पहले जैविक विविधता संशोधन विधेयक पास करने को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। पिछले हफ्ते ही तीन विधेयक संसद के मानसून सत्र के दौरान पारित किए गए। जयराम रमेश ने फोरेस्ट (कनजर्वेशन) अमेंडमेंट बिल पास करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि सरकार ने स्थायी कमेटी के पास भेजने के बजाय संसद की ज्वॉइंट कमेटी के पास विधेयक भेजा, जिसके अध्यक्ष एक बीजेपी नेता हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सामाजिक क्रांति है.....

के लिए आहार अनुदान योजना के 18 करोड़ 16 लाख रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। लाड़ली बहना योजना में पिछले 2 महीनों में बहनों के खाते में 2 हजार 419 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की बहनों को अब तक 1,391 करोड़ रुपए से अधिक का आहार अनुदान दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 161 करोड़ 35 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट विकासखंड रीवा में नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 2 एफ, 2 जी एवं 2 एच टाइप आवास गृहों के निर्माण कार्य, माधो सदाशिवराव डिग्री कॉलेज रीवा में 6 व्याख्यान कक्ष का निर्माण, श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में बालक-बालिक पीजी सीटस् वृद्धि, कोल भवन का निर्माण, जिला पंचायत अतिरिक्त भवन निर्माण, रीवा सिरमोर मेन रोड से गर्गन टोला मार्ग का निर्माण, सिरमोर मेन रोड से मलेहान टोला बाया तिबरियान टोला से सगरा मार्ग निर्माण, रीवा मनकहारी रोड से हरिहरपुर एप्रोच मार्ग निर्माण, जेपी मोड़ से ग्राम दुआरी, दुबारी-तुर्करा-बनकुईया रोड से श्रद्धानगर करिहा रेलवे स्टेशन रीवा रोड के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज का निर्माण एवं जिर्णोद्धार, माधव सदाशिव कॉलेज रीवा में नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय कन्या पीजी कॉलेज रीवा नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य, उत्कृष्ट विद्यालय में 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण, जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय 100 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण, श्यामशाह चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय रीवा में 100 से 150 सीट वृद्धि-250 सीटस् यू.जी. कन्या, 100 सीटर इंटर्न बालक, 100 सीटर इनटर्न बालिका छात्रावास का निर्माण, भावरा से खम्हरिया चोबान सड़क निर्माण, एनएच-37 से कंचनपुर मार्ग निर्माण, मडी से उमरी मार्ग निर्माण का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की श्रीमती मनीषा साकेत एवं समूह की सदस्यों को लिफ्ट मिक्चर मशीन और सेंटरिंग व्यवसाय के लिए 5 लाख 56 हजार रुपए, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में श्रीमती मंजू पाण्डेय को 9 लाख रुपए के ट्रेडर्स वर्क्स और पीएम स्वनिधि में पूजा गुप्ता को पूजन सामग्री व्यवसाय के लिए 50 हजार रुपए के चेक तथा सुनील पटेल को मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के वाहन की चाबी भेंट की। पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले रीवा क्षेत्र के विकास में मुख्यमंत्री श्री चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व मंत्री श्री नागेंद्र सिंह, क्षेत्रीय विधायक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**जनदर्शन में शामिल हुए मुख्यमंत्री** -सम्मेलन से पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान जनदर्शन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क पहुँचकर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनदर्शन आरंभ किया तथा विकास रथ पर समाज के विभिन्न वर्गों और आमजन से संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी बेटियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह के सदस्यों, भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, लाड़ली बहना सेना की सदस्यों, विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से भेंट की तथा संवाद किया।

### चन्द्रयान-3 ने भेजीं.....

**चन्द्रमा की सतह पर कब पहुंचेगा चंद्रयान-3-** इसरो प्रमुख ने बताया है कि चंद्रयान-3 अगर सबकुछ ठीक रहा तो 23 अगस्त को शाम 5 बजकर 45 मिनट पर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। लेकिन उससे पहले चंद्रयान को कई महत्वपूर्ण पड़ाव पार करने है। 14 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 दोपहर 12 बजे तक चांद के चौथी कक्षा में पहुंच जाएगा। 16 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 चांद की कक्षा में आखिरी बार आगे बढ़ेगा। इसके लिए एक बार फिर से चंद्रयान-3 का इंजन ऑन किया जाएगा। 17 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन और लैंडर मॉडल एक दूसरे से अलग होंगे। 18 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 के लैंडर मॉडल पहली बार डीओर्बिटिंग की जाएगी। इसके बाद चंद्रयान चांद की सतह के करीब पहुंच जाएगा। 20 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 के लैंडर मॉडल को रात में करीब 2 बजे आखिरी बार डीओर्बिटिंग की जाएगी। इसके बाद लैंडर चांद के बेहद करीब पहुंच जाएगा। 23 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 शाम 5 बजकर 45 मिनट पर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की कोशिश करेगा।

### प्रसाद समझकर.....

ही समझेंगे। वैसे गुजरात तो शराबबंदी वाला प्रदेश है ना?' राजीव ने लिखा, 'यही अगर राहुल गांधी ने किया होता या जैसे मास्क लगा कर अशोक गहलोत ने किया था तो उनका कितना मजाक बना था।' आलोक अंबेडकर ने लिखा, 'गुजरात की ऐसी खबर पर कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।' श्रीराम चौधरी ने लिखा, 'वो सब ठीक है, गलती हो जाती है लेकिन शराब गुजरात पहुंची कैसे? गुजरात में तो शराब बैन है।' एक अन्य ने लिखा, 'जब किसी को जरूरत पड़ती है तो वह मौका मिलते ही चौका जरूर मारता है। हो सकता है मंत्री जी को काफी दिनों से ना मिली हो और मिली तो खुद पर कंट्रोल नहीं रख पाए होंगे।'


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### आम सूचना

मेरे पक्षकार श्रीमती सविता सेन पति सत्यनारायण सेन एवं सत्यनाराण सेन पिता स्व. भोला प्रसाद सेन द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशों के आधार पर उक्त आम सूचना पुष्ट की जाती है, कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति मौजा पोलीपाथर न.बं.-164, प.ह.नं.-24 जबलपुर का खसरा नं.-15/05 में से 1000 वर्गफुट है, जो इनके द्वारा पूर्व स्वामी झारिया पिता भूपत झारिया से रजि. विक्रय पत्र दिनांक 29/03/2010 रजि. क्र. - 2242/2 के द्वारा क्रय की गई थी, तभी से वे उक्त संपत्ति के स्वामी से अधिपत्यकारी हैं, पूर्व स्वामी बाबूलाल झारिया को उक्त संपत्ति उनकी पत्नी श्रीमती सम्पत बाई झारिया की मृत्यु उपरांत प्राप्त हुई थी, जो सम्पत बाई द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 01/03/2005 द.न.-1580 के द्वारा श्रीमती लक्ष्मी देवी गुप्ता पति गुलाब चंद गुप्ता से क्रय की थी। लक्ष्मी देवी गुप्ता द्वारा उक्त संपत्ति मनमोहन तिवारी पिता चंद्रशेकर तिवारी से रजिस्ट्री विक्रय दिनांक 21/08/2003 क्र.-1001 द्वारा की गई थी, किन्तु उक्त मूल प्रति दिनांक 21/08/2003 (विक्रेता मनमोहन तिवारी, क्रेता लक्ष्मी गुप्ता) कहीं गुम हो गई है। जो कि काफी प्रयासों के भी आज दिनांक तक अप्राप्त है। जिसकी गुम होने की पुलिस सूचना संबंधित पुलिस थाने में की जा चुकी है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति एल.आई.सी. से ऋण की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, उक्त संपत्ति बंधक रखने जा रहे हैं, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय या अन्य किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अवधि उपरोक्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, व मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति एल.आई.सी. में बंधक रखकर गृह ऋण प्राप्त कर लेंगे।

संजीव शुक्ला, एडवोकेट
190, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर मो.9425152735

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि सूचनाकर्ता के पास लैमिनेटेड ओरिजिनल टाइटल डीड है। वह इसी के आधार पर बंधक चढ़ाकर लोन लेना चाहता है। जिसकी रजिस्ट्री में विवरण में तफ्सील मकान कच्चा खपरैल मिट्टी का बना मौजा पटेरा खसरा नंबर 142 हल्का नंबर 55 तहसील हटा जिला दमोह दर्ज है। जिस का वर्तमान में विवरण तहसील पटेरा मकान नंबर 7 है। संपति को बंधक कराकर स्टेट बैंक की पटेरा शाखा (ब्रांच कोड 02881) से लोन ले रहा हूं। अगर किसी को इस संपति पर लोन लेने से कोई आपति है या कोई इस संपति पर अपना हक या दावा रखता है तो स्टेट बैंक की शाखा पटेरा में सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रमाण सहित आपत्ति दर्ज करावे।

सूचनाकर्ता
राजकुमार जैन / फूलचंद जैन
विवेक जैन / राजकुमार जैन
निवासी पटेरा जिला दमोह

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं संतोष कुमार (SANTOSE KUMAR) आत्मज श्री गनेश प्रसाद झारिया (Ganesh Prasad Jhariya) म.नं. 2688/2, सेठी नगर, शक्ति भवन रोड, रामपुर, जबलपुर का निवासी हूँ, तथा मैं 6वीं बटालियन एस.ए.एफ. रांझी जबलपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में सुरक्षा कंपनी में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, 10वीं की अंकसूची, 12वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, एवं पुलिस पहचान पत्र में मेरा नाम संतोष कुमार झारिया (SANTOSH KUMAR JHARIYA) आत्मज श्री गनेश प्रसाद झारिया (Ganesh Prasad Jhariya) दर्ज है एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम संतोष कुमार (SANTOSE KUMAR) आत्मज श्री गनेश प्रसाद झारिया (Ganesh Prasad Jhariya) दर्ज है ये दोनों नाम मेरे स्वयं के है अत: मेरे सभी शासकीय / अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम संतोष कुमार (SANTOSE KUMAR) के स्थान पर संतोष कुमार झारिया (SANTOSH KUMAR JHARIYA) आत्मज श्री गनेश प्रसाद झारिया (Ganesh Prasad Jhariya) जाना पहचाना लिखा पढ़ा जावें।

जबलपुर दिनांक 09.08.2023
पुराना नाम-संतोष कुमार
(Old Name – SANTOSE KUMAR)
नया नाम -संतोष कुमार झारिया
(New Name - Santosh Kumar Jhariya)
आत्मज गनेश प्रसाद झारिया
(Ganesh prasad Jhariya)
पता-म.नं. 2688/2, सेठी नगर, शक्ति भवन रोड, रामपुर, जबलपुर 6वीं वाहनी वि.स. बल, जबलपुर उच्च न्यायालय सुरक्षा कंपनी जबलपुर पद- आरक्षक

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र/1228/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक / /2023

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय कुमार यादव पिता श्री अनंतराम यादव निवासी उपरैनगंज जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नं.बं. 264 प.ह.नं. 4 स्थित भूमि खसरा नंबर 282/4 में से रकवा 1028 वर्गफुट भूमि पर श्रीमती मथुरा बाई यादव की मृत्यु दिनांक 30.11.22 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25.08.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-25/07/2023
पेशी दिनांक-25/08/2023

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर
र.नं. 925

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूं कि मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur, द्वारा उक्त सम्पत्ति जो कि मौजा-अमखेरा, प.ह.नं. 04, बंदोबस्त नं. 24/80, खसरा नं. 129/4, जिसका कुल रकवा 20X50=1000 वर्गफुट है को महबूब अली पिता श्री आशिक अली ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.12.2016 ई.पंजीयन क्रमांक MP182552016A1676706 के माध्यम से पूर्व भूमि स्वामी हामीद हुसैन पिता मोहम्मद साबिर हुसैन से क्रय किया है तथा हामीद हुसैन पिता मोहम्मद साबिर हुसैन ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.11.2015 ई-पंजीयन क्रमांक MP182542015A1178770 के माध्यम से पूर्व भूमिस्वामी श्री पुष्पेन्द्र सिंह यादव पिता श्री ओंकार सिंह यादव से क्रय किया था।

महबूब अली पिता श्री आशिक अली मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur, से उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु महबूब अली पिता श्री आशिक अली द्वारा उक्त संपत्ति/मकान बंधक की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur, को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रुप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जबलपुर
दिनांक 09.08.2023
साकेत प्यासी (एडवोकेट)
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर
र.नं. 933 मो.- 98063-73695

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0469/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेशचन्द अग्रवाल पिता स्व. राम बंसल नि. सिविल लाईन जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 23 प्लाट नं. 3/2 निर्मित रकवा/रकवा 700 व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 700 व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 03/02/2000 मृत्यु दिनांक 23/07/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न/ नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 23 प्लाट नं. 3/2 निर्मित रकवा/रकवा 700 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं.... खसरा नं. ... रकवा 700 व.फु./हे. गुलाब राय बगैराह के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/08/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 08/08/2023**
**पेशी दिनांक 18/08/2023**

तहसीलदार
रांझी जबलपुर
र.नं.- 937

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0525/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार जैन / कोमलचंद जैन नि. 492 लोकमान्य तिलक वार्ड नरघैया जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 102 प्लाट नं. 13/3, 14/3, 15/5 निर्मित रकवा/रकवा 986 व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम ओमती प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक ... मृत्यु दिनांक 15/12/2002 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 102 प्लाट नं. 13/3, 14/3, 15/5 निर्मित रकवा/रकवा 986 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम ओमती प.ह.नं.... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. श्रीमती सुमतरानी जैन / श्री कोमल चंद जैन के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/08/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 08/08/2023**
**पेशी दिनांक 18/08/2023**

तहसीलदार
रांझी जबलपुर
र.नं.- 938

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0275/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय सूरी / स्व. श्री विलायती लाल सूरी, नि. श्री रामकुंज गुजराती पाटीदार ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. 218 निर्मित रकवा/रकवा ... व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/5/46/1 रकवा 860 व.फु. विक्रय पत्र दिनांक 06/10/1948 मृत्यु दिनांक 11/03/2003 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. 218 निर्मित रकवा/रकवा ... व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम रांझी प.ह.नं.... खसरा नं. 94/21/5/46/1 रकवा 860 व.फु./हे. सेठ नरसिंहदास / स्व. कन्हैया लाल के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/08/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 08/08/2023**
**पेशी दिनांक 18/08/2023**

तहसीलदार
रांझी जबलपुर
र.नं.- 936

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर

रा.प्र.क्र./.../अ -6/2023-24
जबलपुर, दिनांक....

**//आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महानदी प.ह.नं. 31 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनन्या गुलाटी पिता स्व. विवेक गुलाटी जाति पंजाबी निवासी 104/105, एकता विहार, मदन महल वार्ड जबलपुर के द्वारा ग्राम महानदी बंदोबस्त नम्बर 663 प.ह.नं. 31 में स्थित भूमि खसरा नंबर 71, डायवर्शन खसरा नं. 71 रकवा कमश: 2403.5 वर्गफुट यानि 223.25 वर्गमीटर भूमि पर फौती नामांतरण दर्ज इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेश दिनांक 16/08/23 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 01/08/2023
पेशी दिनांक- 16/08/2023

तहसीलदार गोरखपुर एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर
र.नं. 940

### OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION CHHINDWARA, CHHINDWARA (M.P.)

**Notice Inviting Tenders**

Dispatch No.: 2943. Date:-10/8/2023

Online bid are invited from registered contractors / reputed firms for work of Municipal Corporation Chhindwara, Chhindwara (M.P.).

| Tender No | Name of Work | Probable Amount (In lacs) | Completion Period In months including Rainy season | Online Tender Purchase Date |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_297797_1 | Inviting tender for different electrical devices use in water treatment plant of ulb for financial year 2023-24 | 30.00 | 12 Months | 09/08/2023 to 08/09/2023 |

Interested bidders can view the detailed NIT on website www.mptenders.gov.in last date of purchase is 08/09/2023 time 17:30 hrs further details would be published on website only, and not in newspaper.

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION, CHHINDWARA

# देश-प्रदेश

उवाच

## औवेसी भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से संपर्क किया है। उनसे भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए कहा है। इस कदम को समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम के बीच रिश्तों में नरमी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जो लंबे समय से आमने-सामने हैं। शिवपाल ने पूछा, 'ओवैसी साहब बहुत अच्छे आदमी हैं। लेकिन, वह भाजपा के खिलाफ सपा से हाथ कब मिलाएंगे?' ज्ञात हो कि साल 2017 के चुनावों से पहले सपा और एआईएमआईएम के बीच संबंध ठीक नहीं थे।

### श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व स्थल होगा संत रविदास मंदिर

# संत रविदास ने समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया : शिवराज



### प्रधानमंत्री कल सागर आएंगे, मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सागर जिले के बड़तूमा में बन रहे संत रविदास मंदिर के निर्माण स्थल के अवलोकन के बाद ढाना ग्राम में आगामी 12 अगस्त को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत विधायकद्वय शैलेंद्र जैन प्रदीप लारिया, खनिज निगम के उपाध्यक्ष राजेंद्र मोकलपुर, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, गौरव सिरोठिया, प्रभु दयाल पटेल, श्रीमती लता वानखेड़े, शैलेश केशरवानी, अनिल तिवारी सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभा स्थल के मंच, हैलीपैड, डोम का अवलोकन कर अन्य सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संत रविदास महाराज ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। श्री संत रविदास ने कर्म को महत्व दिया। वे परिश्रम से जो भी अर्जित करते थे, उसे संत सेवा और समाज को अर्पित कर देते थे। कई राजा और मीराबाई भी उनके शिष्य थी। संत रविदास वास्तव में सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने सागर में विगत 8 फरवरी को संत रविदास मंदिर की योजना को भव्य रूप देकर निर्माण कराने की घोषणा की थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में अब भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। उन्होंने बताया कि सभा स्थल पर सभी तैयारियाँ पूरी हो गई है। सागर जिले का प्रत्येक नागरिक सौभाग्यशाली है कि जिले की भूमि पर मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के लिए वैश्विक नेता और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 अगस्त को आगमन हो रहा है। श्री चौहान ने बताया कि मंदिर नागर शैली में 10000 वर्ग फुट में बनेगा। इंटरप्रिटेशन म्यूजियम बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व-व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा। लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो अध्यात्मिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे, जिन्हें संत जी के जीवन से प्रेरणा मिलेगी। 15000 वर्गफुट में भोजनालय का निर्माण होगा। मंदिर में दो भव्य प्रवेश द्वार होंगे, सीसीटीवी कैमरे और लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि संत रविदास जी का मंदिर और कला संग्रहालय भव्य होगा, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व स्थल होगा। दार्शनिक और अध्येता और जिज्ञासु भी देश-विदेश से आएंगे। संत रविदास जी का कृतित्व- व्यक्तित्व और दर्शन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादाई होगा।

## अमरकंटक में बनेगा मां नर्मदा दिव्यलोक, नये अमरकंटक की होगी बसाहट

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाडली बहना सम्मेलन में शामिल होने अनूपपुर आगमन से पूर्व मां नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक को शक्तिधाम कारीडोर के रुप में विकसित करने की उठी मांग को संज्ञान में लेते हुए दौरे के दूसरे दिन गुरूवार को अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन मे अमरकंटक को शक्तिधाम कारीडोर बनाने की घोषणा की।

इससे पहले मुख्यमंत्री नर्मदा मन्दिर पहुँचे और वहाँ विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद मृत्युंजय आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज जी से भेंट करने पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने अमरकंटक सहित मध्यप्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। स्वामी हरिहरानंद ने मुख्यमंत्री से नर्मदा मन्दिर अमरकंटक को शक्तिधाम के रुप में विकसित करने की मांग की। जिसे मुख्यमंत्री ने नर्मदा मैया की कृपा मानते हुए तत्काल इसकी सहमति दी और कार्यकर्ताओं के मंचीय सम्मेलन मे करतल ध्वनि और नर्मदा मैया के जयकारों के बीच इसकी घोषणा की।

# 'विंध्य की बेटी: मुहावरों से झलकती ममता' किताब का कल कमलनाथ करेंगे विमोचन



### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती सरोज कुमारी ने लिखी है किताब

**भोपाल, देशबन्धु।** 'विंध्य की बेटी: मुहावरों से झलकती ममता' किताब का कल शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ विमोचन करेंगे। यह किताब पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती सरोज कुमारी ने लिखी है।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की सुपुत्री श्रीमती वीणा सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी माताजी श्रीमती सरोज कुमारी ने लंबे परिश्रम के बाद यह पुस्तक तैयार की।

श्रीमती वीणा ने बताया कि प्रदेश और खासकर विंध्य क्षेत्र के मुहावरों और कहावतों को समेट कर स्वर्गीय श्रीमती सरोज कुमारी ने एक अनूठा और अनोखा मुहावरा और कहावत संग्रह तैयार किया। इसे तैयार करने में उन्होंने अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण वर्ष खर्च किए और इस तरह से बघेलखंड की संस्कृति और परंपरा का एक रुचिकर और लोक स्वीकृत दस्तावेज तैयार किया। इस दस्तावेज को अर्जुन सिंह सद्भावना फाउंडेशन ने एक पुस्तक के स्वरूप में समाज के सामने प्रस्तुत किया है। श्रीमती वीणा सिंह ने बताया कि उनकी माताजी श्रीमती सरोज कुमारी ने लंबे परिश्रम के बाद यह पुस्तक तैयार की। पत्रकारवार्ता में विधानसभा के पूर्व उपसभापति राजेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह और सैम वर्मा उपस्थित थे। किताब में बघेली भाषा की 151 कहावतों को शामिल किया गया है।

# धाकड़ और यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलारस क्षेत्र के कद्दावर नेता रघुराज सिंह धाकड़ और चंदेरी के प्रभावशाली बसपा नेता जयपाल सिंह यादव और यदुराज सिंह यादव ने आज बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर आज उन्हें कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की गई। श्री धाकड़ के साथ कोलारस के बलभद्र सिंह धाकड़, श्रीपाल जाट, भैयालाल धाकड़, पहलवान धाकड़, राधे धाकड़, सुनील गुर्जर, जगराम दांगी, कबूल सिंह घाकड़, अशोक सिंह धाकड़, अवदेश सिंह धाकड़ छोटू धाकड़, बंटी धाकड़, चेतन धाकड़, सुनील धाकड़, देवेन्द्र धाकड़, रामभरत धाकड़ कामेश धाकड़, श्रीलाल धाकड़, कैलाश धाकड़ सहित सैकड़ों समर्थकों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कमलनाथ ने श्री धाकड़, श्री यादव और कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नेताओं को कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया उन्होंने कहा कि भाजपा की 18 साल की सरकार की तस्वीर इनके सामने है और अब प्रदेश का हर नागरिक भाजपा से मुक्ति चाहता है। इस दौरान सदस्यता ग्रहण के दौरान पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, चंद्रप्रभाष शेखर, राजीव सिंह, अशोक सिंह, राजकुमार पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुना, शिवपुरी सहित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चित्रकार सचिदा नागदेव मार्ग का लोकार्पण

# सरकार कलाकारों की स्मृति को बनाए रखने के लिए संकल्पित : सारंग





**भोपाल, देशबन्धु।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रख्यात चित्रकार सचिदा नागदेव की मौलिक अमूर्त कला ने चित्रकला जगत में अमिट छाप छोड़ी है। चूंकि राज्य सरकार ऐसे कलाकारों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित है। इसीलिए शहर में श्री नागदेव के निवास क्षेत्र सड़क को उनके नाम पर किया गया है। श्री सारंग ने यह बात गुरूवार को उक्त सड़क के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

श्री सारंग ने बताया कि चेतक ब्रिज से कस्तूरबा नगर और रचना नगर होते हुए सुभाष नगर तक जाने वाली यह सड़क अब चित्रकार सचिदा नागदेव मार्ग कहलाएगी। उन्होंने कहा कि श्री नागदेव बड़े चित्रकार होने के साथ ही प्रभावी व्यक्तित्व के धनी भी थे। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य अशोक वाणी, कला जगत से जुड़े राग तेलंग, बसंत निरगुणे, राबिन डेविड, विनय सप्रे, अनूप शर्मा, आलोक त्यागी, सुनील शुक्ला, श्रुति अधिकारी और श्री नागदेव के परिजन भी उपस्थित थे। अंत में श्री नागदेव की पुत्री स्मृति नागदेव ने आभार व्यक्त किया।

### चित्र प्रदर्शनी आज से

श्री नागदेव की कला को सम्मानित करने के क्रम में 11 अगस्त से उनके चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन ताज लेक फ्रंट होटल में किया जाएगा। ताज लेक फ्रंट की वांडरलास्ट सीरीज के अन्तर्गत रंग स्मृति 07 शीर्षक से आयोजित इस प्रदर्शनी में श्री नागदेव के वर्ष 1955 से अब तक की चयनित कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 20 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 6 से रात 9 बजे तक खुली रहेगी।

## केन्द्रीय मंत्री पटेल आज सोहागपुर में सम्मेलन को करेंगे सम्बोधित



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के 230 विधानसभाओं में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल 11 अगस्त को नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसी तरह प्रदेश के विभिन्न विधानसभाओं में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता पहुंचकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## अधीर रंजन लोकसभा से निलंबित

**नई दिल्ली।** अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित करते हुए उनका मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है।

सदन में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने के बाद लोकसभा स्पीकर बिरला ने अधीर रंजन चौधरी द्वारा सदन में लगातार किये जा रहे व्यवहार की जांच का मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेजते हुए कमेटी की रिपोर्ट आने तक उन्हें सदन से निलंबित करने की घोषणा कर दी।

सदन में जब उनके निलंबन का यह प्रस्ताव पारित हुआ, उस समय अधीर रंजन चौधरी सहित कांग्रेस और अन्य कई विपक्षी दलों के सांसद मौजूद नहीं थे क्योंकि वे प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान ही सदन से वॉकआउट कर गए थे। इससे पहले भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सदन में खड़े होकर अपने कृत्य के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वे अपने नेता के अपमान को सहन नहीं कर पाए इसलिए ऐसा कर गए और वे अपने व्यवहार के लिए माफी मांगते हैं।

## ईडी ने गिरफ्तार मंत्री सेंथिल बालाजी के भाई की संपत्ति जब्त की

**चेन्नई, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री सेंथिल बालाजी के भाई अशोक कुमार की संपत्ति जब्त कर ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने करूर में करूर-सलेम रोड पर अंडानकोइल पूर्व में अशोक कुमार की संपत्ति की तलाशी ली।

आरोप थे कि अशोक कुमार 2.49 एकड़ जमीन पर सेंथिल बालाजी के फंड से एक विशाल हवेली का निर्माण कर रहे हैं। संपत्ति अशोक कुमार की पत्नी निर्मला के नाम पर पंजीकृत थी और मेलाकारुर उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत थी। यह संपत्ति निर्मला को उनकी मां लक्ष्मी ने उपहार में दी थी, जिन्होंने कथित तौर पर एक बैंक से लिए गए भारी ऋण का भुगतान करके इसे एक व्यक्ति से खरीदा था। ईडी ने पहले निर्मला को बुधवार को अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए नोटिस भेजा था, लेकिन जब वह नहीं आईं तो विभाग ने संपत्ति जब्त करने का नोटिस जारी किया।

# चिकन खाने से 32 छात्राएं बीमार

**विजयनगर ( कर्नाटक ), एजेंसी।** कर्नाटक के विजयनगर जिले में गुरुवार को एक छात्रावास में चिकन खाने से 30 से अधिक छात्राएं बीमार पड़ गईं। यह घटना विजयनगर जिले के होस्पेट शहर के मैट्रिक एसटी गर्ल्स हॉस्टल में हुई।

छात्रावास में रात के खाने में चिकन खाने के बाद आधी रात को छात्राओं को पेट में दर्द, उल्टी और दस्त के लक्षण विकसित हुए। छात्रों को होसपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 28 छात्रों को आधी रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अन्य चार बीमार पड़ गए और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या 32 हो गई। 32 में से छह की देखभाल की गई। हालांकि, अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि बाकी छात्र ठीक हो रहे हैं। एसटी छात्रावास में 148 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उनमें से, 131 छात्रों ने मांसाहारी भोजन खाया और 17 छात्रों ने बुधवार रात शाकाहारी भोजन का विकल्प चुना। रात को खाना खाने के बाद वे सोने चले गये थे।

रात करीब दो बजे छात्रों को पेट में तेज दर्द की शिकायत होने लगी। बाद में उनमें अन्य लक्षण भी विकसित हो गए थे। अधिकारियों ने छात्रों के बीमार पड़ने के सही कारण का पता लगाने के लिए छात्रों के रक्त के नमूने एकत्र करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने चिकन का सैंपल भी जांच के लिए भेज दिया है। विजयनगर जिला आयुक्त दिवाकास ने अस्पताल में छात्रों से मुलाकात की और कहा कि रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट से मिली जानकारी

# रेलवे ने यात्री ट्रेनों में कमाई से अधिक किया खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने रेल मंत्रालय पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया है कि परिचालन अनुपात (ओआर) 2020-21 में 97.45 प्रतिशत के मुकाबले 2021-22 में 107.39 प्रतिशत था। क्योंकि रेलवे शुद्ध अधिशेष उत्पन्न नहीं कर सका।

8 अगस्त को रेलवे के वित्त पर सीएजी की 2023 की रिपोर्ट संख्या 13 में बताया गया कि बजट अनुमान में 96.15 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले, 2021-22 में रेलवे का परिचालन अनुपात 107.39 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया, इसका मतलब है कि रेलवे ने 100 रुपए कमाने के लिए 107.39 रुपये खर्च किए। 2020-21 के दौरान 97.45 प्रतिशत के परिचालन अनुपात की तुलना में, 2021-22 में गिरावट आई। ऑपरेटिंग अनुपात कामकाजी खर्चों के अनुपात को दर्शाता है और उच्च अनुपात अधिशेष उत्पन्न करने की खराब क्षमता को इंगित करता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर रेलवे के पेंशन भुगतान पर खर्च को पूरा करने के लिए आवश्यक 51,215.94 करोड़ रुपये की वास्तविक राशि (48,100 करोड़ रुपए के बजाय) पेंशन फंड में विनियोजित की गई होती, तो रेलवे के कामकाजी खर्च में वृद्धि होती। बढ़े हुए कामकाजी खर्चों के साथ, 2021-22 में ओआर 107.39 प्रतिशत के बजाय 109.02 प्रतिशत होगा। इस प्रकार रेलवे द्वारा दिखाया गया 107.39 प्रतिशत का ओआर रेलवे के वास्तविक वित्तीय प्रदर्शन को नहीं दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, फिर से, अगर रेलवे के डीआरएफ भुगतान पर व्यय को पूरा करने के लिए आवश्यक वास्तविक राशि (661.01 करोड़ रुपए) को डीआरएफ (शून्य के बजाय) में विनियोजित किया गया होता, तो रेलवे के कामकाजी खर्च में वृद्धि होती। बढ़े हुए कामकाजी खर्चों के साथ, 2021-22 में ओआर 107.39 प्रतिशत के बजाय 109.36 प्रतिशत होगा। इस प्रकार रेलवे द्वारा दिखाया गया 107.39 प्रतिशत का ओआर रेलवे के वास्तविक वित्तीय प्रदर्शन को नहीं दर्शाता है। लेखापरीक्षा विश्लेषण से यह भी पता चला कि छह जोनल रेलवे - पूर्वी तट, उत्तर मध्य, दक्षिण मध्य, दक्षिण पूर्वी, दक्षिण पूर्व मध्य और पश्चिम मध्य रेलवे का परिचालन अनुपात 100 प्रतिशत से कम था, इसमें पूर्वी तट का परिचालन अनुपात 54.58 प्रतिशत पर सर्वोत्तम था।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित जाता है कि शादी के पूर्व मेरा नाम संगीता (SANGITA) था शादी के बाद मेरा नाम संगीता लोखंडे (SANGEETA LOKHANDE ) हो गया है। अत: आज दिनांक से मुझे मेरे नये नाम संगीता लोखंडे (SANGEETA LOKHANDE ) के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पूर्व नाम
संगीता
(SANGITA)
वर्तमान नाम
संगीता लोखंडे
(SANGEETA LOKHANDE )

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 72
दिनांक 10/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री ऋषि शुक्ला, पिता- श्री राजकुमार शुक्ला के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसामुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000613657 के पंजीकृत स्वामी श्री अमन कुमार साहू, पिता- श्री भारत कुमार साहू, के नाम से दर्ज कृष्णा टाउन/पलक बिहार प्लाट नं. 08 व 09 का दर्ज प्लाट रकवा 1687 व.फु. उस पर निर्मित तल मंजिल 1312 व.फु. व प्रथम मंजिल 1312 व.फु., जिसका मौजा महाराजपुर खसरा नं. 111 का निगम अभिलेखों में दर्ज संपत्ति अनुसार, विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर रिपोर्ट एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 71
दिनांक 10/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्रीमती संगीता उपाध्याय, पति- श्री वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं श्री वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय, पिता- श्री के.के.उपाध्याय के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसामुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000623470 के पंजीकृत स्वामी श्री अमन कुमार साहू, पिता- श्री भारत कुमार साहू, के नाम से दर्ज पलक विहार प्लाट नं. 80 का दर्ज निर्मित तल मंजिल 476 व.फु. व प्रथम मंजिल 476 व.फु., जिसका मौजा महाराजपुर खसरा नं. 111 प्लाट रकवा 625 व.फु. व उस पर निर्मित निगम अभिलेख में दर्ज अनुसार., विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 10/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री संजय कुमार, संजय कुमार पिता राजेन्द्र प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 1057/18 वी कृष्णा होम्स कालोनी बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000388638, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 950 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 570 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 570 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संतोष कुमार श्रीवास पिता स्व. श्री पुरूषोत्तम लाल श्रीवास का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 10/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कैलाश कुर्मी पिता स्व. श्री वंशगोपाल कुर्मी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 2314 ध-1 भोंगाद्वार सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000387027, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 564 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजाराम झारिया पिता कुंवर लाल झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 10/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दुर्गा मिश्रा पत्नी स्व. श्री अरूण कुमार मित्रा ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक बी/16 एसएफ हाउसिंग बोर्ड कालोनी कांचघर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002505838-जलकर, 1000448169-सम्पत्तिकर पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. द्वितीय तल 365 व.फु. आरसीसी 300 व.फु. पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री अरूण कुमार मित्रा पिता स्व. श्री अभय चन्द मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 08/07/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालिनी सिंह पत्नी श्री बलराम सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्र. द्वितीय फ्लेट नं.-202 ब्लाक बी अरिहं होम्स अपार्टमेन्ट तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000375150 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. द्वितीय तल 700 व.फु. आरसीसी व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती किरन खरे पति श्री अनूप खरे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 09/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कीर्तिमाला धोटे पिता श्रीराम धोटे ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्र. फ्लेट नं.-583 फैस-2 पार्ट-1 चेतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004346630 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. आरसीसी व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री धीरेन्द्र सिंह पिता रामदुलार सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 10/08/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रोजलीन पत्नी श्री वरूण कुमार पटैल ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1779/एफएफ फ्लेट नं.-103 सुप्रीम प्लाजा अपार्ट. सिविल लाइन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399227 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित प्रथम तल 750 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सचिन कुमार बाजपेई पिता श्री कमलेश कुमार बाजपेई का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर

### इश्तहार

रा.प्र.क्रं/0571/अ-6/2023-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दौलतराम पिता स्व श्री ठाकुर दास केसवानी निवासी पप्पू निवास शांतिनगर दमोहनाका जबलपुर द्वारा नजूल ब्लाक नंबर 32 प्लाट नंबर 94, 96 / 5 रकवा 600 वर्गफुट भूमि पर वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 27/09/2018 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेखों में स्वयं का नाम दर्ज कराने वसीयतनामा एवं फार्म पी। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 24/08/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ..... को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक-08/08/2023
पेशी दिनांक-24/08/2023

नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2691506N, RANK - HAV, NAME-NOPA RAM, UNIT- 4 GRENADIERS निवासी VILLAGE- CHANGOI, POST- CHANGOI, TEH- TARANAGAR, DISTT- CHURU, STATE- RAJ, PIN- 331304 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम KUMARI SUMAN दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम SUMAN है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम SUMAN को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- KUMARI SUMAN
सही नाम- SUMAN

देशबन्धु
जबलपुर, शुक्रवार 11 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कैसे बचेगा लोकतंत्र

क्या मोदी सरकार के लिए लोकतंत्र, संविधान की व्यवस्थाओं, सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की कोई अहमियत नहीं है। क्या मोदी सरकार हर उस फैसले को बदलेगी या पलटेगी, जिससे उसकी सत्ता पर कोई आंच आ सकती है। क्या देश पर 50 सालों तक शासन करने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए, सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपनी कठपुतली बनाने में जरा भी नहीं झिझकेगी। ये सारे सवाल दरअसल मानसून सत्र के दौरान आई एक खबर की उपज हैं। वैसे तो इस बार का मानसून सत्र मणिपुर मुद्दे पर हंगामे, राहुल गांधी की संसद में वापसी और सबसे अधिक मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के कारण खबरों में रहा है। लेकिन इन खबरों के शोर में कई जरूरी विधेयक सरकार ने आनन-फानन में पारित करवा लिए, इसकी खबर ही नहीं हुई। अब खबर आई है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय का उल्लंघन करते हुए मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण कब्जे की तैयारी में है। दरअसल 2024 के चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की शक्ति अपने हाथ में लेने के लिए, सरकार नया विधेयक ला रही है। प्रस्तावित विधेयक में मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के पैनल से मुख्य न्यायाधीश का नाम हटाया गया है। विधेयक में तीन सदस्यीय पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सरकार के एक मनोनीत मंत्री हैं, मतलब साफ है कि मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति का संतुलन पूरी तरह अपने पक्ष में करना चाहती है। जबकि इससे पहले शीर्ष अदालत ने मार्च 2023 में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानक तब तक लागू रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद द्वारा कानून नहीं बनाया जाता। लेकिन सरकार के इस ताजा कदम से यही अंदेशा होता है कि अब चुनाव आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्था को मोदी सरकार अपने इशारों पर चलाने की बदनीयत रखती है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप मोदी सरकार पर सैकड़ों बार लगे। सरकार के पास इन्हें नकारने के लिए कोई संतोषजनक जवाब हैं भी नहीं। वैसे भी मोदी सरकार में जवाबदेही की परंपरा खत्म हो चुकी है। यहां सवाल के बदले या तो आरोप लगाए जाते हैं या फिर पुरानी बातों को उखाड़ कर नए सिरे से पेश किया जाता है। मणिपुर की गंभीर समस्या पर देश देख रहा है कि किस तरह सरकार जवाब देने में आनाकानी करती रही, प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने से बचते रहे तो मजबूरन इंडिया को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हुई और प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को संसद पहुंचे। उन्हें गुमान है कि बहुमत के कारण उनकी सरकार का कोई बिगाड़ नहीं हो सकता। लेकिन जिस पद पर वे बैठे हैं, वहां उन्हें बिगाड़ से ज्यादा ईमान की फिक्र करना चाहिए। प्रधानमंत्री से पहले उनकी सरकार के बाकी मंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर जो कुछ कहते रहे, उसमें मणिपुर की बात कम और अपनी सरकार की, प्रधानमंत्री की वाहवाही अधिक थी। क्या इस देश के लोगों ने भाजपा को बहुमत इसलिए दिया था कि वह देश में शांति और स्थिरता की बात छोड़कर अपनी तारीफें करती रहे। क्या भाजपा को या नरेन्द्र मोदी को अपने कामों पर इतना भरोसा नहीं है कि तारीफ का जिम्मा वो जनता पर छोड़ दें। 2014 के बाद 2019 में भी जनता को लगा कि भाजपा ही देश के लिए ठीक है, प्रधानमंत्री की कुर्सी पर फिर से नरेन्द्र मोदी को ही बैठना चाहिए तो उसने फिर से भाजपा के पक्ष में वोट किया। अब 2024 की बारी है। लेकिन अब शायद नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विश्वास डगमगाने लगा है। इसलिए प्रधानमंत्री संसद में आने से कतराते रहे, विपक्ष के सवालों का सामना करने से बचते रहे। और अब ऐसा विधेयक लाने जा रहे हैं, जिससे निष्पक्ष चुनाव की संभावनाएं ही खत्म हो जाएंगी।

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पारदर्शिता और निष्पक्षता रहे, इसलिए शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के अलावा भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम को समिति में रखना तय किया था। इससे चयन प्रक्रिया में जरूरी संतुलन बना रहता। मगर अब तो यह फैसला एकतरफा ही रहेगा। अगर विधेयक कानून बन गया तो नेता प्रतिपक्ष समिति में अकेला पड़ जाएगा, क्योंकि प्रधानमंत्री के साथ उनकी कैबिनेट का कोई मंत्री समिति में शामिल होगा। इस तरह नेता प्रतिपक्ष के फैसले का कोई महत्व ही नहीं रहेगा। यूं भी अब पंच परमेश्वर वाला जमाना तो रहा नहीं, जहां फैसला करने की आसंदी पर बैठे इंसान से पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जाए। केबिनेट मंत्री हर हाल में प्रधानमंत्री की राय के साथ ही जाएगा, नेता प्रतिपक्ष के साथ नहीं। इस विधेयक के जरिए मोदी सरकार ने अपनी मनमानी प्रवृत्ति को खुलकर जाहिर कर दिया है। सरकार के इस रवैये से अब डरने और सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि अब तक लोकतंत्र के नाम पर जो थोड़ी बहुत पर्देदारी थी, वो सब खत्म हो चुकी है। सरकार अपने इरादों को सरेआम प्रकट कर रही है। अब इसके बाद एक ही चीज बची है। सरकार एक ऐसा विधेयक और ले आए, जिसमें केवल चुनाव आयुक्त ही नहीं, भारत के मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष, राज्यों के मुख्यमंत्री सब का चयन सरकार ही करेगी और ये फैसला भी सरकार लेगी कि कौन वोट देगा, कौन नहीं। इसके बाद लोकतंत्र की जननी जैसे जुमलों की जुगाली की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। लोकतंत्र किस चिड़िया का नाम है, ये भी लोग भूल ही जाएंगे।

वैसे भी लोगों की याददाश्त अब कुंद हो चुकी है। 9 साल पहले किए गए वादों का हिसाब जब जनता नहीं ले रही तो लोकतंत्र के बारे में प्रधानमंत्री ने कब, क्या कहा, ये भी क्यों याद रखेगी। वैसे कांग्रेस ने इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया है। के सी वेणुगोपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास है। अरविंद केजरीवाल ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री का संदेश साफ है कि सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश उन्हें पसंद नहीं आएगा, उसे वो संसद में कानून लाकर पलट देंगे। विपक्ष के इन बयानों से जाहिर है कि उसे भाजपा की चालाकी समझ आ रही है। लेकिन सवाल ये है कि इस चालाकी का तोड़ विपक्ष कैसे निकालेगा। अभी 2024 के चुनाव में साल भर का वक्त है। इंडिया के पास तैयारियों के लिए अधिक समय नहीं है। अगर अभी से अपने सारे छोटे मोटे मतभेदों को किनारे कर इंडिया एकजुट होकर चुनाव में खड़ा होगा, तभी लोकतंत्र के बचने की कोई उम्मीद दिखेगी।

# हिंसा की संक्रामक प्रक्रिया को रोकने में हो सकती है डाक्टरों की भूमिका

■ डॉ अरुण मित्रा

देश के कई हिस्सों में हाल की घटनाओं ने भारतीय समाज के समझदार तत्वों की चेतना को झकझोर कर रख दिया है। आज़ादी के समय शिक्षा का स्तर बहुत निम्न था, गरीबी चरम पर थी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मात्र 2.7 लाख करोड़ था वह भी 34 करोड़ की आबादी के लिए, जो दुनिया की कुल जीडीपी का लगभग 3 फीसदी ही था। उस समय भी भारत के लोगों ने धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र पर आधारित संविधान को अपनाने का विकल्प चुना। यह इसके बावजूद था कि विभाजन के समय बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक दंगे हुए थे और दुनिया में अब तक का सबसे बड़ी जनसंख्या विस्थापन हुआ था।

इन घटनाओं ने भी सौहार्द्रपूर्ण समाज के लिए लोगों के निर्णय को नहीं रोका। बीच की कुछ घटनाओं को छोड़ दें तो देश के लोग तब से एक-दूसरे के प्रति बिना किसी नफरत के एक साथ रहते आ रहे हैं। अब, जब हम सभी क्षेत्रों में विकसित हो गये हैं और 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा कर रहे हैं, तो हमारे लोगों का एक वर्ग सांप्रदायिक आधार पर और दूसरों के खिलाफ नफरत से भर गया है और उनके मन में पूर्वाग्रह पैदा हो गया है।

समाज के एक वर्ग द्वारा विकसित की गई यह मानसिकता मानवतावाद की उस अवधारणा के खिलाफ है जिसके लिए भारत हमेशा खड़ा रहा है। जनता को कट्टरता, झूठे प्रचार और मनगढ़ंत इतिहास से बहकाया जा रहा है। जाति, धर्म, जनजाति, और जातीयता के आधार पर दूसरों के प्रति नफरत के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इससे दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा की हानि होती है।

इतिहास में दर्ज है कि भारत के विभाजन के समय सांप्रदायिक दंगों में 25 लाख से अधिक लोग मारे गए थे। वे हिंदू, सिख और मुस्लिम तीनों समुदायों के थे। नफरत अविश्वास को जन्म देती है जो आगे चलकर एक-दूसरे के खिलाफ हिंसा में तब्दील हो जाती है। हमने इसे 1984 में सिख विरोधी तथा 2002 में गुजरात में मुस्लिम विरोधी नरसंहार के दौरान देखा था।

ऐसी ही स्थिति कश्मीर में भी विकसित हुई जब अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों को आतंकवादी खतरे और राज्य सरकार के रवैये के तहत पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसलिए भारत में इस समय जो कुछ हो रहा है, वह कोई नई घटना नहीं है, बल्कि अतीत में ऐसी ताकतें जो करने की कोशिश करती रही हैं, उसका ही एक सिलसिला है। जिन अल्पसंख्यकों को हिंदुओं की बहुसंख्यक 80 फीसदी आबादी के लिए खतरा माना जा रहा है, उनके खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। मुसलमानों के तुष्टिकरण जैसे मिथक लोगों के दिमाग में घर कर गये हैं और यह भी कि वे मशरूम की तरह उगेंगे और चार पत्नियों से शादी करेंगे और जल्द ही हिंदू आबादी से आगे निकल जायेंगे। इस घृणा अभियान में तर्क या सबूत का अभाव है। ये बेतुके विचार इलेक्ट्रॉनिक टीवी मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और कानाफूसी अभियानों के माध्यम से फैलाये जाते हैं। ऐतिहासिक धारावाहिक कहे जाने वाले कई टीवी धारावाहिकों का इस्तेमाल बहुत ही सूक्ष्म तरीके से झूठ और नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है।

सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

ऐसी स्थितियों में महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। स्त्री के शरीर को संघर्षों में एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है। मणिपुर की घटना, जहां महिलाओं को नग्न घुमाया गया और उनके साथ छेड़छाड़ की गई, को घृणा, क्रोध और हमारी सामाजिक व्यवस्था में गंभीर विचलन के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्थिति के प्रति राज्य की पूरी असंवेदनशीलता इस बात पर संदेह पैदा करती है कि क्या इन घटनाओं को राज्य के संरक्षण में किसी गुप्त उद्देश्य के साथ अच्छी तरह से योजनाबद्ध किया गया है। घृणा अभियान अपने आप नहीं रुकते।

अब हरियाणा में साम्प्रदायिक दंगे कराये गये हैं। नफरत फैलाने वाले खुलेआम घूम रहे हैं जबकि पीड़ितों पर अत्याचार किया जा रहा है। यूपी, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही घटनाएं होती रहती हैं। अगर अभी इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इससे गुजरात या मणिपुर के स्तर की बड़े पैमाने पर हिंसा हो सकती है।

जो ताकतें इस तरह के नफरत भरे अभियान चलाती हैं, वे हमेशा यह प्रयास करती रहती हैं कि वे कैसे जनता को अपने पक्ष में कर सकें। 1995 में देशभर में भगवान गणेश की दूध पीती प्रतिमा की घटना बेहद सफल परीक्षण थी। यह संदेश कुछ ही समय में पूरे देश में फैल गया, जबकि उस समय कोई सोशल मीडिया नेटवर्क नहीं था। जब लगा कि पूरा मिथक उजागर हो जायेगा तो यह तुरंत रुक गया। गौरतलब है कि इसके बाद गुजरात में हिंसा हुई थी। यह आश्चर्यजनक है कि महात्मा गांधी की भूमि पर ऐसी अभूतपूर्व हिंसा हुई।

ऐसी स्थितियों पर काबू पाने में डॉक्टर सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। समाज के स्वास्थ्य के संरक्षक के रूप में डॉक्टरों का कर्तव्य है कि वे अपनी बात कहें और उचित निर्णय लें। उन्हें आगे आना होगा और सद्भाव, प्रेम, और भाईचारे का प्रचार करने के लिए सम्पर्क कार्यक्रम बनाने होंगे। ऐसी स्थितियों में पीड़ित लोगों में आत्मविश्वास विकसित करने में डॉक्टर एक बड़ा साधन हो सकते हैं।

विक्टर फेंकल, एक ऑस्ट्रियाई मनोचिकित्सक, जो नरसंहार से बचे थे, ने नाजी एकाग्रता शिविरों में कैदियों को बेहतर भविष्य की आशा कभी नहीं खोने के लिए प्रेरित करने का एक महान काम किया। अपने लगातार प्रयासों से वह हिटलर के युद्ध हारने के बाद कई लोगों को मरने से बचाने और जीवित रहने में सक्षम बनाया था।

हमारी आवाज़ मायने रखती है। लेकिन हमारी चुप्पी पेंचीदा और कर्तव्य के प्रति लापरवाही हो सकती है। नफरत फैलाने वालों की लगातार धमकियों और राज्य की संदिग्ध भूमिका के बावजूद बदलाव आ रहा है। कई वैज्ञानिक जो अब तक शांत थे, मिथकों और अवैज्ञानिक विचारों को चुनौती देने लगे हैं। ताली और थाली बजाने वाले डॉक्टरों को अब एहसास हो गया है कि यह कोविड से छुटकारा पाने का वैज्ञानिक तरीका नहीं था। अंततः हमें 1600 डॉक्टरों की जान की कीमत पर महामारी से लड़ना पड़ा। गौमूत्र या गोबर अभियान का कोई भी अभियान काम नहीं आया।

कई डॉक्टर इस बात को समझते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें बोलने की हिम्मत जुटानी चाहिए। घृणा अभियानों का राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर मुकाबला किया जाना चाहिए। डॉक्टरों को चुप नहीं बैठना है बल्कि देश को इस संकट से बाहर निकालने के उपाय खोजने हैं। डॉक्टर अपने मरीजों के साथ संवाद कर सकते हैं और नरम स्वर में प्यार और करुणा की बात कर सकते हैं जो हमारे पेशे का एक हिस्सा है।

फिर उनसे उनकी भाषा में बात करें। हमें उन ताकतों की पहचान करने से नहीं कतराना चाहिए जो सौहार्द बिगाड़ने पर तुले हुए हैं। हमें यह समझना होगा कि इस तरह की हिंसा एक महामारी स्वास्थ्य समस्या है और इस प्रकार योजना बनायें जैसे हम अन्य बीमारियों के लिए करते हैं। प्राथमिक रोकथाम दृष्टिकोण स्थिति को खराब होने से रोकना है और हिंसा शुरू होने से पहले हिंसा को रोकना है। द्वितीयक रोकथाम जोखिम वाली आबादी और अंतर्निहित जोखिम कारकों को लक्षित करना है।

सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

समय आ गया है कि हम चुप्पी तोड़ें।
गलत के सामने कभी बगलें न झांकें।।

# खाद्य महंगाई के लिए सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां जिम्मेदार



डॉ. लखन चौधरी

अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है।

क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार टमाटर, अदरक सहित तमाम सब्जियों, मसालों, दालों एवं चावल की कीमतों में वृद्धि की वजह से वेज थाली 34 फीसदी महंगी हो चुकी है, जबकि नॉन वेज थाली मात्र 13 फीसदी हुई है। देश में जून, जुलाई महिने के बाद लगातार तीसरे महिने अगस्त में खाद्य महंगाई अपने अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर रिकॉर्ड बना रही है। दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, अदरक अभी भी 200-250 रुपए के पार चल रहे हैं। आटा, दाल, दूध, मसाले सहित रोजमर्रा की तमाम जरूरी खाद्य सामग्रियों की कीमतें भी जुलाई महिने में अपने 'ऑल टाईम हाई' लेबल पर खेल रहीं हैं। आम आदमी बेबस और लाचार है, मगर सरकार मानने को तैयार नहीं है कि देश में महंगाई है? सरकार दावा कर रही है कि देश में थोक महंगाई दर पिछले 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है।

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों की रसोई का सारा खेल बिगाड़ चुका है। गरीबों और मध्यमवर्ग की थाली से टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया की चटनी गायब है। देश की आधी आबादी यानि लगभग 70-72 करोड़ लोग खाद्य महंगाई की चपेट में आ चुके हैं, लेकिन सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में लगातार तीसरे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। जून महीने में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी पर आ गई है। सरकार तर्क दे रही है कि जून में थोक महंगाई की दर में गिरावट मुख्य रूप से मिनरल ऑयल्स, खाने-पीने की चीजें, बेसिक मेटल्स, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस और कपड़ों की कीमतें कम होने के कारण आई है।

सवाल उठता है कि आखिरकार बाजार की वास्तविक महंगाई और महंगाई के सरकारी आंकड़ों को लेकर इस कदर विरोधाभास क्यों है? यदि वास्तविकता में महंगाई दरें सामान्य हैं, तो फिर खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान क्यों छू रहीं हैं? महंगाई को अक्सर आंकड़ों में दिखाने, प्रस्तुत करने, समझने की कोशिश की जाती है। ठीक है कि महंगाई की आंकड़ों की भाषा होती है, लेकिन इसके इतर आम जनजीवन पर महंगाई का व्यापक प्रभाव एवं असर होता है। महंगाई की वजह से आम आदमी के खान-पान, रहन-सहन एवं जीवन स्तर में गुणात्मक गिरावट आ जाती है। महंगाई का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। सामान्य महंगाई यानि मुद्रास्फीति से उत्पादकों को मुनाफा होता है, जिससे निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, लेकिन दीर्घकाल में उपभोक्ताओं पर इसका बुरा या नकारात्मक प्रभाव पढ़ता है। उपभोक्ताओं की वास्तविक आय घट जाती है, और अंततः बाजार में मांग सिकुड़ने लगती है। इसकी वजह से उत्पादक इकाईयां बंद होने लगती हैं। कुल मिलाकर सामान्य से अधिक महंगाई सबके लिए हानिकारक ही होती है।

सरकार के अनुसार जून में खुदरा यानि फुटकर महंगाई 4.81 फीसदी पर पहुंच गई है। मई में यह 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गई थी। सरकार का तर्क है कि जून में सब्जियों की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई बढ़ी है। तेज गर्मी, असमय बारिश जैसी प्राकृतिक घटनाओं ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिससे सब्जियों के दाम बढ़े हैं। चूंकि प्रचलित महंगाई दर के निर्धारण में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है, लिहाजा खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो अगस्त महिने के बाद सामान्य हो जायेगी।

वैसे तो जुलाई के महिने में सब्जियों की कीमतें हमेशा अधिक हो जाती हैं। लेकिन इस बार आलू, प्याज को छोड़कर शेष सब्जियों ने जिस तरह से रिकॉर्ड तोड़ महंगाई पैदा की है, यह विचार-विमर्श का एक गंभीर मसला है। यद्यपि यह महंगाई बहुत कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से है, इसके बावजूद इस कमरतोड़ महंगाई के लिए कहीं न कहीं सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं।

दरअसल इस महंगाई की सबसे बड़ी वजह उत्पादन की कमी है। देश की 142 करोड़ की आबादी के लिए जितनी खाद्य वस्तुओं यानि रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजों की जरूरत है, उस तादाद में देश में उत्पादन नहीं हो रहा है। कई चीजों का यदि उत्पादन है, तो ऊंचीं कीमतों के लालच में बड़े पैमाने पर निर्यात कर दिया जा रहा है। खाद्य महंगाई की सबसे बड़ी वजह मांग-पूर्ति का असंतुलन है। प्राकृतिक कारणों से उत्पादन प्रभावित होने की वजह से आपूर्ति बुरी तरह घटती जा रही है। जिसकी वजह से साल के कुछ महिनों जैसे जून-जुलाई, अक्टूबर-नवम्बर, मार्च-अप्रैल आदि में जलवायु परिवर्तन जैसे कारणों से सब्जियों, फलों, दूध, दाल, तेल आदि रोजमर्रा की जरूरी जिंसों के दाम आसमान छूने लगते हैं।

सरकार को दीर्घकालिक कृषि नीति बनाने की जरूरत है, जिस दिशा में सरकार का ध्यान केवल कागजी खानापूरी तक सीमित है। इसके लिए कृषि को उद्योग का दर्जा देकर कृषि में भारी सरकारी निवेश की दरकार है, जिससे देश की विशाल जनसंख्या के लिए जरूरत के अनुसार उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। फलों, सब्जियों इत्यादि के भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाने की वजह से इन मौसमों में होने वाली जमाखोरी और कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है।

अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है। यानि सरकारी नीतियों की असफलता महंगाई के लिए न सिर्फ जिम्मेदार है, अपितु कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की उदासीनता और कृषि क्षेत्र को लेकर अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां वर्तमान महंगाई की सबसे बड़ी वजह है।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

# युवा ही है विकास की प्रथम और अंतिम सीढ़ी

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस सन् 2000 से विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता रहा है। सन् 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसंबर को इसे मनाने के लिए प्रस्ताव लाया गया था। सन् 2000 में इसे पहली बार आयोजित किया गया। इस बार हम 23 वें अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के आयोजन से जुड़ रहे हैं। इसके आयोजन से पूर्व प्रतिवर्ष एक नई थीम लाई जाती है। पिछली बार 2022 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की थीम-'अंतर पीढ़ीगत एकजुटता, सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना रखी गई थी।' इस वर्ष 2023 में युवा दिवस की थीम - 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर' रखी गई है। युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस की परिपाटी शुरू की। किसी भी राष्ट्र के निर्माण अथवा उसके विकास में सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका उस राष्ट्र के युवाओं की ही हुआ करती है। लोकतंत्र से लेकर अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी तथा चिकित्सा विज्ञान का विकास भी युवाओं के हाथ की लगाम है। वैश्विक मंदी तथा प्रदूषण, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं का समाधान भी युवा पीढ़ी के हाथों में ही है। इसमें कोई संशय नहीं की आज दुनिया का कोई भी देश यदि बीते कल को पीछे छोड़कर एक नई ऊर्जा के साथ अपना वर्तमान जी रहा है तो इसका श्रेय युवा पीढ़ी को ही जाता है। युवा शक्ति को सही दिशा मिल सके तो वह एक इतिहास लिख जाती है। इसके विपरीत गलत मार्गदर्शन संपूर्ण समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध होता है।

किसी भी देश की असली ताकत उस देश के युवाओं के बलिष्ठ कंधों पर ही समाहित होती है। युवा पीढ़ी में ही वह शक्ति होती है जो किसी भी तरह के परिवर्तन कर दिखाती है। मानव सभ्यता को जब-जब अपने अस्तित्व के लिए नई दिशा की जरूरत महसूस हुई तब- तब उसने अपनी युवा पीढ़ी की ओर ही निहारा है। प्रत्येक युवा में दो खास विशेषताएं होती हैं। पहली - उसमें स्फूर्ति की और ऊर्जा का सैलाब होता है। वे कुछ भी कर गुजरने की शक्ति से लबरेज होते हैं। दूसरा- यह कि उन्हें उनके युवा काल में उतनी ठोकरें नहीं मिलती हैं कि वे जल्द ही निराश हो जाएं। तात्पर्य यह कि एक युवा का जीवन उसके मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को ऐसे पराजित कर जाता है मानो वह कोई चुनौती थी ही नहीं। भारत वर्ष के संदर्भ में हर प्रकार के विकास और नवीन तकनीक की रीढ़ की हड्डी युवा वर्ग ही है। हमारे देश की जनसंख्या में बड़ा हिस्सा युवाओं का ही है। यही कारण है कि भारतवर्ष को युवाओं का देश कहा जाता है। हम अपने गुलामी के दिनों के इतिहास को खंगालें तो हमें जानकारी मिलती है कि- हमारी स्वतंत्रता की आधारशिला युवा कंधों पर ही रखी गई थी। शहीद-ए- आजम भगत सिंह से लेकर चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, सुभाषचंद्र बोस ऐसे अनेक नाम हैं, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि भारतवर्ष और भारत मां की ओर उठने वाली विरोधी आंखें नोच ली जाएंगी।

आज के युवा को हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सबक लेने की जरूरत है। उस वक्त के भारतीय युवाओं ने देश को कहां से कहां लाकर खड़ा कर दिया! मुझे फिल्मी गीत की कड़ियां इस संबंध में याद आ रही हैं जो कुछ इस तरह है - 'हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के... इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के ...' आज इस बात की प्रबल जरूरत है कि देश का युवा अपनी जिम्मेदारी समझे! हम यह देख रहे हैं कि 21वीं सदी में हमारे देश का युवा भटका हुआ है! यूरोपीय संस्कृति ने उसे पथभ्रष्ट कर रखा है। आज का युवा देश की तरक्की नहीं बल्कि खुद की तरक्की के सपनों में खोया हुआ है। परमार्थ की जगह स्वार्थ उन पर पूरी तरह राज कर रहा है। जैसा कि इस वर्ष की थीम में कहा गया है- 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर...' इसे पाने के लिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी से जुड़ना होगा। भारत विकासशील देश की श्रेणी में है। उसे विकसित राज्य की श्रेणी युवा कंधों पर टिकी देखी जा रही है। आज के युवा को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में रुचि लेने की जरूरत है। एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का फौलादी जिगर, दृढ़ इच्छाशक्ति, पराक्रम, धैर्य एवं संयम जैसे गुणों से परिपूर्ण होना जरूरी है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# बच्चों को कुपोषण मुक्त बनता आंगनबाड़ी केंद्र

आज़ादी के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा था उनमें बच्चों में कुपोषण की समस्या भी एक थी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों में कुपोषण बहुत ज़्यादा थी। गरीबी और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिसका असर बच्चों में देखने को मिलता था। इस समस्या से निजात पाने के लिए भारत सरकार द्वारा हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया। जहां महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलकर महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। गर्भवती महिलाएं व बच्चों का पंजीकरण और टीकाकरण किया जाता है। आगे चलकर इसमें गांव की किशोरी बालिकाओं के लिए पैड्स भी उपलब्ध करवाई जाने लगी।

आंगनबाड़ी कार्यक्रम को भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को और उनकी मां को कुपोषित होने से बचाने के लिए भारत सरकार व बाल विकास सेवा कार्यक्रम के द्वारा शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत 6 वर्ष की आयु के 8 करोड़ बच्चों को सम्मिलित किया गया है। इस योजना का शुभारंभ केंद्र सरकार द्वारा 1985 में किया गया था। वर्ष 2010 के बाद राज्य सरकारें भी इसमें सहयोग देने लगी हैं। याद रहे कि लगभग 400 से अधिक जनसंख्या वाले स्थान पर एक आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना का प्रावधान है। जनसंख्या के आधार पर किसी ग्राम पंचायत में एक से अधिक आंगनबाड़ी खोला जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका इस केंद्र को संचालित करती हैं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से इसे मूर्तरूप दिया जाता है। जिसे आईसीडीएस कहा जाता है। इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है जिसे मुख्य सेविका कहा जाता है। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कार्य से जुड़े मामलों में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

लेकिन सरकार के सभी प्रयासों के बावजूद देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अपने उद्देश्य और लक्ष्य से पीछे नज़र आता है। जहां जागरूकता की कमी के कारण अभिभावक बच्चों को केंद्र तक नहीं पहुंचाते हैं और इसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान के जिला बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के ढाणी भोपालाराम गांव में देखने को मिला है। जहां माता-पिता अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक भेजने के इच्छुक नज़र नहीं आते हैं। इस केंद्र की आंगनबाड़ी सहायिका नरेश का कहना है कि 'हमें बच्चों के माता-पिता कहते हैं कि हमारे बच्चों को घर से आंगनबाड़ी लेकर आप खुद जाओ, और फिर बाद में उनको घर भी आप ही छोड़कर जाओगे।'

**भावना लूणकरणसर, बीकानेर राजस्थान**

# आजादी की लड़ाई में शहीद हुये सभी योद्धाओं को इतिहास में उचित स्थान मिलना चाहिए



## उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने मानस भवन में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. मोहन यादव शिक्षा विभाग ने कहा कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह सौभाग्य की बात है कि हमारे देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत देश विश्व गुरू बनकर सारी दुनिया का नेतृत्व करेगा। इसी संकल्प के साथ पूरा देश आगे बढ़ रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को मानस भवन जबलपुर में आजादी का अमृत महोत्सव राज्य स्तरीय प्रतियोगितायें, ज्ञात/अज्ञात बलिदानियों की छोटी-बड़ी प्रेरक कहानियों के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर स्वतंत्राता संग्राम सेनानी कोमल चंद जैन, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक विनय सक्सेना, सेवा निवृत्त प्राध्यापक प्रोफेसर सदानंद दामोदर सप्रे, डॉ. जय रोहाणी, डॉ. कपिल देव मिश्र, डॉ. सुनील कुमार बाजपेयी, डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. कैलाश जाटव, डॉ. विश्वास चौहान, डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. संध्या चौबे, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. के एस भाटिया, डॉ. अरूणा, डॉ. सपना चावला, डॉ. किरण सिंह, डॉ. सपना केशरवानी, डॉ. नंदलाल पटेल, डॉ. स्मृति शुक्ला, डॉ. लीना राय, डॉ. तूलिका गौतम, डॉ. वीना भैरम, डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. मंजू बरखाने सहित प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थीं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वतंत्रता सग्राम सेनानी कोमल चंद जैन को पुष्प गुच्छ, शॉल व श्रीफल देकर स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा जनजातीय संस्कृति पर आधारित लोकगीत व लोक नृत्य प्रस्तुत किये गये। मंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने इस अवसर पर स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर पुस्तिका का विमोचन भी किया। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर स्वतंत्रता पर केद्रित प्रदर्शनी लगाई गई थी। मंत्री डॉ.यादव ने आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले सभी वीर योद्धाओं को इतिहास में उचित स्थान मिलना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी 12 अगस्त को प्रदेश की यात्रा पर आएंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को मध्य प्रदेश की यात्रा पर आएगें। वे दोपहर करीब 2.15 बजे सागर पहुंचेंगे। जहां वे संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास स्मारक स्थल पर भूमि पूजन करेंगे। दोपहर करीब 3.15 बजे प्रधानमंत्री धाना में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। जहां वे संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास स्मारक का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 4000 करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क क्षेत्र की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।



प्रमुख संतों व समाज सुधारकों को सम्मानित करनाए प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों की एक विशेष पहचान रही है। उनके विजन से प्रेरित होकर 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 11.25 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इस भव्य स्मारक में संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास के जीवन दर्शन व शिक्षाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावशाली कला संग्रहालय और कला दीर्घा भी होगी। इसमें स्मारक पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भक्त निवास, भोजनालय आदि सुविधाएं भी होंगी। प्रधानमंत्री कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण के पूरा होने को चिन्हित करने वाली परियोजना का लोकार्पण करेंगे। 2475 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से निर्मित यह परियोजना राजस्थान के कोटा, बारां जिले तथा मध्य प्रदेश के गुना, अशोकनगर और सागर जिलों से होकर गुजरती है। अतिरिक्त रेल लाइन बेहतर परिवहन के लिए क्षमता में वृद्धि करेगी।



# स्व. ओंकार महाराज का मनाया 87 वां जन्मदिन

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर्गीय ओमकार प्रसाद तिवारी का 87 वां जन्मदिन दमोहनाका चौराहे पर परिजनों और उनके स्नेहीजनों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर मनाया। इस बीच ओंकार महाराज अमर रहे, के नारों से चौराहा एवं सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो गया। सभी साथियों ने नम एवं अश्रुपूरित आंखों से उनके जन्मदिन पर ओंकार महाराज के अनुकरणीय कार्यो को याद किया। विदित हो भाजपा के पूर्व मंत्री एवं अपराजेय विधायक स्व.ओंकार प्रसाद तिवारी का जन्म 1936 में हुआ था। गुरूवार को सभी स्नेही जन 87वां जन्मदिन मनाने उनकी प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए थे। स्व.ओंकार महाराज के जन्मदिन पर प्रतिमा के समक्ष एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, एडवोकेट शुभम मिश्रा, पुत्र अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी समेत स्नेहीजन महमूद अंसारी, अन्नु शाह, डॉ. बबलू, छोटू बेग, आसिफ रजा कुरैशी, सरफराज पप्पू, मुबीन पहलवान, मनोज गुप्ता, मुकेश पिपरसानियां, बॉबी केसरवानी, असगर भाई, जीवन अहिरवार, मुजीब अंसारी, मुस्तफ़ा अंसारी, मुन्ना इफ्तिखार सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की।

# जिले की 3 लाख 78 हजार 532 लाड़ली बहनों के खाते में पहुंची तीसरी किशत



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा से लाड़ली बहना योजना अंतर्गत बहनों को एक-एक हजार रूपये देने के क्रम में प्रदेश के एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में तीसरी किशत की 1209 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। जिसमें जबलपुर की 3 लाख 78 हजार 532 महिलायें लाभांवित हुई।

लाड़ली बहनों के लिये गुरूवार का दिन उत्सव का दिन था। इस दौरान जिले की हर ग्राम पंचायत में मुख्यामंत्री श्री चौहान द्वारा राशि अंतरित करने के कार्यक्रम को दिखाया गया। साथ ही मुख्यिमंत्री के उद्बोदन को सुना गया।

सिविल लाईन जबलपुर में विधायक अशोक रोहाणी की उपस्थिति में लाड़ली बहनों का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं तिलहरी में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज की अध्यीक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सिहोरा में विधायक नंदिनी मरावी ने कार्यक्रम में सहभागिता कर लाड़ली बहनों से संवाद किया, तो शहपुरा में जनपद अध्यक्ष की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्नन हुआ। जिले के अलग-अलग स्थालनों पर जन प्रतिनिधियों द्वारा लाड़ली बहनों के कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया तथा योजना के फलस्व रूप बहनों के जीवन में आये परिवर्तन का उल्लेंख किया। आंगनवाड़ी केन्द्रों में इस अवसर पर रंगोली सजाई गई, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित कर लाड़ली बहनों की राशि के उपयोग से बहनों के जीवन में आये परिवर्तन के वीडियो भी दिखाये गये।

# शासन प्रशासन की दमन पूर्वक कार्रवाई से कांग्रेस पार्टी में आक्रोश



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा नई शिक्षा नीति, बढ़ती बेरोजगारी, पटवारी भर्ती घोटाला, छात्रसंघ चुनाव एवं परीक्षाओं में हुए घोटाले के विरोध में पूर्व घोषित घेराव प्रदर्शन में पुलिस ने दमनात्मक कार्रवाई करते हुए एनएसयूआई के छात्रों को बर्बरता पूर्वक पीटा, जिसमें एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे सहित सचिन रजक, सागर शुक्ला, अंकित मिश्रा, रघु तिवारी, सक्षम यादव, प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी, आजम कुरैशी, अंकित शुक्ला, अमित सिंह, अदनान सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र घायल हुए। जो अलग-अलग अस्पतालो में इलाजरत है। शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, डॉ. आलोक चंसौरिया, आलोक मिश्रा, बाबू शंकर सोनकर, पार्षद जितेन्द्र ठाकुर, कल्लन गुप्ता, जतिन राज, संजय अहिरवार सहित अनेक कांग्रेस जनों ने अस्पताल जाकर पीड़ित छात्रों से हाल-चाल जाना।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के छात्रों के ऊपर की गई हिटलरी कार्रवाई के विरोध में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा 11 अगस्त शुक्रवार शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के छात्रों के ऊपर की गई बर्बरता पूर्वक कार्रवाई में शामिल दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा ।

शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नु ने युवक कांग्रेस ,एनएसयूआई ,महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल सभी प्रकोष्ठ विभाग सहित सभी कांग्रेस जनों से उपस्थित की अपील की है।

# साइंस प्रश्नोत्तरी में खुशी वर्मा सम्मानित



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के रामपुर में निवासरत खुशी वर्मा जो कि लिटिल वर्ल्ड की 10वीं कक्षा की छात्रा है को सोशल साइंस क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिलने पर स्कूल में प्रशंसा पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया इस प्रतिस्पर्धा में दर्जनों प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर उनको स्नेहीजनों ने खुशी जाहिर कर बधाई दी है। खुशी वर्मा जबलपुर मंडल में मुख्य टिकट निरीक्षक आरके वर्मा की सुपुत्री है।

# रेलवे यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी एवं समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय जबलपुर में मुख्य यात्री प्रबंधक बृजेंद्र कुमार को कमलेश सेन, सदस्य-रेल सलाहकार समिति ने रेलवे यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी से संबंधित समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में प्रमुख रूप से राज्यरानी एक्सप्रेस के समय में बदलाव एवं विदिशा रेलवे स्टेशन के सामने बने पैराफिट को हटाने के साथ-साथ यात्री गाड़ियों के ठहराव एवं साप्ताहिक गाड़ियों को प्रतिदिन चलाने संबंधी मांग पत्र मे समाहित की गई। मुख्य यात्री प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं में यथासंभव अतिशीघ्र बढ़ोतरी करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर गंजबासौदा के मंडल अध्यक्ष एवं समाजसेवी धर्मेंद्र कुशवाहा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# 20 वर्षों के बाद हुई कुएं की सफाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** महात्मा गांधी वार्ड गल्ला बाजार निवाडगंज के प्राचीन कुआं जो कभी आधे वार्ड को पेयजल उपलब्ध कराता था, दूर-दूर गांव से आए किसानों व उनकी गाड़ी के बैलों को पीने के पानी की व्यवस्था देता था। बाजार के हम्मालों मजदूरों को पानी की आवश्यकता अनुसार स्वच्छ जल का स्रोत था जबसे बोरिंग की व्यवस्था हो गई, कुआं का उपयोग कम हो गया और उसका पानी गंदा होता गया। लोगों ने पूजन सामग्री के विसर्जन से उसे प्रदूषित कर दिया, क्षेत्र के नागरिकों ने वार्ड पार्षद हर्षित यादव से कुआं की सफाई की मांग की और बताया कि यह कुआं बहुत ही उपयोगी रहा है जिसकी सफाई 20 वर्षों से नहीं की गई, पार्षद हर्षित यादव ने गंभीरता से लेते हुए कुआँ की सफाई कराई, जो लगातार 3 दिन से चल रही है । क्षेत्रीय नागरिकों व्यापारियों ने पार्षद को धन्यवाद देते हुए हैंडपंप या समर्सियल पंप लगाने की मांग करते हुए कुआं को जीवित रखना की बात की, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके, और प्राचीन कुआं का संरक्षण किया जा सके।

# 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा : सीईओ



**जबलपुर, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर पिछले वर्ष की तरह संस्कारधानी के हर घर में तिरंगा झंडा फहराया गया था। इस पुनीत कार्यक्रम में शहर की सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के अलावा किन्नर समाज ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। जिसका परिणाम यह रहा कि जबलपुर जिले के हर घरों में तिरंगा बड़ी धूमधाम से फहराया गया था।

इस बार भी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक नागरिकों द्वारा अपने घरों पर झण्डा संहिता का पालन करते हुये राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सकेगा।

बैठक में जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में नागरिकों को ध्वज उपलब्ध कराने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। ध्वज सशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। नागरिक पिछले वर्ष चलाये गये हर-घर तिरंगा अभियान के सम्भालकर रखे ध्वज को भी अपने घर पर लगा सकेंगे। लेकिन वे साफ-सुथरे और सही स्थिति में होने चाहिये।

जिला पंचायत की सीईओ ने बैठक में हर घर तिरंगा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिये। सीईओ ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी उन्हें दिये गये लक्ष्य के मुताबिक राष्ट्रीय ध्वज 11 अगस्त की शाम तक नियम स्थान से प्राप्त कर लें और लोगों में वितरित करें। उन्होनें बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर भी वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए भारतीय डाक विभाग ने भी डाकघरों में लोगों को राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। नागरिक निर्धारित शुल्क चुकाकर समीप के डाकघर से राष्ट्रीय ध्वज प्राप्त कर सकेंगे।



# केन्द्रीय जेल जबलपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र के तारतम्य में कलेक्टर सौरभ सुमन के आदेशानुसार नशामुक्त भारत अभियान की जिला समति के समन्वयक अधिकारी हेमन्त सोलंकी के द्वारा जेल अधिक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में जेल में निरूद्ध बंदियों एवं नशा पीड़ित बंदियों के लिए नुक्कड़ नाटक के द्वारा बंदियों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया। जिसमें बंदियों द्वारा लघु नाटिका व नशा मुक्ति गीत की प्रस्तुती दी गई। साथ ही इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के एक्जीक्यूटिव मेंबर सुनील गर्ग के द्वारा सभी उपस्थित बंदियों को नशा मुक्त रहने के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ. एन. के. सरकार, उप जेल अधीक्षक, राकेश मोहन उपाध्याय, रूपाली मिश्रा, मनोवैज्ञानिक परामर्श दाता तेजसिंह ठाकुर, नितेश लखेरा एवं उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश के द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया।

# विधायक कप कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण द्वारा पूर्व विधानसभा क्षेत्र में पुरूष एवं महिला कुश्ती आयोजित की गई हैं। जिसमें 11,12,13 अगस्त 2023 को दोपहर 3.30 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक सामुदायिक भवन रामलीला मैदान बाई का बगीचा घमापुर में विधायक लखन घनघोरिया की उपस्थिति में आयोजित होगा। पूर्व से ही पहलवानों का शहर माना जाता हैं, तथा हन्नू पहलवान, भगवत दुबे तथा भगवानदास यादव जैसे शहर के पहलवानों ने देश के अन्दर ख्यति प्राप्त की तथा कुश्ती कला से शहर वासियों का अत्याधिक प्रेम होने के कारण पूरे मध्यप्रदेश में सिर्फ जबलपुर में अत्यधिक अखाड़े हैं। इसी कला को जीवित एवं प्रोत्साहित करने के लिये विधायक कप कुश्ती प्रतियोगिता का पूर्व विधानसभा में आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता का द्वितीय वर्ष हैं, भाग लेने वाले सभी पुरूष एवं महिला प्रतियोगी पहलवानों का वजन प्रतियोगिता स्थल पर ही प्रात: 9.00 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिया जायेगा तथा चयनित सभी पुरूष एवं महिला प्रतियोगियों को अपना मूल जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। वहीं शहर के बाहर से आने वाले पहलवानों के लिए आवास की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पूर्व क्षेत्रीय विधायक लखन घनघोरिया के द्वारा जबलपुर के समस्त अखाड़ा के उस्ताद एवं खलीफा का भी पगड़ी बंधन एवं फूलमाला से उनका स्वागत किया जायेगा, जिन्होंने जबलपुर में कुश्ती कला को नये आयाम दिये थे। वहीं प्रतियोगिता में विजय पहलवानों को प्रतिदिन कुश्ती के पश्चात् प्रतियोगिता स्थल पर ही विधायक द्वारा पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। हर वजन वर्ग के साथ-साथ विधायक कप श्रेष्ठ वजन के पहलवानों को कप के साथ नगद राशि प्रदान की जायेगी।

# शहर की सड़कों में कहीं दिखाई न दें गड्ढ़े : महापौर

## पार्षद और अन्य मदों के अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो में तेजी लाने दिये निर्देश



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा वर्षा जल निकासी व्यवस्था को सुव्यवस्थित कराने के लिये गुरूवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लोककर्म विभाग के कार्यो की समीक्षा की और प्रचलित एवं प्रस्तावित विकास कार्यो की प्रगति संबंधी सूची तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में महापौर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि नागरिकों को आवागमन करने में कोई कठिनाई न हो, इस बात को बहुत अधिक प्राथमिकता देते हुए शहर के सभी सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त रखें। बैठक के दौरान महापौर ने एक-एक बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए बताया कि शहर में पूर्व में स्वीकृत हुई बड़ी एवं छोटी सड़को नाले-नालियों के कार्य जो शुरू हो चुके हैं या शुरू होना हैं साथ ही चालू कार्य बीच में रोक दिये गये हैं। ऐसे समस्त कार्यों की जानकारी प्रदाय करें। उन्होंने पार्षद मद के साथ अन्य मदों के अंतर्गत शहर में संचालित अद्योसंरचना एवं विकास के कार्यो में तेजी लाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।




समीक्षा बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने रेल्वे अंडर ब्रिज के पास सकरे नाले को चौड़ा करने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये रेल्वे प्रशासन से समन्वय बनाने के लिए लोककर्म विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है, साथ ही यह भी निर्देश दिये हैं कि यह कार्य शीघ्र कराया जाये ताकि वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुगम हो और जल प्लावन की स्थिति न बन पाए। महापौर ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर में नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि करने की दिशा में भी सभी कार्यवाही सुनिश्चित करें। नागरिकों को किसी प्रकार की कोई मूलभूत सुविधाएँ संबंधी असुविधा न हो और उन्हें सभी सुविधाएँ बेहतर ढंग से उपलब्ध हो इस बात का ध्यान सभी अधिकारी प्राथमिकता में रखें।

**नागरिकों से फीडबैक देने महापौर एवं निगमायुक्त ने की अपील-** नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए निगम द्वारा नागरिक फीडबैक बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाई गयी है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गयी है कि अधिक से अधिक संख्या में शहर की स्वच्छता में परिलक्षित सुधार पर अपना साकारात्मक अभिमत दें। महापौर ने कहा कि नागरिक अपने मोबाइल से Sbm Urban Feedback सर्च करने पर लिंक खोले व सर्वे में अंत में लपना नम्बर डालें जिसे भरकर ओटीपी डालकर सबमिट कर दें। नगर निगम द्वारा प्रमुख सभी स्थानों एवं मोहल्लों में फीडबैक के लिये टीम तैनात की गयी है।


## हरिहरेश्वर महादेव के पावन अभिषेक के साथ मां बगलामुखी का लक्षार्चन - ब्र. चैतन्यानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पुरुषोत्तम मास के पुनीत पर्व हरिहरेश्वर महादेव के अभिषेक के पावन प्रसंग के साथ साथ पराम्बा भगवती बगलामुखी की कृपा प्राप्त करने के लिए लोक कल्याण भावना से बाधित होकर भगवती बगलामुखी का सवालाख (1,25,000) किसमिस से अर्चन किया जा रहा है। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि बगलामुखी उपासना करने से साधना करने से अर्चन करने से लोगों के बिगड़े हुए कम स्वत: बन जाते हैं तथा राजकीय बाधायें और अनेक प्रकार की विघ्न बाधाये दूर हो जाती है, जो द्राक्षा से अर्चन करता है अर्चन और पूजा का दर्शन करता है उसके सारे के सारे शत्रुओं का नाश कर देती है।

पूरुषोत्तम सावन के पुनीत अवसर पर आप सभी लोगों को बगलामुखी इस पूजन में भाग ले कर अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए तथा अजातशत्रु का नाशकर अपने जीवन को सुखमय बनाएं आज के शुभार्चन में भारत सिंह यादव डॉ. सुधांशु गुप्ता, मनीष पांडे, नीता पटेल, पदमा मेनन, गोविंद साहू, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

## श्रृध्दा भक्ति से ही मिलती है शिव कृपा- अशोकानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** सांसारिक जीवन में आनंद और उल्लास के लिए निरंतर प्रयास हर जीव करता है, लेकिन प्रारब्धवश दु:ख और कष्ट समय समय पर वेदना देते हैं। प्रारब्ध कर्मों के निवारणार्थ शिव शक्ति की उपासना करनी चाहिए। देव-दनुज मनुष्य सभी शिव आराधना करने से धन-धान्य प्राप्त करता है। उक्त उद्गार स्वामी अशोकानंद महाराज ने हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में व्यासपीठ से श्रीशिव महापुराण के व्दितीय दिवस कहे। पं वेदांत शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से शिव महापुराण की कथाओं का श्रवण करायेगे। महाराज के सानिध्य में वैदिक आचार्यो के व्दारा वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है, देव आवाहन, नवग्रह, षोणश मातृका कलश स्थापना धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में पूजन अर्चन पंडित वेदांत शर्मा, पुष्पराज तिवारी, वेदप्रकाश शर्मा, विजय पंजवानी, पप्पू लालवानी, रमेश मंगतानी, उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी सहित भाक्तिधाम सेवा समिति ने की ।

## शिव महापुराण के आयोजन में धूमधाम से हुआ शिव-पार्वती विवाह



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीमती मीना अग्रवाल के निवास स्थान पर शिव महापुराण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिव महापुराण के कथा प्रसंगों की रोचक और धार्मिक पारंपरिक ढंग से प्रस्तुति की जा रही है। इस क्रम में शिव-पार्वती का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में भक्तजनों ने धर्मलाभ लिया।

## श्री गुप्तेश्वर महादेव का त्रिदेव श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग, स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान गुप्तेश्वर महादेव को गुरूवार को संध्या आरती में त्रिदेव श्रृंगार किया गया। गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास महाराज के सानिध्य में त्रिदेव श्रृंगार किया गया। महादेव सभी विधाओं के अधिष्ठाता देवता हैं। तंत्रिका तंत्र में भगवान शिव ब्रम्हा विष्णु महेश का ओंकार स्वरूप है। पूजन अर्चन आरती में गुप्तेश्वर ट्रस्टी रमेश मिश्रा, बसंत मिश्रा, डॉ. सन्तोष रजनीश गुलाटी, पंकज पाण्डेय, शैलेन्द्र राठौर, डॉ.मरकाम, कमलेश अग्रवाल, राजेंद्र त्रिपाठी, अनिल चानवानी, सुधीर बुधरानी, कमलेश, पं.सुनील तिवारी, पं. छबिलाल, संजय नेमा, पूरन नामदेव, सत्यम गौतम, संगीता सिंह परिहार, दीदी वन्दना आनन्द, मुन्ना पांडे, एकलव्य ठाकुर, सार्थक परिहार, सत्यम मिश्रा, रघुवीर भंडारी, लोकेश गुप्ता, विवेक, दीपक, अतुल, अश्विन, पं.अनुज, आशीष, रौनक, ईशान मीन सिंह, मोहित, अनुराग, दुर्गेश वेंकटेश, कौस्तुम, डॉ. राम उपाध्याय, कनक शिखा सुरभि जयसवाल, राखी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# देश पर मर-मिटने की कसम

### कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट में कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय सेना का हिस्सा बनने उत्साह सैनिकों में नजर आया। 31 हफ्तों के कठिन परिश्रम और प्रशिक्षण के बाद सेना की वर्दी का गुरुर मिला। पासिंग आउट के दौरान जहां अग्निवीरों ने अनुशासन की मिसाल कायम की, वहीं कसम परेड में देश पर मट मिटने की कसम भी खाई। कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट में अग्निवीरों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण समारोह पूरा हुआ।

**173 अग्निवीर हुए प्रशिक्षित-** समारोह में सेना के विभिन्न आर्म्स एंड सर्विसेस के 173 अग्निवीरों का प्रशिक्षण पूरा हुआ। प्रशिक्षण में सैनिकों को बौद्धिक, नैतिक प्रशिक्षण के साथ शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के उपसमादेशक एवं प्रधान अनुदेशक ब्रिगेडियर जीएम अत्री ने चयनित को पुरस्कृत किया।

### आजादी का अमृत महोत्सव

## गुमनाम रह गए दुर्गाबाई और अर्जुन सिंह जैसे क्रांतिकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुमनाम बलिदानियों की प्रेरक कहानियों ने देशभक्ति की ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान कोलकाता की दुर्गाबाई देशमुख और पंजाब के अर्जुन सिंह जैसे गुमनाम क्रांतिकारियों की कहानियों ने युवाओं को प्रेरित किया। गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की बेला में राज्य स्तर पर प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने ज्ञात-अज्ञात बलिदानों की बड़ी एवं छोटी प्रेरक कहानियों का रोमांच जगाया। प्रतियोगिता में 36 प्रतिभागी शामिल हुए।

**पुरस्कार बने प्रेरणास्त्रोत-** कार्यक्रम के दूसरे चरण में मानस भवन में शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य समापन समारोह हुआ। उन्होंने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत 74 सप्ताह तक देशभर में आयोजन हुए। इसमें गुमनाम क्रांतिकारियों के किस्से कहानियों पर काम किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, डॉ. विनीता कौर सलूजा, डॉ. आर मिश्रा, डॉ. संतोष जाटव, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक विनय सक्सेना मौजूद थे।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा मंच-** समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लाजवाब रहीं। जनजातीय नायकों के समर्पित नृत्य खास रहा। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. सुनील वाजपेयी, डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. माला प्यासी, डॉ. इला घोष, डॉ. निशा तिवारी, डॉ. किरण कला जैन, मधुमिता भट्टाचार्य मौजूद रहीं।

## आनंद डोह 15 अगस्त को शाम 6.30 बजे शहीद स्मारक में

**जबलपुर, देशबन्धु।** जगद्गुरु संत शिरोमणि श्री तुकाराम महाराज और उनके अभंग मराठी जनमानस के हृदय में गहरे जमे है। वेदांत का मर्म सहज सरल बोली भाषा में अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाया और भक्ति रस की धारा बहाते हुए वैष्णव धर्म का परचम फहराते हुए वारकरी संप्रदाय अस्तित्व में आया। ऐसे संत श्रेष्ठ तुकाराम के कार्य तथा जीवन चरित्र के अनछुए पहलुओं साक्षात अपनी आंखों से देखने का मौका जबलपुर वासियों के लिए मराठी भाषा संवर्धन निमित्त, महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर, म.प्र.मराठी साहित्य संघ भोपाल और शहीद स्मारक ट्रस्ट सांकेतिक प्रकोष्ठ जबलपुर, आनंद डोह निर्माता, पटकथा, दिग्दर्शन एवं अभिनय योगेश सोमण, प्रसिद्ध नाटक कार, लेखक, दिग्दर्शक और सिनेमा कलाकार 15 अगस्त संध्या 6.30 बजे सेठ गोविंददास रंगमंच शहिद स्मारक जबलपुर के नाट्य एवम धर्मप्राण जनता के लिए अभूतपूर्व पेशकश है। सभी कलावंतो से उपस्थित होकर आजादी के अमृत महोत्सव पर आनंद लेने का आग्रह है।




## केसरिया परिधान में मनाया सावन उत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** केसरिया रंग परिधान पहनकर महिलाओं ने सावन उत्सव मनाया। शिव-गौरा की तरह नृत्य करते हुए महिलाओं ने समां बांधा। गोल्डन गहोई विमन क्लब के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस और सावन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में थीम के अकॉर्डिंग गेम्स और एंटरटेनिंग एक्टिविटीज हुईं। इस मौके पर कमलेश मसुरहा, रश्मि पहारिया, सुधा कटारे, अंजू इंदुरख्या, अंजू सोनी, रजनी रावत, प्रीति, रितु, शिप्रा, स्मृति मौजूद रहीं।

## वोकल फॉर लोकल का संदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के मौके पर वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वनएमपी सिग्नल कम्पनी एनसीसी के कैडेट्स ने वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, कैप्टन डॉ. जीआरके साहू, डॉ. सुमन प्रभाकर, नितिन, मानसी शुक्ला मौजूद रहीं।



## परसाई ने बनाया शहर को व्यंग्य की मातृभूमि

**जबलपुर, देशबन्धु।** परसाई का लिखा हुआ हर शब्द सृजनात्मक साहित्य है। चाहे वह लेख हो, कहानी हो, संस्मरण हो, या पत्र हो। व्यंग्य बचकर लिखने की कला नहीं है, क्योंकि व्यंग्य अपने आप में आलोचना है। परसाई के अथक प्रयासों के कारण ही शहर व्यंग्य की मातृभूमि बन पाया है। यह बात दिल्ली से आए व्यंग्यकार डॉ. प्रेम जनमेजय ने कही। व्यंग्यम परिवार द्वारा रानी दुर्गावती कलावीथिका में हरिशंकर परसाई जन्मशती समारोह के अंतर्गत व्यंग्य विमर्श कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विषय हरिशंकर परसाई के समग्र पर बात था। कार्यक्रम में रीवा से डॉ. सेवाराम त्रिपाठी, दिल्ली से डॉ. रमेश तिवारी और जबलपुर से राजीव कुमार शुक्ला व्यंग्य पर विचार व्यक्त किए।

**बेईमान बनने की कोशिश, नाकाम रही-** कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि परसाई कहते थे मैंने बेईमान बनने की बहुत कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। व्यंग्य करने में भी बेईमानी नहीं दिखा सका और ईमानदारी ने लेखन किया। कार्यक्रम में हरिशंकर परसाई की रचनाओं पर केन्द्रित विवेचना रंगमण्डल द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी आशुतोष द्विवेदी ने एकल मंचन किया। इस मौके पर संरक्षक डॉ. कुंदन सिंह परिहार, जयप्रकाश पाण्डेय, द्वारका गुप्ता, विजय तिवारी किसलय, बसंत कुमार शर्मा, प्रतुल श्रीवास्तव ,अभिमन्यु जैन, सुरेश मिश्र विचित्र, राकेश सोहम, रमाकांत ताम्रकार, यशोवर्धन पाठक, ओपी सैनी, दिनेश अवस्थी मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 11 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की दशमी। नक्षत्र-रोहणी।**

मेष -दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे।

वृषभ -आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

मिथुन -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा। **क. 140-450**

कर्क -आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह -आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे।

कन्या -नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

तुला -खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे।

वृश्चिक -सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

धनु -आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

मकर -परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें।

कुंभ -आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा।

मीन -आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे। **मा. 139-689**

1,3,6,7,18,39,64,78,88,33,53,40,91

## भजन शिरोमणि पं. शिव प्रसाद शुक्ला शिब्बू दादा स्मृति समारोह 12 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिष्ठित भजन गायक पंडित शिवप्रसाद शुक्ल शिब्बूदादा स्मृति भजनांजलि, पुष्पांजलि एवं अलंकरण समारोह का आयोजन पं. शिब्बू दादा स्मृति समिति के तत्वावधान में 12 अगस्त को सायंकाल 6.30 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया है। समारोह के संयोजक रविशंकर श्रीवास्तव, साधना शुक्ला, राजेश पाठक प्रवीण एवं आलोक पाठक ने बताया कि समारोह के मुख्यअतिथि डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी एवं अध्यक्षता डॉ. राजकुमार सुमित्र करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि एवं डॉ. हरिशंकर दुबे विशिष्ठ अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रतिष्टित कलाकारों द्वारा शिब्बूदादा के भजनों का प्रस्तितिकरण किया जाएगा। आयोजन समिति से नीता तिवारी, अर्चना तिवारी, शानू दुबे, सीमा दुबे, मेजर संजीव तिवारी ने उपस्थिति का आग्रह किया है।





## वीयू में अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. सीता प्रासाद तिवारी के मुख्य आतिथ्य में अखिल भारतीय समन्वित कुक्कुट अनुसंधान परियोजना कुक्कुट विज्ञान विभाग अधारताल में गुरूवार को अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षण संयोजक डॉ. वैशाली खरे, सह. प्राध्यापक ने मुर्गी पालन में कैसे आय में वृद्धि की जा सकती है। इससे सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही डॉ. अनिल शिंदे ने मुर्गी पालन में मुर्गियों का रखरखाव एवं बीमारियों से बचाव की जानकारीयां भी प्रशिक्षणार्थियों को दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 प्रशिक्षणार्थी भाग लिए। जिसमें से 6 पुरूष तथा 14 महिलाएं शामिल हुई। मुर्गी पालन से संबंधित पुस्तिका का भी विमोचन माननीय कुलपति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संचालक विस्तार शिक्षण डॉ. जी.पी. लखानी, संचालक शिक्षण डॉ. सुनील नायक, संचालक पशुधन प्रक्षेत्र डॉ. अकलंक जैन एवं वि.वि. के अधिकारी डॉ. कारमोरे एवं डॉ. त्रिपाठी उपस्थित थे। वहीं प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण उपरान्त 5 मुर्गे एवं 15 मुर्गियां वितरित की गई ।

## शासकीय आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय (डी.पी. आई)के 25/11/22 के पत्र क्रमांक /2022-23/2663 में प्रदेश के सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारीयों एवं समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया गया था कि शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य ना कराये जायें।

यदि ये कार्य कहीं पर हो रहा है तो शिक्षकों को पूर्णकालिक रूप से गैर शिक्षकीय कार्य में संलग्न करने सम्बन्धी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने को कहा था (म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल पत्र क्रमांक /1210/1186/2018/20-2 दिनांक 20.09.2019 के संदर्भ में निर्देशित दिए थे)

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि म. प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, बल्लभ भवन -3, भोपाल के पत्र क्रमांक /210/1186/2018/20-2 भोपाल दिनांक 23/09/2019 में सभी जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त, नगर निगम एवं आयुक्त, लोक शिक्षण तथा समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य सभी वरिष्ठ सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिक्षकों को पूर्णकालिक रूप से अन्य कार्यों में लगाए जाने की स्थिति में वेतन आहरण पर रोक लगाया जाना है।

दिलीप सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि इस सबके बावजूद यदि अपरिहार्य कारणों से कुछ शिक्षकों को बी. एल. ओ.ड्यूटी में लगाना आवश्यक हो तो यह सुनिश्चित किया जाये कि यह कार्य उस गाँव/बसाहट से ही सम्बंधित शिक्षक को दिया जाना चाहिए। जिन शिक्षकों की बी. एल. ओ. में ड्यूटी लगाई गयी हैँ वे रहते किसी वार्ड में हैँ, स्कूल जहां उनकी पदस्थापना हैँ वो अलग वार्ड में हैं और बी. एल.ओ. की ड्यूटी अलग वार्ड में हैँ जो शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय हैँ और शासन के आदेश की खुलेआम अवहेलना हैं।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती राजकुमारी तनेजा-** पुरूषार्थी कॉलोनी आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री इन्द्रनाथ तनेजा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी तनेजा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धनोवा जायसवाल-** कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री धनोवा जायसवाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनुसुईया बाई रजक-** गलगला चौक निवासी श्री बाबू लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती अनुसुईया बाई रजक (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई ठाकुर-** लाला चौक त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री राम रूप ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री ए. मयंक राव-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री ए. वैंकट राव के पुत्र श्री ए. मयंक राव (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई -** कृष्णा कॉलोनी भोंगाद्वार कजरवारा निवासी श्री रामजी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित कुमार साहू-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री सुरेश कुमार साहू के पुत्र श्री अमित कुमार साहू (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री मुन्ना लाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पैसुन बाई -** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री बुधराज सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती पैसुन बाई (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनुराग ओझा-** एसएएफ पुलिस क्वाटर्स रांझी निवासी श्री अनुराग ओझा (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निशा सोनकर-** भानतलैया विद्यापीठ स्कूल के पास निवासी श्री अरमान सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती निशा सोनकर (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदो बाई झारिया-** जोगनी नगर रामपुर निवासी श्री गिरधारी लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती चंदो बाई झारिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**अरधन रजक-** वीरन तेली गली दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री कृष्णा रजक के अल्पायु पुत्र अरधन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बीएस परिहार-** राजुल पार्क तिलहरी निवासी श्री बीएस परिहार (103) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कपिल दुबे-** मदनमहल गंगासागर रोड निवासी श्री रमेश दुबे के पुत्र श्री कपिल दुबे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में किया गया।

# महिला और उसकी बेटी के साथ मेडिकल कॉलेज में स्टैंड संचालकों ने की मारपीट



**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर मरीजों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा है। इस बार एक महिला ने मेडिकल कॉलेज के साइकिल स्टैंड संचालक पर ना सिर्फ बदसलूकी करने, बल्कि मारपीट करने के भी संगीन आरोप लगाए हैं।

महिला के साथ मारपीट का मामला गढ़ा थाना पुलिस तक पहुंच गया है। महिला के जबलपुर में रहने वाली अर्चना तिवारी ने बताया कि उनके पति नरेश तिवारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। रात को जब वह बेटी के साथ पति को खाना देने के बाद वापस घर जा रही थी और मेडिकल कॉलेज के बाहर आकर देखा तो उनकी गाड़ी गायब थी। गाड़ी ना मिलने पर वह सीधे साइकिल स्टैंड संचालक के पास पहुंचीं। अपनी गाड़ी की जब जानकारी चाही तो साइकिल स्टैंड पति मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। बुधवार की देर रात जब खाना देखकर वापस घर लौट रही थी, उस दौरान साइकिल स्टैंड संचालकों ने उनके साथ अभद्रता की। संचालक ने महिला और उसकी बेटी के साथ गाली गलौज करते हुए बदसलूकी करना शुरू कर दी। कुछ ही देर में स्टेंड संचालक ने महिला के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को बचाया। स्थानीय निवासी धीर पाकोरिया का कहना है कि महिला को उसकी गाड़ी मौके पर नहीं मिली थी। इसके चलते वह साइकिल स्टैंड संचालक से पूछताछ कर रही थी और यही विवाद की वजह बन गई। महिला के साथ हुई मारपीट के बाद मेडिकल कॉलेज में भारी भीड़ लग गई। इधर विवाद की सूचना के बाद गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों ही पक्षों को समझाइश देने के बाद अब इस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज में आए दिन साइकिल स्टैंड संचालक का मरीज और उनके परिजनों से विवाद होता रहता है। बावजूद इसके मेडिकल प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान कभी भी नहीं दिया।

# वारदात के पहले बदमाश को पुलिस ने पकड़ा, 1 पिस्टल, 1 कारतूस जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत हाथीताल रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक को पिस्टल लिये घूमते पकड़ा है। इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि देर रात क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि टेण्डर 2 ब्रजमोहन नगर निवासी अनुज रैकवार उर्फ तनु अपने हाथ में पिस्टल लेकर लहराते हुये



हाथीताल रेल्वे क्रॉसिंग के पास घूम रहा है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गोरखपुर की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक अपने हाथ में पिस्टल लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनुज रैकवार उर्फ तनु उम्र 19 वर्ष निवासी टेण्डर 2 बृजमोहन नगर रामपुर बताया। जिसके हाथ में ली हुई पिस्टल को कब्जे मे लेकर पिस्टल को चैक करने पर मैगजीन में एक कारतूस लोड मिला। आरोपी के कब्जे से देशी एक पिस्टल एवं एक कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त देशी पिस्टल कहां से और कैसे प्राप्त की के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है।



# रेत उत्खनन कर डम्फर में भरकर ले जाने वाले जेसीबी व डम्फर चालक गिरफ्तार

## जेसीबी मशीन एवं डम्फर चोरी की रेत सहित जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत धोबीघाट शिव मंदिर के पीछे पुलिस ने छापा मारकर अवैध तरीके से रेत उत्खनन कर जेसीबी व डम्फर चालकों को पकड़ा है। तथा उनसे जेसीबी मशीन व डम्फर जप्त कर लिया है। आरोपी अवैध तरीके से रेत की खुदाई कर डम्फर में लोड कर परिवहन कर रहे थे। इस संबंध में सिविल लाईन थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि धोबीघाट शिवमंदिर के पीछे एक पीले रंग की जेसीबी से अवैध तरीके से रेत खोदकर एक नीले रंग के डम्फर में भरकर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी, जहां धोबीघाट शिव मंदिर के पीछे जेसीबी क्रमांक एमपी 20 डीए 0701 से खुदाई करके रेत निकालकर डम्फर क्रमांक एमपी 53 जीए 1558 से भर कर ला रहा था। पुलिस ने जिसे शिव मंदिर के सामने रोककर जेसीबी चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम बल्लू गोटिया उम्र 35 वर्ष निवासी अमखेरा रोड अधारताल, एवं डम्फर चालक ने अपना नाम दशरथ प्रजापति उम्र 65 वर्ष निवासी लालमाटी सिद्धबाबा हनुमान होटल के सामने घमापुर बताया। रेत एवं रॉयल्टी एवं वाहन के दस्तावेज एवं जेसीबी द्वारा उत्खन्न करने की अनुमति के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा कोई कागजात नहीं होना बताते हुये वाहन मालिक प्रशांत यादव निवासी शांतिनगर गोहलपुर के कहने पर अवैध रूप से उत्खनन कर डम्फर में चोरी की रेत भरकर बेचने के लिये ले जाना बताया। पुलिस ने जेसीबी मशीन व डम्फर जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। साथ ही मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

# कोतवाली इलाके में जुआफड़ में पुलिस की दबिश, आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार

## दो जुआरी भागते हुये दुर्घटनाग्रस्त, हाथ पैर में आयी चोटें



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर से जुआफड़ संचालित होने लगे हैं। जिसमें घमापुर, लार्डगंज व बेलबाग थाने में बीते दिनों पुलिस ने जुआरियों को दबोचा था। इसी कड़ी में कोतवाली थाना अंतर्गत वर्मा का बाड़ा मौलाना गली में एक घर में छापा मारकर पुलिस ने कुछ जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा है।

इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि आशीष उसरेठे निवासी वर्मा का बाड़ा मौलाना गली कोतवाली का अपने घर के दूसरे माले पर बने कमरे में अपने साथी प्रदीप भोसले निवासी दीक्षितपुरा, रोहित सोनी निवासी मौलाना गली, लवकेश उर्फ लकी सोनी निवासी दीक्षितपुरा, चक्रेश जैन निवासी पुरानी मछरहाई एवं संजय अग्रवाल निवासी अमखेरा अधारताल के साथ मिलकर जुआ खिला रहा है। पुलिस ने तत्काल मौलाना की गली में दबिश दी। जहां पर आशीष उसरेठे अपने साथियों के साथ जुआ खेलते पाया गया। इसी दौरान प्रदीप भोसले, रोहित सोनी ने बचकर भागने का प्रयास किया एवं स्वत: दुर्घटनावश गिरने के कारण प्रदीप भोसले के सिर, चेहरे, एवं रोहित सोनी को बायें पैर में मोच आयी। जिन्हें पकड़ा गया। पुलिस ने फड़ से ताश के पत्ते एवं 7 हजार 800 रूपये जप्त जप्त कर जुआरियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# नंदन विहार कॉलोनी से लग्जरी कार में शराब की तस्करी करते युवक गिरफ्तार

## 1 लाख रूपये की 11 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद तथा शिफ्ट कार जप्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत नंदन विहार कॉलोनी से लग्जरी कार में शराब तस्करी कर ले जायी जा रही थी। जिससे गोहलपुर थाना पुलिस ने पकड़ लिया। कार से एक लाख रूपये की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

इस संबंध में गोहलपुर थाना प्रभारी विजय तिवारी ने बताया कि गुरूवार को सूचना मिली कि ग्रे कलर की बिना नम्बर की शिफ्ट कार में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब नंदन विहार कॉलोनी में कुछ ही देर में ले जायी जायेगी। जिस पर क्राइम ब्रांच व गोहलपुर पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से नंदन विहार कॉलोनी में घेराबंदी की एवं बिना नम्बर की ग्रे कलर की शिफ्ट कार को नंदन विहार कॉलोनी में रोका। कार चला रहे युवक से पूछताछ करने पर पुलिस को युवक ने अपना नाम राजमोहन बर्मन उर्फ मोहित, उम्र 21 वर्ष निवासी रानीताल के पास प्यारेलाल बाबा की गली थाना लार्डगंज का रहने वाला बताया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो पीछे डिक्की में 11 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें 5 पेटी बैगपाईपर, 3 पेटी 8 पीएम, 2 पेटी रॉयल चैलेंज, 1 पेटी रॉयल स्टेग अंग्रेजी शराब की कीमती लगभग 1 लाख रूपये की लोड मिली। उक्त शराब के सम्बंध में पूछताछ करने पर उजारपुरवा निवासी राहुल पटेल के द्वारा बेचने के लिये देना बताया। पुलिस ने राहुल पटेल के घर पर दबिश दी, जो घर पर नहीं मिला, आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

# फूलनदेवी की जयंती मनाई गई

# गोकलपुर तालाब में चलाया सफाई अभियान



**जबलपुर, देशबन्धु।** निषाद वंशीय मांझी महासभा व फूटाताल मछुआरा समिति ने गोकलपुर तालाब वीरांगना फूलन देवी की जयंती मनाई। इस दौरान गोकलपुर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। सभी ने श्रमदान कर तालाब को साफ व स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर महासभा की जिला अध्यक्ष शिखा केवट ने इस अवसर पर शपथ ली, कि वह मछुआरे भाईयों की हरसंभव मदद करेगी। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने वीरांगना के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए पथ मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया। श्रमदान के दौरान निषाद वंशीय मांझी महासभा के जिलाध्यक्ष कोमल रेवार, महिला विंग की अध्यक्ष शिखा केवट, रामकुमार रैकवार, हरिओम कश्यप, मनीष कश्यप, अतुल रैकवार, अजय रैकवार, हरिओम कश्यप, रवि बर्मन, रक्कू रैकवार, संजू रैकवार, बच्चा रैकवार, मोना रैकवार, कैलाश कश्यप, लक्षमण रैकवार, राजेश केवट, बब्लू रैकवार आदि मौजूद रहे।

# बिना रॉयल्टी रेत का परिवहन करते 2 युवक गिरफ्तार

## 2 ट्रैक्टर ट्रॉली रेत सहित जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में बीते कुछ दिनों से रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। माफिया पुलिस की नाक के नीचे से उत्खनन कर बेचने के लिये ले जा रहे हैं। इसी कड़ी गोसलपुर थाना अंतर्गत ग्राम रमखिरिया आलगोड़ा के पास पुलिस ने अवैध रेत ले जाते दो ट्रैक्टर चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे रेत व ट्रैक्टर जप्त कर लिये हैं। इस संबंध में गोसलपुर थाना प्रभारी आदर्श कांत शुक्ला ने बताया कि गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली कि लाल रंग का बिना नम्बर का महिन्द्रा ट्रैक्टर अवैध रेत लोड कर रमखिरिया आलगोड़ा तरफ से आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने रमखिरिया तरफ से आ रहे बिना नम्बर का महिन्द्रा ट्रेक्टर जिसमें ट्रॉली लगी थी को रोककर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अखिलेश कोल उम्र 20 वर्ष निवासी मनसकरा बताया, टैक्टर ट्राली मे लोड रेत के संबंध में पूछताछ करने पर कोई रॉयल्टी नहीं होना बताते हुये रमखिरिया स्टॉक से रेत भरकर सिहोरा निवासी जारा दुबे के स्टॉक में ले जाना बताया। पुलिस ने चालक से रेत लोड ट्रैक्टर जप्त कर लिया है।

इसी प्रकार घाट सिमरिया पुल के पहले बिना नम्बर का महिन्द्रा ट्रैक्टर जिसमें लगी ट्रॉली में रेत भरी हुयी थी को रोककर चालक से नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम दीपक कोल उम्र 23 वर्ष निवासी मनसकरा बताया। रेत के संबंध में पूछताछ करने पर कोई रॉयल्टी नहीं होना बताते हुये रमखिरिया स्टॉक से रेत भरकर सिहोरा निवासी राजा दुबे के स्टॉक में ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपी चालक से रेत लोड ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर ली है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने खान खनिज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# मोटर साइकिल में भिड़ंत

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहपुरा थाना में बीती रात संत कुमार मल्लाह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम नाचनखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बड़ा भाई विनोद मल्लाह मोटर सायकिल में अपनी बेटी सिद्धी की तबियत खराब होने से इलाज के लिये शहपुर ले जा रहे थे। शहपुरा से इलाज कराकर घर वापस आ रहे थे। जो झोझी तिराहा पर पहुंचे तभी झांसीघाट तरफ से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 सीएल 0975 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके भाई की मोटर सायकल में सामने से टक्कर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी के खिलाफ जेडीए के नये सीईओ को ज्ञापन सौंपेगी कांग्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त कांग्रसजनों को 11 अगस्त को प्रात:11 बजे जबलपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय के समक्ष उपस्थिति की अपील शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज नामदेव ने की है, कि वे उपस्थित होकर जबलपुर विकास प्राधिकरण के नये सीईओ दीपक वैध से भेंट करेंगे और उन्होंने 4-6 माह से चलाए गए जनहित के मुददों व जेडीए कार्यालय के क्रिया कलापों, दलाली, कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार मुक्त करने जैसे मुद्दों, विषय से अवगत कराते हुये एक ज्ञापन सौप जायेगा। शहर कांग्रेस ने आज 11 अगस्त को प्रात: 11 बजे मढ़ाताल सिविक सेन्टर जेडीए कार्यालय पर उपस्थिति की अपील की है।

# भोपाल गैस त्रासदी: 129 करोड़ का प्रस्ताव वित्त विभाग के पास लंबित

## जहरीले कचरा विनिष्टीकरण का मामला, हाईकोर्ट ने कहा प्रगति रिपोर्ट करो पेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल गैस त्रासदी के बाद से ही यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में करीब 350 मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। हाईकोर्ट में केन्द्र सरकार की ओर से कहा गया है कि उक्त कचरे के विनिष्टीकरण के लिए 129 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे, मामला वित्त विभाग के पास लंबित है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने मामले में सरकार को कहा है कि इस संबंध की प्रगति रिपोर्ट हलफनामें के साथ पेश करे। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि भोपाल निवासी आलोक प्रताप सिंह ने वर्ष 2004 में जहरीले कचरे के प्रबंधन के लिए एक जनहित याचिका दायर की थी। उनकी मृत्यु के बाद हाईकोर्ट उक्त मामले की सुनवाई स्वत: संज्ञान लेकर कर रहा है। मामले की सुनवाई दौरान केन्द्र सरकार की ओर से न्यायालय को बताया गया कि 19 जून 2023 को ओवरसाइट कमेटी की बैठक हुई थी। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर कमेटी ने केन्द्र सरकार से इसके लिए 129 करोड़ रुपए स्वीकृत




करने की अनुशंसा की है। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने 10 जुलाई को मप्र सरकार के वित्त विभाग को अपेक्षित प्रस्ताव भेज दिया है। जल्द ही बजट स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने बताया कि मामला पिछले 39 साल से जहरीला कचरा पड़ा और दोनों ही सरकारे मामले में हीलाहवाली कर रही है।

मामले में राहत चाही गई कि कचरे के प्रबंधन में खर्च का पूरा हर्जाना आरोपी कंपनी से वसूला जाना चाहिये। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार को बजट की स्वीकृति के संबंध में अगली पेशी पर सुनवाई होगी।

## कृषि भूमि से परिवहन का मामला

# किसानों की शिकायत का करो निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कटनी जिले की ग्राम कछेरी के किसानों की शिकायत का निराकरण 90 दिनों में करने के निर्देश अनावेदकों को दिये है। न्यायधीश विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने आवेदकों को 15 दिन के भीतर नया अभ्यावेदन पेश करने के निर्देश दिये है।

याचिकाकर्ता कटनी अंतर्गत ग्राम कछेरी निवासी अमृतलाल कोल सहित अन्य किसानों की ओर यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि बिरला व्हाइट पुट्टी प्लांट झरेला, कटनी द्वारा ट्रकों के जरिये कच्चा माल परिवहन किया जाता है। याचिकाकर्ता किसानों के खेतों के बीच से ट्रकों का अवागमन होने के कारण फसल को नुकसान होता है।

यही नहीं जमीन की उपजाऊ क्षमता भी खत्म हो रही है। ऐसे में अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले किसानों को क्षतिपूर्ति राशि मिलनी चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर कटनी को अभ्यावेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई।

सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने व्यवस्था दी कि किसान 15 दिन के भीतर नया अभ्यावेदन दें।


# नर्सिंग कॉलेज संबंधी सभी याचिकाओं पर मुख्यपीठ में सुनवाई प्रारंभ

## सरकार को जवाब पेश करने तीन सप्ताह की मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्सिंग कॉलेजों से संबंधी सभी स्थानांतरित होकर आई 40 याचिकाओं की सुनवाई पूर्व में दायर याचिका के साथ मुख्यपीठ जबलपुर में शुरु हो गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा के समक्ष सरकार की ओर से स्थानातंरित होकर आये मामलों में पक्ष प्रस्तुत करने समय की राहत चाही गई। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल की ओर से यह मामला दायर किया गया था। जिसमें प्रदेश में फर्जी तरीके से नर्सिंग कॉलेजों के संचालन को चुनौती दी गई है। मामले में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में 55 नर्सिंग कॉलेज को मान्यता दी गयी। वास्तविकता में यह कॉलेज सिर्फ कागज में संचालित हो रहे हैं। अधिकांश कॉलेजों की निर्धारित स्थल में बिल्डिंग तक नहीं है। कुछ कॉलेज सिर्फ चार-पांच कमरों में संचालित हो रहे है। ऐसे कॉलेज में प्रयोगशाला सहित अन्य आवश्यक संरचना नहीं है। बिना छात्रावास ही कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। मामले की पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि सरकार के रवैये के कारण हमारा विचार है कि जांच सीबीआई को सौंप दी जाये। युगलपीठ ने ग्वालियर पीठ में नर्सिंग कॉलेज संबंधित याचिकाओं को मुख्यपीठ स्थानांतरित करने के आदेश जारी किये थे। याचिका पर गुरूवार को हुई सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने सरकार को उन याचिका पर पक्ष प्रस्तुत करने समय प्रदान किया है।

# कॉलेज के छात्रों ने जाने नशे के दुष्परिणाम




**जबलपुर, देशबन्धु।** नवज्योति नशा सहपुर्नवास केन्द्र, अवधपुरी द्वारा सेन्ट अलॉयसियस महाविद्यालय पेन्टीनाका में नशा मुक्ति जन जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था से हेमंत सोलंकी द्वारा छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। नशे के फैशन आकर्षण से अपने आप को कैसे दूर रखे उसके उपाय बताए। नशे के सेवन के कारण विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता प्रभावित होती है, शैक्षणिक कैरियर पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे हमें अपने आप को बचाना है, डॉ. सरकार द्वारा सिगरेट, तम्बाखु व अन्य व्यसनों के सेवन उपरांत होने वाली शारीरिक व मानसिक परेशानियों पर प्रकाश डाला, साथ ही उससे कैसे बचे उसकी जानकारी दी। सभी उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था से हेमंत सोलंकी, डॉ. सरकार, नीरज रजक, यश सोलंकी, श्वेता मिश्रा, सेंट अलॉयसियस महाविद्यालय से फादर पी.रोड्रिग्स, डॉ अंजली डिसूजा, डॉ. रश्मि पालरस आदि शिक्षकगण, स्टॉफ व छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

# अमरकंटक में बनेगा मां नर्मदा दिव्यलोक, नए अमरकंटक की होगी बसाहट : शिवराज सिंह

**अनूपपुर/अमरकंटक, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाडली बहना सम्मेलन में शामिल होने अनूपपुर आगमन से पूर्व मां नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक को शक्तिधाम कारीडोर के रुप में विकसित करने की उठी मांग को संज्ञान में लेते हुए दौरे के दूसरे दिन गुरूवार को अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन मे अमरकंटक को शक्तिधाम कारीडोर बनाने की घोषणा की।



इससे पहले वह नर्मदा मन्दिर पहुंचे और वहां विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद मृत्युंजय आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज जी से भेंट करने पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने अमरकंटक सहित मध्यप्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। स्वामी हरिहरानंद जी ने मुख्यमंत्री से नर्मदा मन्दिर अमरकंटक को शक्तिधाम के रुप में विकसित करने की मांग की। जिसे मुख्यमंत्री ने नर्मदा मैया की कृपा बतलाते हुए तत्काल इसकी सहमति देते हुए कार्यकर्ताओं के मंचीय सम्मेलन मे करतल ध्वनि और नर्मदा मैया के जयकारों के बीच इसकी घोषणा की। उन्होने कहा कि अमरकंटक में जगह सीमित है, आज मैं आप सबके समर्थन से यह घोषणा करता हूं एक नया शहर सैटेलाइट शहर अमरकंटक को बनाया जाएगा। यह सेटेलाइट शहर नीचे बनेगा जो अमरकंटक का दर्शन कर नीचे होटल, खाने-पीने के सभी तरह की दुकानें रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज द्विवेदी ने भी अमरकंटक को शक्ति लोक कारीडोर बनाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने अमरकंटक कारीडोर के लिये 100 करोड़ स्वीकृत करने की बात कहीं। उन्होंने अमरकंटक को पवित्र बनाए रखने के लिये उद्गम मंदिर परिसर से दूर नये अमरकंटक नगर बनाने की भी घोषणा की।

# एक साल बेमिसाल निकाय अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता में गिनाए विकास कार्य

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन नगर परिषद को गठित हुए आज एक वर्ष हो गया है। इस दौरान अनेक विकास कार्यों की सौगात नगर वासियों को इस एक वर्ष के कार्यकाल में मिली है। जिसका उल्लेख करते हुए निकाय अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक नगर के विभिन्न वार्डों में 17 विकास कार्यपूर्ण हो चुके है जिनकी लागत 4,1826493.1 इसके अलावा अभी वर्तमान में जो कार्य नगर में चल रहे हैं उनकी संख्या 09 है और लागत 2,6081882.30 रुपए है।



निकाय क्षेत्र में जो कार्य अभी प्रारम्भ होना है उनकी संख्या 08 है और लागत 3,961724.43 रुपए है वही जिन विकास कार्य के ठेकेदारो ने अनुबंध कर लिया है उनकी संख्या 06 और जिनकी लागत 56,00110.75 रुपए है। मीडिया से चर्चा के दौरान श्री ठाकुर ने बताया कि देश के सात राज्यों में स्वच्छता के मामले में नगर परिषद पाटन दूसरे स्थान पर रहा है।

यह बात हम सभी नगर वासियों के लिए गौरव की बात है। आगे बात को बढ़ते हुए उन्होंने बताया कि मीडिया निकाय प्रशासन की आंख और कान है जो हमे समय-समय पर जानता के हित के कार्यों के बारे में बताते रहते है जिससे हमे पॉजिटिव फीडबैक मिलता है। जिससे हमे इससे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इसके अलावा पत्रकार वार्ता में शामिल अन्य पत्रकार साथियों ने भी नगर विकास में अपने अपने विचार साझा किए। इस दौरान उपस्थित रहे भाजपा नेता देव कुमार यादव,पार्षद दीपक जैन,सत्यम मेहरा,रनजीत गौड़ इसके अलावा बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### झांसी बेला सब स्टेशन का भूमि-पूजन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** झांसी (बेला) सबस्टेशन भूमि-पूजन कार्यक्रम में सिहोरा विधायक श्रीमती नंदनी मरावी ने कहा कि आर डी एस एस प्रस्तावित नवीन 33/11 के.व्ही. झांसी ( सबस्टेशन का निर्माण होने पर ग्राम-झांसी, बला, सिलुआ, किरिया पडकला बने मह, मद, रामनगर, खमरिया, रानीताल, निन्दौरा, बेली, पचडी कंवलारी कुड़वा पिपरसरा, भीरखा, खजरी, सहित कुल 19 ग्रामों के 1025 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 2450 घरेलू उपभोक्ताओं की गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही रखिरिया, सबस्टेशन का भार कम होने से देवरी, खम्हरिया (देवरी), घुटना, भटम भदमकला, भदमसानी, रमखिरिया, संजयनगर अलगांड़ा, रिटरी, खागामऊ कटवा सिमरिया, मानगांव, कुँआखंड, झांझा बंधा पोलीटोरिया शहपुराहार हिनोतिया सहित कुल 21 ग्रामों में 912 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 1929 घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

ये रहे उपस्थित....मुख्य अतिथी सिहोरा विधायक श्रीमती नंदनी मरावी, संतोष बरकड़े अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर, श्रीमती सोनू पुष्पराज बघेल, भौजी मुंह जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा, धर्मेंद्र सिंह राजपूत जनपद सदस्य,दिलीप पटेल प्रहलाद उपाध्याय सरपंच उपस्थित रहे।

### मवेशियों का अवैध परिवहन करते तीन गिरफ्तार

**सिवनी, देशबन्धु।** कुरई थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर गोवंश परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस गश्ती कर रही है। वही पुलिस को सूचना मिली थी कि वाहनों में मवेशियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। दो अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर मवेशियों सहित वाहन जब्त किये गए। पुलिस ने दो स्थानों पर कार्रवाई कर गौवंश का अवैध परिवहन करते एक इनोवा सहित आइसर ट्रक वाहन को जब्त किया है। दोनों वाहनों में भरे 30 मवेशियों को मुक्त कराने के साथ गौवंश परिवहन कर रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। लग्जरी इनोवा वाहन की सीट निकालकर इसमें गौवंश का परिवहन देखकर कुरई पुलिस भी हैरत में पड़ गई। कुरई थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि इनोवा वाहन क्र. एमपी 20 सीए 1842 को कुरई घाटी के पास पकड़ा गया था। इनोवा वाहन में 5 नग मवेशियों को क्रूरता पूर्वक भरा गया था। वहीं दूसरे आईसर ट्रक वाहन क्र. एमएच 40 सीडी 7284 में 25 नग मवेशी भरे थे। सभी मवेशी जीवित अवस्था में थे। जिन्हें गोशाला के सुपुर्द कर दिया गया है। इनोवा वाहन में सवार आरोपित नासिर पुत्र यासीन खान जनता नगर सिवनी निवासी और आइसर ट्रक में सवार आरोपित जग्रोपण पुत्र दुबई यादव (40) उत्तर प्रदेश, मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद अमीन (25) न्यू आनंद नगर जबलपुर निवासी को गिरफ्तार कर गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### मुख्यमंत्री ने अमरकंटक में नर्मदा कॉरीडोर बनाने की घोषणा की



**अनूपपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अनूपपुर जिले के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरूवार को अमरकंटक में सावन के पवित्र महीने में मॉ नर्मदा नदी के उद्गम स्थल में मॉ नर्मदा की पूजा अर्चना कर मॉ के दर्शन के साथ ही मंदिर परिसर में अमर कंठेश्वर शिव का रुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना के माध्यम से प्रदेश की उन्नति, समृद्धि तथा प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की साथ ही नर्मदा कारीडोर बनाने की घोषणा की।

**मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रोपित किये 75 पौधे** - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वर्ष पूरे होने पर पवित्र नगरी अमरकंटक में सर्किट हॉउस के पीछे जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रजाति के 75 पौध रोपित किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बच्चे जब देशभक्ति के भाव से भरकर विकास और निर्माण के काम में लगते हैं, तब देश का नवनिर्माण होता है। अब एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है और हम सभी उसके भागीदार हैं।

# शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में नवीन भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन

**पनागर, देशबनधु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में नवीन भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ,पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदू भैया की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। सुशील तिवारी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय विकास में योगदान देने के लिये माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी का धन्यवाद किया एवं एम. ए. की कक्षायें प्रारंभ करने हेतु अपना सुझाव प्रस्तुत किया। विधायक जी ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के विकास हेतु हमेशा सहयोग प्रदान करने का आर्शीवाद प्रदान किया एवं एम. ए. की कक्षायें प्रारंभ करने की घोषणा की, उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को अधिक से अधिक महत्व देते हुये उनके विषयों को प्रारंभ किया जाये।



उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यवसायिक पाठ्यक्रमों से रोजगार के अवसर ज्यादा प्राप्त होते है, इस हेतु जनभागीदारी अध्यक्ष को एक कार्यशाला आयोजन करने के साथ-साथ महाविद्यालय का नाम परिवर्तन करने हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने के लिये कहा गया। इसके पूर्व 11:00 बजे महाविद्यालय प्रांगण में नवीन भवन का पूजन स्रोत के द्वारा लोकापर्ण किया गया तत् पश्चात् सभी छात्र-छात्रायें एवं अतिथिगण नवीन भवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन तिवारी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक जबलपुर के द्वारा एवं अवधेश दुबे महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा तथा अतिथियों के स्वागत से संबंधित संचालन आनंद जैन द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनभागीदारी अध्यक्ष गोवर्धन खेटपाल मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना आनंद जैन, क्रांति सैनी ,श्रीमती संतोष जाटव, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक जबलपुर,और अधिकारी डॉ. ए. सी. तिवारी, प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. जी. पी. चौरसिया प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बरेला, डॉ. नीलेश पाण्डेय प्राचार्य हितकारणी महाविद्यालय जबलपुर, अनुविभागीय अधिकारी एवं एस.डी.ओ. मध्यप्रदेश गृह एवं निर्माण अद्योसंरचना (एम.पी.हाउसिंग बोर्ड) जबलपुर, एस.डी.एम. पनागर पी. के. सेन गुप्ता, तहसीलदार श्री विकास जैन पनागर, की उपस्थिति विशेष रूप से रही है।

# ट्रेन में लूट कर हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अपर लोक अभियोजक सर्वेश शर्मा ने बताया कि दिनांक 4 अगस्त 2017 को शाम करीब पौने आठ बजे फरियादी ऋषभ साहू अपने साथी धर्मेन्द्र घोषित, दिलीप साहू व कुबेर सिंह राजपूत के साथ अमरकंटक एक्सप्रेस से रेलवे-स्टेशन हबीबगंज से करेली जा रहे थे रात्रि करीब 7:45 बजे ट्रेन स्टेशन गाडरवारा मै आकर प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर खड़ी हुई थी तब कुछ पैसेंजरो के उतरते समय धक्का मारने से वह ट्रेन मै प्लेटफार्म साईड वाले गेट में आ गया था जैसे ही ट्रेन चलने के लिए हार्न बजा तो उसने देखा कि धर्मेन्द्र जहाँ बैठा था वहा नही दिखा तब उसने उल्टे साईड वाली गेट पर जाकर देखा तो नीचे तीन अज्ञात बदमाश धर्मेन्द्र को पकडे हुए झूमझटकी कर रहे थे, यह देखकर उसने कहा धर्मेन्द्र क्या हो गया तभी ट्रेन चलने लगी। उसी समय झूमा झटकी कर रहे व्यक्तियो में से एक व्यक्ति ने हथियार धर्मेन्द्र के सीने में मारा, उनमे से एक व्यक्ति ने धर्मेन्द्र के पेन्ट के पीछे वाले जेब में हाथ डालकर पर्स निकाल लिया।

यह सब देखकर वह ट्रेन से नीचे कूदा तो बदमाश धर्मेन्द्र से अपना हाथ छुडाकर भाग गये। उसने देखा धर्मेन्द्र नीचे गिर गया था ओर उसके सीने मै बायी ओर से खून बह रहा था उसने लोगो को आवाज लगाई दो तीन लडके की मदद से प्लेटफार्म नम्बर एक पर लिटाया इसके बाद पुलिस आ गई उसको शासकीय अस्पताल गाडरवारा लेकर आऐ जहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उक्त तीनो आरोपीगण की फरियादी से पहचान कर थाना जीआरपी गाडरवारा ने आरोपीगण के विरूद्ध धारा 302, 397, 34 भादवि के तहत मामला कायम कर चालान न्यायालय मै प्रस्तुत किया गया। विचारण न्यायालय प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश गाडरवारा ने सुनवाई कर आरोपीगण शैलेष अहिरवार, मोनु सिलावट को दोषी पाते आजीवन कारावास थारा 397 में सात-सात वर्ष की सजा सुनाई गई।

# बड़गांव को मिला उपतहसील का दर्जा




**कटनी, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कटनी जिले के बड़गांव को उपतहसील बनाने की, की गई घोषणा के परिपालन में कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को राजस्व निरीक्षक मंडल बडगांव को विधिवत रूप से उपतहसील घोषित करने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नवगठित उपतहसील का मुख्यालय बड़गांव रहेगा। नवगठित उपतहसील बडग़ांव का संचालन फिलहाल ग्राम पंचायत भवन के सामुदायिक भवन के हाल से किया जाएगा। इस नवगठित उप तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार बड़गांव सप्ताह में दो दिवस राजस्व कार्यो का राजस्व नियमावली के अनुसार विधिवत निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री प्रसाद के आदेश के अनुसार बडग़ांव उपतहसील में 16 पटवारी हल्का और 32 गांव शामिल किए गए हैं। बड़गांव उपतहसील का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 16 लाख 51 हजार 537 हेक्टेयर है। जबकि यहां की कुल जनसंख्या 37 हजार 535 है। ये 32 गांव हुए शामिल नवगठित उप तहसील बड़गांव में जो 32 गांव शामिल करने का आदेश जारी किया है, उनमें नयाखेड़ा, गोदाना, कठौतिया, भेड़ा, भदनपुर, बड़गांव, तिघराकला, चरगवा, गुरजीकला, लालपुरा, गुरजीखुर्द, बरगवां, पाली, अमगवा घुमची, नैगवा, सूखा, खुसरा, रमपुरा, कुड़ाई, बकलेहटा, कैना, देवरी खुर्द, बरजी, लाटपहाड़ी, मझगवां ग्राम शामिल हैं।

# मप्र पंचायत सरपंच संगठन जिला जबलपुर की बैठक आयोजित

**मझौली देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पंचायत सरपंच संगठन जिला जबलपुर की कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को कृष्ण कुमार पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष के आतिथ्य में वर्षाशिव पटेल जिला अध्यक्ष सरपंच संगठन की अध्यक्षता में सुशील चौबे जिला सचिव, दुर्गेश पटेल उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, डॉ रितेश ठाकुर की जिला वक्ता, परमानंद जिला मीडिया प्रभारी, अंसुल सोनकर उपाध्यक्ष, श्री कमला पटेल उपाध्यक्ष, जिले के सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, वक्ता की उपस्थिति में पंचायतों में शासकीय योजनाओं, ओर विकास कार्यों में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि जिले की समस्त जनपडपंचायतो में सरपंचगण की बैठक कर जनपद ष्थ की समस्याओं सहित मांगे के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। उसके बाद 25 अगस्त तक मुख्यमंत्री जी के नाम कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन समस्त सरपंचगण जिला जबलपुर के साथ ज्ञापन दिया जायेगा। जिन मुख्य बिंदुओं पर संगठन में चर्चा हुई वह निम्न प्रकार हैं।

4250 रुपये दूरभाष भत्ता, साक्षात्कार भत्ता, वाहन भत्ता मिल रहा हैं क्या उसमें पंचायत प्रधानों को टोल टैक्स भी शामिल हैं जबकि अपने कार्य क्षेत्र या जनपद पंचायत, जिलापंचायत, कलेक्टेड कार्यालय,विधायक कार्यालय, सांसद कार्यालय सहित अन्य विभागों के कार्यालय जाते समय 2 से 4 टोल टैक्स पड़ते हैं उनमें देने वाला टेक्स भी जुड़ा हैं क्या यदि हाँ तो फिर हम सब के साथ गलत हो रहा हैं फिर तो हमे 10 हजार भी कम हैं यदि नही तो फिर टोल टैक्स सरपंचो सहित अन्य ग्रामपंचयत पदाधिकारियों को फ्री होना चाहिये या नही विचार करे और मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में लाना हमारा कर्तव्य बनता है संगठन पदाधिकारियों के नाते।

जब 15 से 20 हजार पेमेंट पाने वाले कर्मचारियों जैसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को लाडली बहना योजना की पात्रता हैं प्रदेश में 50न्न महिला सरपंच हैं और वह भी लाडली बहना के साथ ग्रामपंचयत कि प्रथम नागरिक है उनको इस योजना के लाभ से बंचित क्यो किया गया क्या सरपंच पद के दायत्व पूर्ण होने के बाद उन्हें यह लाभ मिलने की गैरन्टी हैं क्या विचार किया जाना चाहिये।

जबकि ग्राम पंचायत की 11वी अनुसूची में दिये गये कार्यो का विभागीय विकेंद्री करण कर दिया गया हैं जिससे पंचायतों के अधिकारों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा हैं पंचायतों ग्राम सभा के प्रस्ताव अनुसार कार्य नही कर पा रही हे उन्हें विकेंद्रीकरण में जिन विभागों को उन कार्यो को सौपा गया हैं उनपर आश्रित रहना पड़ रहा हैं जिससे ग्राम विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं। और पंचायते शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित हो गई हैं, अब जबकि हमे प्राप्त 15 वित्य व 5 वित्य से प्राप्त राशि से ग्राम सभा द्वारा प्रस्तावित कार्यो को कराने का अधिकार हैं तब हमें वय: राशि भी 2011 के सर्वे अनुसार जनसंख्या के अनुसार दी जा रही हैं वह भी सशर्त टाइट ,अन्टाइट के रूप में सीमित राशि जितनी राशि का खर्चा 4 से 5 लाख वर्ष भर में एक परिवार का भी खर्चा पूरा नही हो सकता उतनी राशि 4 से 5 लाख वर्ष भर मे पंचायतों के संचालन, अघोसर्नरचना के लिये दी जाती हैं।

मनरेगा योजना अंतर्गत किये जाने वाले कार्यो को ग्राम सभा के निर्णय अनुसार कार्य कराये जाए जिसमे स्वीकृति हेतु अधिकारियों और नियमो के इंद्रजाल को समाप्त किया जाये खास तौर से खेत सड़क व सुदूर सड़क योजना, श्मशान सेट, खेल मैदान साफ सफाई, छोटे स्तर के जल संरक्षण के निर्माण कार्य, पौधा रोपण आदि।

विगत 1 वर्ष पूर्व से ग्रामपंचयतो द्वारा चयनित प्रधान मंत्री आवास की लिस्ट अनुसार शासन द्वारा वर्तमान तक किसी भी पंचायत को प्रधान मंत्री आवास का आवंटन नही किया जाने विषय पर चर्चा।

# तिलसानी में उत्साहपूर्वक मनाया गया मूलनिवासी आदिवासी दिवस

**बघराजी, देशबन्धु।** बघराजी के समीपस्थ ग्राम पंचायत शिव टेकरी तिलसानी में आज विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में एक आम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि जमुना मरावी मुन्ना सिंह मरावी जिला अध्यक्ष आदिवासी प्रकोष्ठ जबलपुर राजीव गांधी पंचायती राज के जबलपुर जिला संयोजक पंडित विवेक अवस्थी राम सिंह ठाकुर रुक्मणी गोटिया खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश सोनी जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धुर्वे उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य अनूप सिंह ठाकुर अशोक सिंह श्रीमती प्रीति सिंह ठाकुर सरपंच राम मिलन विजय बहादुर सिंह खिलाड़ी सिंह आर्मी रामलाल पोशाम का स्वागत दीपेंद्र सिंह मरकाम रिटायर शिक्षक अनूप सिंह



कपिल मार्को नवल सिंह राम मनोहर कोटिया सरजू कुंजाम उपसरपंच संजय यादव अमित सिंह मरावी भूरा सिंह मोहन सिंह सैयाम सभी अतिथियों का उसे पहाड़ों से स्वागत और सम्मान किया इसकी पहली सभी अतिथियों ने शिव टेकरी स्थित भगवान भोलेनाथ मां शारदा देवी का पूजा अर्चन करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इन सभी अतिथियों ने बताया कि यह भारत देश मूल रूप से हम आदिवासियों का देश हुई है और हमें हमारी गिनती सबसे निचले क्रम में वर्ग में की जाती है सिर्फ चुनाव के समय पर हमें याद किया जाता है और वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन आदिवासियों के जीवन यापन शिक्षा दीक्षा उनके कल्याण की कोई योजनाएं हम तक नहीं पहुंच पा रही है अब हमें अपने अधिकारों के लिए तैयार रहना होगा और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा दे सकें पहले हमारा कर्तव्य यही होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ी साक्षर और संपन्न बने राजीव गांधी पंचायती राज के जिला संयोजक पंडित विवेक अवस्थी ने मंडला में बन रहे चुटका परियोजना विद्युत ताप गृह के विषय में सभी आदिवासी भाइयों को विस्तृत जानकारी दी उन्होंने चुटका परियोजना का विरोध करते हुए आदिवासी भाइयों को बताया कि मां नर्मदा खास कर आदिवासी भाइयों की जीवनदायनी है।

नर्मदा के किनारे अधिकतर आदिवासी भाइयों का जीवन यापन होता है और इस पर यह छठ का परियोजना विद्युत ताप पर बनाया जाना स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही हानिकारक है जब बिजली बनाने के लिए टरबाइन चलेगी तो 5 डिग्री सेल्सियस तक पानी अधिक गर्म हो जाएगा और उसके बाद वह पानी नर्मदा में छोड़ा जाएगा तो जिससे मछलियां और जीव अन्य जीव जंतु गर्म पानी में मरेंगे प्रदूषण और बीमारी पहले की रेडिएशन का भी बड़ा खतरा रहता है इसलिए आप लोग जागे और मां नर्मदा प्रदूषित होने से बचाएं। इस अवसर पर सरपंच रामदयाल आर्मी विश्वनाथ मरावी दसवीं यादव राजेश परस्ते त्रिलोक सिंह मुलायम सिंह धन सिंह दयाराम श्री हरि महाराज धर्मेंद्र इतिहास सहित बड़ी संख्या में देवराज अमित मरावी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मेक्सिको में 5.8 तीव्रता का आया भूंकप

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के प्रांत चियापास में भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किए गए। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गयी। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बुधवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार, बुधवार को करीब 09:33 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 123.5 कि.मी. गहराई में 16.6 डिग्री उत्तर अंक्षाश और 93.52 डिग्री पश्चिम देशान्तर में था। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका ने दिया था अल्टीमेटम! पाकिस्तान के सीक्रेट दस्तावेज लीक

**इस्लामाबाद।** इमरान खान को पीएम पद गंवाएं एक साल से ज्यादा का वक्त हो गया है। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्हें हटाने के पीछे अमेरिकी साजिश थी। हालांकि अब इमरान जेल में हैं और पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार संसद भंग करके आम चुनाव के लिए हरी झंडी दे चुकी है। तीन साल की सजा मिलने के बाद इमरान इस बार चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस बीच पाकिस्तान के सीक्रेट दस्तावेज लीक हुए हैं। द इंटरसेप्ट द्वारा प्राप्त एक लीक पाकिस्तानी सरकारी दस्तावेज़ के अनुसार, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण पर अपने तटस्थ रुख के कारण अमेरिका ने 2022 में पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए दबाव बनाया था। द इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी दस्तावेज़ में बताया गया है कि 7 मार्च 2022 को अमेरिका में पाकिस्तानी राजदूत असद मजीद खान और डोनाल्ड लू सहित अमेरिकी विदेश विभाग के दो अधिकारियों की एक बैठक में क्या हुआ था? बैठक के एक दिन बाद, 8 मार्च 2022 को इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया और 10 अप्रैल को खान को सत्ता से बाहर कर दिया गया।

**लीक दस्तावेज़ में क्या है?**– दस्तावेज़ के अनुसार, दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के लिए अमेरिका के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने यूक्रेन पर पाकिस्तान की तटस्थ स्थिति की आलोचना की थी। दस्तावेज़ से पता चला कि उन्होंने अमेरिका में तत्कालीन पाकिस्तानी राजदूत के साथ बैठक के दौरान स्थिति को सुधारने के लिए अविश्वास मत का संकेत दिया था।



**इमरान को हटाकर मिलेगी माफी**– दस्तावेज़ के अनुसार, लू ने कहा, यहां और यूरोप में लोग इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं कि पाकिस्तान (यूक्रेन पर) इतना तटस्थ रुख क्यों अपना रहा है? अगर ऐसी स्थिति संभव भी है तो हमें यह इतना तटस्थ रुख नहीं लगता है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद उन्होंने कहा कि यदि प्रधान मंत्री को बदल दिया गया, तो वाशिंगटन सभी को माफ कर देगा। लीक दस्तावेज़ के हवाले से द इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के अनुसार लू ने कहा, मुझे लगता है कि अगर प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास मत सफल हो जाता है तो वाशिंगटन में सभी को माफ कर दिया जाएगा क्योंकि रूस यात्रा को प्रधानमंत्री के फैसले के रूप में देखा जा रहा है। दस्तावेज़ से पता चलता है कि बातचीत पाकिस्तानी राजदूत के यह कहने के साथ समाप्त हुई कि उन्हें उम्मीद है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से अमेरिका के साथ पाकिस्तान के रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लू ने कहा,मैं तर्क दूंगा कि हमारे दृष्टिकोण से इसने पहले ही रिश्ते में दरार पैदा कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा, हमें यह देखने के लिए कुछ दिन इंतजार करना चाहिए कि क्या राजनीतिक स्थिति बदलती है? जिसका मतलब यह होगा कि इस मुद्दे पर हमारे बीच कोई बड़ी असहमति नहीं होगी और दरार बहुत जल्दी दूर हो जाएगी।

**अमेरिका ने दावों को झूठा कहा**– उधर, इमरान खान को सत्ता से बाहर करने में कथित भूमिका के लिए अमेरिका पर लगे आरोपों के जवाब में विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि आरोप झूठे हैं।

द इंटरसेप्ट के हवाले से उन्होंने कहा, हमने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के दिन तत्कालीन प्रधान मंत्री खान की मॉस्को यात्रा के बारे में चिंता व्यक्त की थी और उस विरोध को सार्वजनिक और निजी तौर पर बताया था।

गौरतलब है कि 27 मार्च 2022 को इमरान खान, जो भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में हैं, ने आरोप लगाया था कि विदेशी ताकतों जिसे उन्होंने बाद में वाशिंगटन कहा था, ने उन्हें पद से हटाने की योजना बनाई थी। इस साल जुलाई में, पाकिस्तान के संघीय मंत्री, ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राजनयिक साइफर का इस्तेमाल किया और निहित स्वार्थों के लिए पाकिस्तान सरकार के वर्गीकृत दस्तावेज़ का उपयोग करने के लिए उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि साइफर मामले में खान पर देशद्रोह का आरोप लग सकता है।

## आज का इतिहास

1347- अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की।
1778- दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म।
1863- कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित क्षेत्र बना।
1908- क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
1914- फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की।
1948- लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत हुई।
1961- दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में रहा था।
1974- पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म।
1976- दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन मे दंगों में 17 लोग मारे गए।
1984- तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1985- रोनाल्ड रीगन अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

## सुडोकू 6283

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## उत्तराखंड के राज्यपाल ने की धनखड़ से भेंट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट में बताया कि धनखड़ व राज्यपाल की यह भेंट उपराष्ट्रपति निवास पर हुई। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

## सीमा पार से आने वाली चुनौतियों को करें विफल

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बुधवार को सैनिकों से सीमा पार से आने वाली सभी चुनौतियों को विफल करने के लिए कहा। अग्रवाल जम्मू फ्रंटियर के तीन दिवसीय दौरे पर थे और अपनी यात्रा के अंतिम चरण में उन्होंने एसडीजी (पश्चिमी कमान) पी वी रामा शास्त्री, जम्मू फ्रंटियर के आईजी डी के बूरा और अन्य अधिकारियों के साथ अखनूर के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया।

## कॉलेज छात्र ने इमारत से छलांग लगाकर दे दी जान

**मुंबई।** एक चौंकाने वाली घटना में 16 वर्षीय एक लड़के ने मुंबई में एक इमारत से छलांग लगा दी और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, लड़के ने प्रतीक्षा नगर बिल्डिंग नंबर 18 में 5वीं मंजिल के अपने फ्लैट से छलांग लगा दी, जबकि उसके स्तब्ध पिता, मां और बहनें उसे रोकने के लिए चिल्ला रहे थे। सायन में गुरु नानक कॉलेज के एक छात्र, सिद्धांत को बुरी तरह से घायल हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तुरंत बाद उसने दम तोड़ दिया। यह घटना तब हुई, जब लड़के के पिता संजय भोसले, जो बीएमसी एल वार्ड कार्यालय, कुर्ला के एक अधिकारी हैं, ने कथित तौर पर कुछ अज्ञात कारणों से उसे डांटा था। मामले में वडाला ट्रक टर्मिनस पुलिस स्टेशन (डब्ल्यूटीटी) में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## केरल का नाम 'केरलम' करने को लेकर केरल विधानसभा में प्रस्ताव पारित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल का नाम केरलम करने को लेकर विधानसभा में बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्र से राज्य का नाम बदलने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में केरलम है। एक नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया था। केरल दिवस भी एक नवंबर को है। उन्होंने कहा कि मलयालम भाषी समुदायों के लिए केरल को एकजुट करने की आवश्यकता राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही स्पष्ट रही है।

# पाकिस्तान में आधी रात को भंग कर दी गई संसद


## इमरान खान के बगैर होंगे चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार देर रात प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर वहां के राष्ट्रपति ने संसद को भंग कर दिया। इसके बाद अब वहां चुनाव की नौबत आ गई। आपको बता दें कि संसद के पांच साल का कार्यकाल 12 अगस्त को समाप्त हो रहा था।

इससे ठीक तीन दिन पहले ही संसद को भंग करने की सिफारिश कर दी गई। अब 90 दिनों में चुनाव कराया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पहले संसद को बताया था, मैं आज रात राष्ट्रपति को संसद भंग करने की सलाह दूंगा। उन्होंने कहा कि वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में नामित करने के लिए दोनों पक्षों से अनुशंसित उम्मीदवारों में से चुनने के लिए गुरुवार को विपक्षी नेता के साथ चर्चा शुरू करेंगे। पाकिस्तान में मतदान में कई महीनों की देरी हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग नई जनगणना के आधार पर सैकड़ों निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण शुरू करने वाला है। विश्लेषकों ने कहा है कि चुनाव में किसी भी तरह की देरी से जनता का गुस्सा भड़क सकता है। जुलाई 2018 में पिछला आम चुनाव क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की पार्टी ने जीता था। उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पिछले साल अविश्वास मत के बाद प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद से इमरान खान राजनीतिक उथल-पुथल के केंद्र में हैं। पाकिस्तान की स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ गई है।

उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया गया और जेल में डाल दिया गया। इसके कारण वह पांच साल तक किसी भी चुनाव में भाग नहीं ले सकते हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान की सेना पर उन्हें सत्ता से बाहर करने का आरोप लगाया है। हालांकि, सेना ने आरोपों से इनकार किया है।

## वर्ग पहेली 6283



**बायें से दायें:-**

१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित साहस, धृष्टता
३. कानूनी, विधिसम्मत
५. अवहेलना, अपमान
६. खुशामद पसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज, जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया, श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यंत
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण,शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार (उर्दू)
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

# नॉर्थ कोरिया के सनकी तानाशाह ने सेना के शीर्ष जनरल को किया बर्खास्त, किम जोंग ने किया युद्ध की तैयारी का आह्वान

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने सेना के शीर्ष जनरल को बर्खास्त कर दिया है और युद्ध की तैयारी का आह्वान किया है। सनकी तानाशाह ने युद्ध की संभावना के बीच देश में अधिक से अधिक हथियारों के उत्पादन में वृद्धि करने और सैन्य अभ्यास का विस्तार करने का आह्वान किया है। राज्य मीडिया केसीएनए ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम जोंग ने केंद्रीय सैन्य आयोग की एक बैठक में यह टिप्पणी की, जिसमें उत्तर कोरिया के दुश्मनों को रोकने के लिए जवाबी कदमों की योजना पर चर्चा की गई। हालांकि, दुश्मनों का नाम नहीं बताया गया है।

केसीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, तानशाह ने जनरल स्टाफ प्रमुख पाक सु इल की जगह जनरल री योंग गिल को सेना का शीर्ष जनरल नामित किया है। हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि जनरल री रक्षा मंत्री के रूप में भी अपनी भूमिका में बरकरार रहेंगे या नहीं। रिपोर्ट में विवरण दिए बिना कहा गया है कि किम जोंग ने हथियार उत्पादन क्षमता के विस्तार का लक्ष्य भी रखा है। पिछले सप्ताह उन्होंने हथियार कारखानों का दौरा किया था, जहां उन्होंने अधिक मिसाइल इंजन, तोपखाने और अन्य हथियार बनाने का आह्वान किया था।चष्ट्ह द्वारा जारी तस्वीरों में किम को मानचित्र पर सियोल और दक्षिण कोरियाई राजधानी के आसपास के इलाकों की ओर इशारा करते हुए दिखाया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाया है, जिसमें तोपखाने के गोले, रॉकेट और मिसाइलें शामिल हैं।

हालांकि, रूस और उत्तर कोरिया ने उन दावों का खंडन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम जोंग ने अपनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रखने के लिए देश के नवीनतम हथियारों और उपकरणों के साथ अभ्यास करने का भी आह्वान किया है।

# जो बाइडेन को गोली मारने की धमकी देने वाला डोनाल्ड ट्रंप समर्थक ढेर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को गोली मारने की धमकी देने वाले शख्स को एफबीआई की टीम ने एक रेड में मार गिराया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कट्टर समर्थक था। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर उसने एक पोस्ट डाली थी। वीडियो में वो बंदूक साफ करते हुए बोल रहा था कि सुना है कि बाइडेन यहां से गुजरने वाले हैं। बता दें कि बाइडेन यूटा दौरे पर जाने वाले थे। उनके राज्य दौरे से कुछ पहले एफबीआई की टीम ने यह ऐक्शन लिया है।

राष्ट्रपति बाइडेन और अन्य अमेरिकी अधिकारियों को गोली मारने की धमकी देने के आरोपी को एफबीआई की टीम ने एनकाउंटर में मार गिराया। एफबीआई के अधिकारियों ने कहा कि एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष एजेंटों द्वारा एक आवास पर आरोपी की गिरफ्तारी और तलाशी वारंट देने का प्रयास किया गया। आरोपी की हिंसक गतिविधियों को देखते हुए सुबह लगभग 6=15 बजे उस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।चार्जिंग दस्तावेज़ों से उस व्यक्ति की पहचान क्रेग डेलीउव रॉबर्टसन के रूप में हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबर्टसन ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति को धमकी देते हुए कहा, मैंने सुना है कि बाइडेन यूटा आ रहे हैं। मैं उन्हें गोली मारने जा रहा हैं और एम24 स्नाइपर राइफल से धूल साफ कर रहा हूं।

एबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शिकायत में पोस्ट को राष्ट्रपति बाइडेन को मारने या चोट पहुंचाने की जानबूझकर धमकी दी गई। शिकायत में कहा गया है कि रॉबर्टसन पर पहले से तीन आपराधिक मामले चल रहे हैं। एबीसी के अनुसार, अंतरराज्यीय धमकियां, राष्ट्रपति के खिलाफ धमकी और संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों को धमकी देकर प्रभावित करना, बाधा डालना और जवाबी कार्रवाई करना इसमें शामिल है।

**आदेश** *जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर शिक्षा विभाग का बड़ा कदम*

# आजादी के दिन सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कीं रद्द

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। आजादी वाले दिन अर्थात 15 अगस्त को शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोहों में हाजिर होने के साथ ही अपने अपने कार्यालयों में होने वाले समारोहों में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। अर्थात आजादी के दिन उनकी छुट्टी कैंसिल कर दी गई है।**

यही नहीं शिक्षा विभाग ने अध्यापकों, प्रोफेसरों, लेक्चरारों आदि को पूरे प्रदेश में अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर फोटो सबमिट करने को भी कहा है।

यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउंट पर भी तिरंगे के साथ डीपी लगाने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। इस बार के आजादी के पर्व को मेरी माटी, मेरा देश के तहत मनाने की मुहिम के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों आदि को, सरकारी व प्राईवेट सभी को, सजाने के लिए कहा गया है।

दूर दराज के कई स्कूलों में अन्य कार्यक्रमों के साथ ही प्रभात फेरियों का प्रोग्राम भी शुरू कर दिया गया है। सरकारी आदेशों की खास बात यह है कि स्कूलों में उस दिन करवाए जाने वाले समारोहों में



निबंध प्रतियोगिताओं के लिए जो थीम तय की गई है उसमें सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को शामिल किया जाना अनिवार्य बनाया गया है। याद रहे इससे

- **शिक्षक समुदाय को घरों पर तिरंगा फहरा फोटो भेजने के आदेश**
- **सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति की गई है अनिवार्य**

पहले सामान्य प्रशासनिक विभाग ने 15 अगस्त के दिन पूरे प्रदेश में होने वाले सभी सरकारी समारोहों में सभी सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति अनिवार्य बनाने का आदेश जारी करते हुएकहा था कि उस दिन छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को गैर हाजिर मानने के साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ नियमों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके कर्मचारी, जम्मू-कश्मीर में मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह श्रीनगर के सोनावर में शेरी कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है। कश्मीर में आतंकवाद की शुरूआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## वर्ग पहेली-6282

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो | ष | वे | च | क | ■ | वि | लं | ब | न |
| प | ■ | त | ■ | म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ह | न | न | ■ | ला | ■ | त्र | पा | ही | न |
| र | ■ | मा | ■ | स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | अ | म | श | न | ■ | ■ | प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | वा | ■ | सु | ल | भा | ■ | वी |
| बे | न | का | ब | ■ | गं | ■ | त | म | स |
| न | ■ | लो | ■ | अ | ध | र | ■ | ल | ■ |
| जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | खै | रि | य | त |
| र | ■ | र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## कार्लोस अल्काराज ने ओपनर में बेन शेल्टन को हराया

**कनाडा**। विश्व के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज ने यहां सेंटर कोर्ट पर होनहार अमेरिकी बेन शेल्टन के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल करते हुए टोरंटो में पदार्पण किया। अल्काराज पिछली गर्मियों में मॉन्ट्रियल में कैनेडियन मास्टर्स 1000 इवेंट में एक बार पहले भी खेल चुके हैं, जहां उनका पहला मुकाबला टॉमी पॉल से हुआ था। नेशनलबैंकओपन.कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल वह काफी पसंदीदा हैं और यहां प्रशंसकों की प्रतिक्रिया को देखते हुए रविवार को उन्हें अभी भी खड़े देखना एक वास्तविक रोमांच होगा। मैच के लिए सेंटर कोर्ट खचाखच भरा हुआ था और अल्काराज के बाहर निकलते ही जोरदार स्वागत किया गया। शेल्टन ने उन्हें जल्दी ही परखा और पूरे मैच के दौरान स्पैनियार्ड के साथ रहे और हालांकि अल्काराज ने 6-3, 7-6(3) से जीत हासिल की, लेकिन यह एक करीबी मुकाबला था।



# भारत के 'ब्रह्मास्त्र' हरमनप्रीत सिंह के प्रहार से जापान के लिए सेमीफाइनल में बचना मुश्किल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रैग फ्लिकर में एक कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै हॉकी 2023 में राउंड रॉबिन लीग की समाप्ति पर पांच मैचों में सबसे ज्यादा सात गोल कर साबित किया कि पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक उनका और तीन बार चैंपियन रहे मेजबान भारत का ब्रह्मास्त्र है। हॉकी बेशक टीम गेम है बावजूद इसके जापान के लिए दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारत के ब्रह्मास्त्र हरमनप्रीत के पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक प्रहार से बचना बेहद मुश्किल होगा। सबसे काबिलेतारीफ बात यह है कि हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए अब सभी पांचों लीग मैचों में गोल किए ही हैं उन्होंने पिछले उपविजेता जापान के खिलाफ यहां पिछड़ने के बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उसे मैच ड्रॉ कराने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

भारत ने अजेय रहकर पांच मैचों में चार जीत और जापान के खिलाफ अकेले ड्रॉ के साथ 13 अंकों के साथ शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में स्थान पाया। भारत के लीग चरण में कुल सबसे ज्यादा दागे 20 गोल में कप्तान हरमनप्रीत के बाद उनके दोनों साथी ड्रैग फ्लिकरों वरुण कुमार और जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर और अनुभवी आकाशदीप सिंह और मनदीप सिंह ने दो- दो गोल करने साथ स्ट्राइकर गुरजंट सिंह, सेल्वम कार्ति व सुखजीत और आक्रामक मिडफील्डर उपकप्तान हार्दिक सिंह ने नीलकांत शर्मा ने भी एक- एक गोल किया है। भारतीय टीम ने दिखाया की भले ही पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिकर उसकी सबसे बड़ी ताकत है लेकिन उसके गोल के लिए स्ट्राइकरों के रूप में पास पर्याप्त विकल्प हैं और वह गोल करने के लिए किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर है।



■ स्ट्रक्चर से खेलने वाली भारतीय टीम जापान से पार पाने को पूरी तरह तैयार

■ हार्दिक, विवेक, नीलकांत व मनप्रीत के रूप में मजबूत मध्य पंक्ति है भारत की ताकत

जापान के खिलाफ अपना दूसरा लीग मैच ड्रॉ खेलने के बाद पूरी तरह रंग में आ चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में उससे पार पाने के लिए बेहतर ढंग तैयार है। भारतीय टीम पिछले संस्करण में जापान को लीग मैच में आधा दर्जन गोल से हराने के बाद उससे सेमीफाइनल में 3-4 से हार गई थी। भारतीय टीम इस बात से वाकिफ है आज की जमाने की हॉकी में जापान और या कोई भी टीम प्रतिद्वंद्वी के रूप में किसी को भी हल्के लेने से बचना चाहिए। जापान लीग मं अपने पांच में मैचों दक्षिण कोरिया और मलयेशिया से हारी और भारत व पाकिस्तान से मैच ड्रॉ खेले और अकेली जीत फिसड्डी चीन के खिलाफ दर्ज की उससे साफ है कि उससे मेजबान टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत की उम्मीद लगाना मुनासिब नहीं लगता है। जापान ने अपने पांच मैचों में मात्र आठ गोल किए हैं और नौ गोल खाए हैं।

### टूर्नामेंट सही मानों जापान के खिलाफ सेमीफाइनल से शुरू : फुल्टन

स्पेन में टूर्नामेंट खेलने के बाद सीधे यहां चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने उतरना चुनौतीपूर्ण था। हमने धीरे धीरे यहां अपनी लय पाई। हमने अब तक यहां अपने पांच मैचों में चीन, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और मैच जीते। सच तो यह है कि हमारे लिए सही मायनों टूर्नामेंट अब शुक्रवार को जापान के खिलाफ सेमीफाइनल से शुरू हो रहा है। मुझे खुशी है कि हमारी भारतीय टीम अब वैसा खेलना शुरू कर दिया है, जैसा वह चाहती है। सबसे अच्छी बात है कि हमारी टीम अब तक अपने स्ट्रक्चर में खेल रही है। मैं यहां अपनी टीम के खेल पर नजर डालता हूं पाता हूं कि हमारी टीम की कमजोरी है खेल में निरंतरता की कुछ कमी है।

### जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में कोशिश स्ट्रक्चर से खेल की : हरमनप्रीत

हमारी कोशिश जापान के सेमीफाइनल में शुक्रवार को अपने स्ट्रक्चर से खेल मौके बनाने के साथ मौके भुनाने की होगी। हम और स्ट्रक्चर से खेलना चाहेंगे। पाकिस्तान के कोच सकलेन ने आखिरी राउंड रॉबिन लीग मैच से पहले भले ही यह कहा कि हमारी भारतीय टीम स्ट्रक्चर से नहीं खेल रही। हमें मालूम है कि हम कैसे और किस स्ट्रक्चर से खेल रहे हैं। मैंने मैदान पर हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की है। हमारी कामयाबी का सबब भी एक दूसरे का सहयोग कर बतौर टीम निरंतर बेहतर प्रदर्शन करना। हमारे फॉरवर्ड जब गोल करने के ज्यादा मौके बनाते और पेनल्टी कॉर्नर दिलाते हैं हम तभी हम ड्रैग फ्लिकर इनका बेहतर उपयोग कर गोल कर पाते हैं।

# हरमनप्रीत के दो गोल से भारत ने पाक को 4-0 से हरा बाहर कर शीर्ष पर फिर श्रेष्ठता साबित की



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, (देशबन्धु)। भारत के स्ट्राइकर मनदीप सिंह, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह और आकाशदीप सिंह ने खासतौर पर डी में पहुंचने के बाद सीधे तेज शॉट लगाने की बजाय टीम को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने की कोशिश में हड़बड़ी में आधा दर्जन से ज्यादा मैदानी गोल के मौके चूके। वहीं तूफानी अंदाज में सेंटर फॉरवर्ड अब्दुल शाहिद का गोल अमान्य किए जाने पर पाकिस्तान से हौसला शुरू में ही टूटता लगा। अपने कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के %ब्रह्मास्त्र% पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे दो, जुगराज सिंह के एक तथा आखिरी क्वॉर्टर में आकाशदीप सिंह के एक मैदानी गोल से भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से हरा कर पांच मैचों में चार जीत और एक ड्रॉ के साथ पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में 13 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पाया।

पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच से पहले ही अंतिम चार में स्थान पक्का कर चुके भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता जारी रखते हुए पिछले 16 मैचों में 13वीं जीत हासिल की। पाकिस्तान की टीम पांच मैचों मे दक्षिण कोरिया और जापान की तरह समान रूप से पांच पांच अंकों के बावजूद गोल अंतर में इन दोनों टीमों से पिछड़ कर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो गई। भारत अब दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को चौथे स्थान पर रहने वाले जापान से भिड़ेगा। दूसरे स्थान पर रहने वाली मलयेशिया की टीम पहले सेमीफाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। छह हजार दर्शकों से खचाखच भरे यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम की हौसला अफजाई के लिए देश के नंबर एक ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन भी हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने दोनों टीमों का अभिवादन किया।

■ भारत सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगा

लिंकमैन के रूप में खेल रहे शमशेर सिंह के साथ मध्य पंक्ति में उप कप्तान हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद का बराबर आगे हमले के लिए गुरजंट और मनदीप सिंह के लिए गेंद बढ़ाना भारत के काम आया। अपने कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट और दूसरे क्वॉर्टर के अधबीच मिले शुरू क दोनों पेनल्टी कॉर्नर पर तेज व अचूक फ्लिक से दागे दो गोल से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त ले ली थी।

अकील अहमद बीच मैदान से गेंद को लेकर भारत की डी में पहुंचे और डी के ठीक उपर खड़े शाहिद अब्दुल अन्नान को पास दिया और उनके तेज शॉट जमाया लेकिन इससे पहले ही अंपायर ने तभी फाउल दे पाकिस्तान को रेफरल पर पेनल्टी कार्नर दे दिया लेकिन इस पर मोहम्मद खान के फ्लिक को भारत के गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने रोक कर अपनी टीम को गोल खाने से बचा लिया।

# भारत के युवा आइकन रणविजय सिंह ने रियल कबड्डी लीग में हिस्सेदारी ली

**दिल्ली** (देशबन्धु)। भारत के युवा आइकन और आंत्रप्रेन्योर रणविजय सिंह एक स्टेकहोल्डर और ब्रांड प्रमोटर के रूप में रियल कबड्डी लीग से जुड़े हैं, जो इसके प्रचार को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष रूप से योदगान देंगे। लीग में उनके शामिल होने से इसके सुदृढ़, गतिशील और मनोरंजक होने की उम्मीद काफी बढ़ गई है। पिछले सीज़न में भी रणविजय ने रियल कबड्डी लीग में अपनी हिस्सेदारी दिखाई थी। इस बार न सिर्फ इन्वेस्टर, बल्कि एक ब्रांड प्रमोटर की भूमिका निभाकर भी वे लीग से अपने रिश्ते को और भी अधिक मजबूत कर रहे हैं। रियल कबड्डी के सीज़न 3 की शुरुआत सितंबर के आखिर में होना है। रणविजय की लीग में हिस्सेदारी के तहत इसे सिर्फ दर्शकों का एक नया समूह मिलेगा। लीग से एक बार फिर से जुड़ने को लेकर उत्साहित रणविजय सिंह ने कहा कि मैं रियल कबड्डी शुरू से ही देखता रहा हूँ और मुझे लगता है कि लीग में सबकी भूमिका काफी शानदार रही है। मैं इस खेल का बहुत बड़ा फैन हूँ। मेरा ऐसा मानना है कि क्रिकेट के बाद यदि कोई लीग लोकप्रिय हो सकती है, तो वह सिर्फ और सिर्फ कबड्डी है। अटलांचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक शुभम चौधरी ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि रणविजय वास्तव में बहुत बड़े कबड्डी फैन हैं, और मुझे खुशी है कि वे सिर्फ एक इन्वेस्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि ब्रांड प्रमोटर के रूप में भी लीग के साथ जुड़ रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनका यह साथ, हमें और भी अधिक लोगों से जुड़ने में सक्षम बनाएगा। हम खेल के साथ ही साथ मनोरंजन को भी बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं, और साथ ही युवाओं से इससे गहनता से जुड़ने का अनुरोध करते हैं। हम यह दर्शाने के लिए तत्पर हैं कि भारत के युवा आइकन से बेहतर इस लीग में और कोई नहीं हो सकता हैं।

# निशिमोतो से भिड़ेंगे किदांबी, सिंधु को मिला बाई

**कुआला लंपुर**। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले राउंड में भारत की अनुभवी शटलर पीवी सिंधु को बाई दिया गया है, जबकि किदांबी श्रीकांत जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित होने के बाद इसकी पुष्टि की।

कुल 16 भारतीय शटलर ड्रॉ का हिस्सा थे, जिनमें से चार एकल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। केवल एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को शीर्ष 10 में वरीयता दी गयी है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु (16वीं वरीयता प्राप्त) दूसरे राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी जहां उनका मुकाबला जापान की नोज़ोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुए लिन्ह नुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगी।




दूसरी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को भी बाई मिली है। विश्व की नंबर दो पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में आयरलैंड के जोशुआ मैगी/पॉल रेनॉल्ड्स या ऑस्ट्रेलिया के केनेथ झे हूई चू/मिंग चुएन लिम से भिड़ेगी।

भारत के एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की स्टार तिकड़ी पुरुष एकल में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। पहले दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त प्रणय का मुकाबला फिनलैंड के काले कोलजोनेन से होगा, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य का मुकाबला मॉरीशस के जॉर्जेस जूलियन पॉल से होगा।

महिला युगल प्रतियोगिता में 15वीं वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी पहले राउंड में बाई मिलने के बाद दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई/यांग चिन तुन या एस्टोनिया की केटी-क्रीट मरान/हेलिना रूटेल से भिड़ेगी। अश्विनी भट्ट के. और शिखा गौतम की दूसरी भारतीय महिला युगल जोड़ी नीदरलैंड की देबोरा जिल और चेरिल सेनेन के खिलाफ क्वालीफिकेशन के लिये लड़ेगी।

# विश्व कप में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं बोल्ट

**वेलिंगटन**। विश्व कप 2015 और 2019 के फाइनल में हार का स्वाद चखने के बाद न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट आगामी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम के लिये 'अहम भूमिका' निभाकर ट्रॉफी उठाना चाहते हैं।

बोल्ट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा, टीम में वापस आना और एकदिवसीय विश्व कप की ओर काम करना मेरे मन में हमेशा रहा है। पिछले आयोजनों में हमारा अनुभव बेहद रोमांचक रहा है। इसलिये मैं टीम के साथ जुड़ने और बड़ी भूमिका निभाने के लिये उत्सुक हूं। उम्मीद है कि जिस चमकदार चीज के बेहद करीब हम चार साल पहले आये थे, उसे इस बार उठा सकेंगे।

बोल्ट ने पिछले साल न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध से नाम वापस लेकर दुनियाभर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का फैसला लिया था। वह कई मौकों पर फ्रेंचाइजी लीग प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये न्यूज़ीलैंड की टीम से बाहर रहे, लेकिन विश्व कप से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड के इंग्लैंड दौरे पर उन्हें टीम में शामिल किया गया है। बोल्ट ने फ्रेंचाइजी



क्रिकेट खेलने के अपने फैसले पर कहा, एक साल पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट से दूर जाना आसान निर्णय नहीं था। मैं कभी नहीं चाहता था कि यह न्यूजीलैंड और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच चुनना नहीं चाहता था। मैं सिर्फ यह जानता था कि मेरा करियर कितना लंबा है और एक गेंदबाज के रूप में अपने बचे हुए वर्षों का अधिकतम लाभ उठाना चाहता था। मैं निश्चित रूप से अब भी पहले की तरह अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिये भूखा हूं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में लोगों के साथ कुछ खास करूंगा।

बोल्ट ने कहा, मैं अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का बहुत सम्मान करता हूं। यह क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाले किसी भी बच्चे के लिये अहम भूमिका निभाता है और मेरी राय में एकदिवसीय विश्व कप अभी भी क्रिकेट का शिखर है।

उन्होंने कहा, जब मैंने अपने अनुबंध से हटने का निर्णय लिया, तो यह घर पर थोड़ा अधिक समय बिताने के लिये था। मैं जल्द ही दुनिया भर में बहुत अधिक क्रिकेट खेलने में समय बिताने लगा। मैं बहुत भाग्यशाली था कि अपने परिवार को दुनिया भर में ले जा सका और यह सबसे अच्छी चीजों में से एक रहा है। अपने बच्चों को टेक्सस में काउबॉय टोपी पहने और राजस्थान में पगड़ी पहने देखना... यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे आने वाले वर्षों में बहुत गर्व होगा।

# उमरान मलिक के शस्त्रागार में तेज गति ही एकमात्र हथियार नहीं होना चाहिए : लारा

**नई दिल्ली**। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक बहुत युवा हैं और उनके पास खेल खेलने के लिए काफी साल हैं। साथ ही, लारा ने कहा कि मलिक के शस्त्रागार में तेज गति ही एकमात्र हथियार नहीं होना चाहिए। जून 2022 में अपने पदार्पण के बाद से, मलिक ने आठ टी20 खेले हैं, उन्होंने 10.48 के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही श्रृंखला में अब तक नहीं खेले हैं।

पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में, मलिक ने दो मैच खेले, लेकिन उनके नाम के आगे एक भी विकेट नहीं लगा। आईपीएल 2023 में, मलिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए केवल सात मैच खेले, जिनमें लारा मुख्य कोच थे, उन्होंने 10.35 की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए।

लारा ने वेक अप विद सोरभ नाम के एक यूट्यूब शो में कहा, वह एक सनसनी होगा, लेकिन बहुत जल्दी उसे सीखना होगा कि तेज गेंदबाजी वास्तव में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को परेशान नहीं करती है। आपके पास गेंद के साथ कुछ करने की क्षमता होनी चाहिए, समझदार होना चाहिए, और शायद उस समय को समझना होगा जब आपको पीछे मुड़ना होगा या उस समय को समझना होगा जब आपको गति बढ़ानी होगी। वह बहुत छोटा है और अभी उसके पास कई साल हैं।

# मैं वास्तव में यह नहीं सोच रहा कि भारतीय चयनकर्ता क्या सोच रहे होंगे : पृथ्वी शॉ

**नॉर्थम्पटन**। काउंटी ग्राउंड में समरसेट के खिलाफ वन-डे कप मैच में नॉर्थम्पटनशायर के लिए 244 रन बनाकर कई लिस्ट ए रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने जोर देकर कहा कि वह घर पर राष्ट्रीय चयन समिति के बारे में नहीं सोच रहे हैं कि वे उनके प्रदर्शन के बारे में क्या सोच रहे होंगे। शॉ की 153 गेंदों में 28 चौकों और 11 छक्कों की मदद से खेली गई 244 रन की विशाल पारी की मदद से नॉर्थम्पटनशायर ने 8 विकेट पर 415 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर 87 रन से विजयी रही। उनकी पारी किसी भी लिस्ट ए मैच में छठा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है। शॉ ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए अपने पिछले दो अवसरों में 34 और 26 का स्कोर बनाया था। बुधवार को, उन्होंने गियर बदलने से पहले 81 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और बहुत ही कम समय में, केवल 129 गेंदों में अपना दूसरा शतक पूरा किया।

मैच समाप्त होने के बाद शॉ ने कहा, वास्तव में मैं यह नहीं सोच रहा कि भारतीय चयनकर्ता क्या सोच रहे होंगे, लेकिन मैं बस यहां अच्छा समय बिताना चाहता हूं, यहां के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ अच्छा समय बिताना चाहता हूं। नॉर्थम्पटनशायर ने मुझे यह अवसर दिया है ... वे वास्तव में मेरी देखभाल कर रहे हैं। मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा हूं। शॉ, जिन्होंने आखिरी बार जुलाई 2021 में भारत के लिए खेला था, कई लिस्ट ए दोहरे शतक बनाने वाले बल्लेबाजों के एक चुनिंदा क्लब में भी शामिल हो गए हैं, जिसमें भारत के कप्तान रोहित शर्मा, ऑस्ट्रेलिया के



बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अली ब्राउन इसके पिछले सदस्य हैं।

इंग्लैंड में लिस्ट ए दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बनने के बाद, शॉ के पास अब लिस्ट ए क्रिकेट में किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा लिस्ट ए स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है और वह दो देशों में और दो टीमों के लिए लिस्ट ए दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

शॉ ने कहा, जिन्होंने 2018 में पदार्पण पर टेस्ट शतक बनाया था, सूरज निकला हुआ था, यह आज के भारतीय मौसम जैसा था इसलिए यह वास्तव में अच्छा लग रहा था। आप जानते हैं कि जब कोई अंदरूनी किनारा मुझे बाहर नहीं निकाल पाता है, तो इसका मतलब है कि यह दिन मेरे लिए है। आपको कभी-कभी भाग्यशाली होना पड़ता है, इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक दिन था। मैंने उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।

लिस्ट ए क्रिकेट में शॉ का पिछला दोहरा शतक फरवरी 2021 में आया था जब उन्होंने पुडुचेरी के खिलाफ मुंबई के लिए नाबाद 227 रन बनाए थे, जो टूर्नामेंट में उस समय का सर्वोच्च स्कोर भी था। अपनी रिकॉर्ड-तोड़ पारी के दौरान, शॉ ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए सैम व्हाइटमैन (54) के साथ 194 रनों की बड़ी साझेदारी की।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ईमानदारी से कहूं तो 227 मेरे दिमाग में था। जब व्हाइटी (व्हाइटमैन) वहां थे तो मैंने उनसे बात की और मैंने उन्हें बताया कि यह 227 है, जो मेरा सर्वोच्च स्कोर है। लेकिन यह एक अच्छा टीम प्रयास था। मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि मैच जीतूं और मैं उस तरह के खिलाड़ी हूं जो पहले अपनी टीम को रखते हैं और उसके बाद खुद को। अगर इस तरह स्कोर करने से मेरी टीम को जीत हासिल करने में मदद मिल सकती है, तो मुझे इसे जारी रखना चाहिए।

## सार संक्षेप

### ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में लगी आग

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित क्रिकेट मैदान ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में बुधवार रात आग लगने से छत और कुछ फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने कहा कि बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) में टीम के ड्रेसिंग रूम में झूठी छत के कुछ हिस्से और कुछ फर्नीचर बुधवार को लगभग 11-40 बजे वायरिंग में संदिग्ध शॉर्ट-सर्किट से लगी आग में क्षतिग्रस्त हो गये। जो लोग ड्रेसिंग रूम में काम कर रहे थे, उन्होंने सबसे पहले आग पर ध्यान दिया। तीन अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचने के बाद आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी में ईडन गार्डन में नवीनीकरण का काम चल रहा है। पिछले सप्ताहांत आईसीसी की एक टीम ने इस प्रतिष्ठित स्टेडियम की तैयारियों का निरीक्षण किया और संतुष्टि व्यक्त की। यह मैदान विश्व कप के पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

### भारत-पाकिस्तान मैच दबाव पर कुंबले ने कहा, केन्या से हार जाओ लेकिन पाकिस्तान से नहीं

**नई दिल्ली**। भारत के महान लेग स्पिनर और पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने खुलासा किया कि उनके खेल करियर में, भारत-पाकिस्तान मैचों का प्रचार इतने उच्च स्तर पर था कि अगर टीम केन्या से हार भी जाती तो प्रशंसकों को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत 2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 50 ओवर के एशिया कप 2023 के ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। यदि भारत और पाकिस्तान सुपर फोर चरण में पहुंचते हैं, तो उनका कोलंबो में आमना-सामना होना तय है।

### सुडोकू 6283 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

| SENSEX | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 65688.18 | ▼ | 307.63 | NSE | 19543.10 | ▼ | 89.45 | MCX Gold | 58875 | ▼ 98 | silver 70074 | ▲ 102 |



## यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 2.57 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 2.57 प्रतिशत बढ़कर 3,50,149 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जुलाई, 2022 में विनिर्माताओं द्वारा डीलरों को 3,41,370 यात्री वाहनों की आपूर्ति की गई थी। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री घटकर 12,82,054 इकाई रह गई। जुलाई, 2022 में यह 13,81,303 इकाई रही थी। मोटरसाइकिल बिक्री 8,70,028 इकाई से घटकर 8,17,206 इकाई रह गई।



## एनसीएलटी ने जी-सोनी विलय को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र की कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (पूर्व में सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया) के विलय की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने दोनों कंपनियों के विलय की मंजूरी देकर 10 अरब डॉलर की दिग्गज मीडिया कंपनी के अस्तित्व में आने का रास्ता खोल दिया है। यह अपने क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी कंपनी होगी। एच वी सुब्बा राव और मधु सिन्हा की पीठ ने इस विलय को लेकर दायर सभी आपत्तियों को भी खारिज कर दिया। एनसीएलटी ने 11 जुलाई को कई कर्जदाताओं की आपत्तियां सुनने के बाद विलय पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधिकरण ने एक्सिस फाइनेंस, जेसी फ्लावर एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी, आईडीबीआई बैंक, आईमैक्स कॉर्प और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप जैसे कर्जदाताओं की दलीलें सुनी थीं। दिसंबर 2021 में, ज़ी एंटरटेनमेंट और सोनी पिक्चर्स अपने कारोबार का विलय करने पर सहमत हुई थीं। दोनों मीडिया समूहों ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), बीएसई और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसे नियामकों से अनुमति प्राप्त करने के बाद विलय को मंजूरी देने के लिए न्यायाधिकरण से संपर्क किया था। हालांकि, जी एंटरटेनमेंट के कुछ कर्जदाताओं की तरफ से आपत्तियां जताए जाने पर यह प्रक्रिया रुक गई थी। एस्सेल समूह के कई लेनदारों ने विलय योजना में जोड़े गए गैर-प्रतिस्पर्धा खंड को लेकर अपनी आपत्ति जताई थी।


# आरबीआई ने मंहगाई को काबू रखने लगातार तीसरी बार रेपो रेट को रखा स्थिर

***नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बढ़ती खुदरा महंगाई को काबू में रखने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसका मतलब है कि मकान, वाहन समेत अन्य कर्ज पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा।*

इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) के अनुमान को भी 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया है। विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को यह राय जाहिर की।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एमपीसी ने मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया।

उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद आरबीआई-एमपीसी के पास कई सकारात्मक बातें भी थीं, जैसे 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र में क्षमता उपयोग में वृद्धि और प्रमुख क्षेत्रों में निजी निवेश का पुनरुद्धार। उद्योग निकाय फिक्की के अध्यक्ष शुभ्रकांत पांडा ने कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर पर यथास्थिति बनाकर संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है, जो मुद्रास्फीति को लक्षित करते हुए वृद्धि का समर्थन करेगा। स्थायी जमा सुविधा 6.25 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) और बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर बनी रहेगी। गवर्नर ने कहा कि एमपीसी मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में लाने और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के मकसद से मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेने पर अपना ध्यान बनाए रखेगी।



### जीडीपी अनुमान भी 6.5 प्रतिशत पर कायम

एमपीसी के इस निर्णय के कारणों के बारे में जानकारी देते हुए दास ने कहा, खुदरा मुद्रास्फीति मई 2023 में 4.3 प्रतिशत तक आने के बाद जून में बढ़ी है और सब्जियों की कीमतों में तेजी के साथ जुलाई-अगस्त में इसके और बढ़ने की आशंका है। हालांकि, सब्जियों के दाम में तेजी अस्थायी हैं, लेकिन अल नीनो को लेकर मौसम की स्थिति, मानसूनी बारिश के आसामान्य वितरण के साथ खाद्य वस्तुओं के दाम के साथ महंगाई के उभरते रुख पर नजर रखने की जरूरत है। क्रेडाई वेस्टर्न यूपी सचिव दिनेश गुप्ता ने कहा कि रेपो दर को स्थित बनाए रखने के आरबीआई के फैसले से निस्संदेह रियल एस्टेट को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन समग्र बाजार विश्वास को मजबूत करने और इसे वाणिज्यिक और आवासीय खरीदारों के लिए अधिक आकर्षक बनाने के लिए शीघ्र ही ब्याज दरों में कटौती को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालाँकि, इस समय डेवलपर्स के पास बेहतर फंड और इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के कारण रियल एस्टेट सेक्टर मध्यम और लक्जरी वर्ग, दोनों, के आवास की मांग और आपूर्ति करने में सक्षम है।


**एफडी से ज्यादा हो जाएगा महंगाई का ब्याज** - रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा है कि खुदरा महंगाई की दर जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर एफडी से भी ज?यादा हो जाएगी. पहले इसका अनुमान 5.2 फीसदी लगाया गया था जो इस बार बढ़कर 6.2 फीसदी हो गया है. यानी चालू तिमाही में सिर्फ जुलाई से सितंबर तक ही खुदरा महंगाई बढ़कर 6 फीसदी से ज्यादा पहुंच जाएगी.

## शेयर बाजार पर भारी पड़ी क्रेडिट पॉलिसी, सेंसेक्स 307 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर पर भी क्रेडिट पॉलिसी का असर रहा। हालांकि आरबीआई ने रेपो रेट को 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा है, लेकिन कई अन्य तरीकों से बैंक में पैसा कम करने का इंतजाम कर दिया है। इसके चलते बैंक और रियल्टी सेक्टर दबाव में रहा है। आज शेयर बाजार में गिरावट के साथ क्लोजिंग हुई। आज जहां संसेक्स करीब 307.63 अंक की गिरावट के साथ 65688.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 89.40 अंक की गिरावट के साथ 19543.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा आज बीएसई में कुल 3,741 कंपनियों में ट्रेडिंग हुई, इसमें से करीब 1,692 शेयर तेजी के साथ और 1,904 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 145 कंपनियों के शेयर के दाम में कोई अंतर नहीं आया। वहीं आज 248 स्टॉक 52 हफ्ते के ऊपरी स्तर पर बंद हुए हैं। इसके अलावा 28 स्टॉक अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर पर बंद हुए। इसके अलावा आज 254 शेयर में अपर सर्किट लगा है, तो 221 शेयर में लोअर सर्किट लगा है। इसके अलावा आज शाम को डॉलर के खिलाफ रुपया 10 पैसे की मजबूती के साथ 82.71 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।



## अब फलों की महंगाई दर में इजाफा



***नई दिल्ली।** खाने की थाली लगातार महंगी होती जा रही है क्योंकि टमाटर के बाद अब प्याज भी महंगी होने के रास्ते पर चल रही है. टमाटर की महंगाई ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ ही दिए हैं, दालों से लेकर अन्य सब्जियों के दाम भी बेतहाशा बढ़ रहे हैं.*

अब इन्हीं आइटम्स की तरह फल भी महंगे हो गए हैं और सेहत बनाने वाले खाने के ये आइटम्स महंगाई के रास्ते पर हैं. आपकी किचन का बजट लगातार बढ़ रहा है और इस लिस्ट में फल भी शामिल हो गए हैं.

**फल महंगे होंगे तो खाद्य महंगाई दर भी बढ़ेगी** - इकनॉमिक टाइम्स की एक खबर के मुताबिक एक्सपर्ट्स का ये मानना है कि फलों की महंगाई बढ़ने से इस साल खाद्य महंगाई दर में इजाफा होने जा रहा है. वित्त वर्ष 2023 में महंगाई दर में फलों का योगदान 0.3 फीसदी रहा था. जून में फलों की महंगाई दर में 1.3 फीसदी की तेजी देखी जा रही थी जो इससे पिछले महीने यानी मई में 0.5 फीसदी पर रही थी. इसमें खास तौर पर सेब की 6.3 फीसदी की महंगाई दर का हाथ रहा था.

**किन फलों की महंगाई दर बढ़ रही है** - अगस्त में सेब करीब 20 रुपये प्रति किलो या 15 फीसदी तक महंगा हो गया है. इसके दाम मई 2023 में 158.2 रुपये प्रति किलो पर थे फिलहाल अगस्त में बढ़कर 175.63 रुपये प्रति किलो तक आ पहुंचे हैं. फलों का योगदान रिटेल महंगाई बास्केट (ड्राइ फ्रूट्स को छोड़कर) 2.26 फीसदी रहा था और इसमें भी सेब का हिस्सा ज्यादा रहा था. आगे भी सेब के दामों में इजाफा जारी रहने की संभावना बनी है.

**क्या कहते हैं जानकार** - इकनॉमिक टाइम्स ने बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकॉनोमिस्ट मदन सबनवीस के हवाले से बताया है कि इस साल मानसून के देरी से आने और बाद में भारी वर्षा से फसलों को नुकसान पहुंचा है और फलों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं. इसके चलते फलों के दाम में 0.4-0.5 फीसदी या इससे ज्यादा की बढ़ोतरी देखी जा सकती है. एक्सपर्ट्स का भी मानना है कि इस साल की दूसरी छमाही में फ्रूट्स की महंगाई दर में लगातार बढ़त बनी रह सकती है.

## यूपीआई के जरिए ऑफलाइन भुगतान की सीमा 200 से बढ़कर 500 करने का प्रस्ताव, लेनदेन में एआई का भी होगा प्रयोग

***नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने तीन दिनों तक चली एमपीसी की बैठक के बाद गुरुवार को यूपीआई पर भी बड़ा एलान किया। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान को और आधुनिक बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है।*

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक अब एनएफसी का इस्तेमाल करते हुए यूपीआई से ऑफलाइन भुगतान की भी अनुमति दे रहा है। इस तरीके से यूपीआई लाइट के जरिए 500 रुपये तक का पमेंट किया जा सकेगा। यूपीआई पर छोटे मूल्य के लेनदेन को गति देने के लिए दिसंबर 2022 में यूपीआई लाइट की लॉन्चिंग की गई थी। नियर फील्ड कम्युनिकेशन ब्लूटूथ जैसी तकनीक है इसका इसका इस्तेमाल छोटी मात्रा मात्रा में डाटा ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है। वायरलेस कार्ड में भी इसी का इस्तेमाल होता है।

**यूपीआई लाइट से भुगतान की सीमा 200 से बढ़ाकर 500 रुपये करने का प्रस्ताव** - आरबीआई गवर्नर ने कहा कि छोटे मूल्य के डिजिटल लेनदेन नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड और यूपीआई लाइट से 200 रुपये के भुगतान की सीमा को बढ़ाकर 500 रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है। हालांकि कुल भुगतान की सीमा अब भी 2000 रुपये ही होगी।



इस कदम का मकसद भुगतान के इस तरीके की स्वीकार्यता में वृद्धि करना है। आरबीआई के अनुसार इस प्रस्ताव से खुदरा क्षेत्र डिजिटल रूप से और अधिक सक्षम होगा, इसके साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां इंटरनेट और दूरसंचार संपर्क कमजोर है या उपलब्ध नहीं है वहां भी कम राशि का लेन-देन किया जा सकेगा। यूपीआई पर ग्राहक एआई के जरिए कन्वर्सेशनल भुगतान कर सकेंगे.

गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अब यूपीआई पर ग्राहक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए कन्वर्सेशनल भुगतान कर सकेंगे। इसका मतलब है कि एआई को निर्देश देते हुए भी अब भुगतान संभव हो सकेगा। केंद्रीय बैंक आरबीआई जल्द ही यूपीआई पर कन्वर्सेशनल पेमेंट्स की सुविधा शुरू करने जा रहा है। आरबीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ऐसे लेनदेन पूरी तरह से सुरक्षित होंगे। इसके साथ ही यह सुविधा स्मार्टफोन और फीचर फोन दोनों पर उपलब्ध होंगे। यह हिंदी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलबध होगा। आरबीआई ने कहा है कि उक्त घोषणाओं के संबंध में जल्द ही एनपीसीआई को निर्देश दिया जाएगा।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60550 चांदी टंच- 71550
चांदी रिफाइन -72700

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन
भाव-60550 चांदी टंच- 71550
चांदी रिफाइन -72700


## चावल के दाम में लगी आग! एशिया में 15 साल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची कीमत

**नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों में पूरी दुनिया में चावल की कीमत में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. इसका असर एशियाई मार्केट पर भी दिखने लगा है और यहां चावल की कीमत लगभग 15 सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है.भारत के गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक और थाईलैंड में सूखे के कारण हुई कम पैदावार का असर चावल के दाम पर दिखने लगा है.**

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार थाई राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने आंकड़े जारी करते हुए कहा है कि 5 फीसदी टूटा थाई राइस की कीमत अक्टूबर 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर 648 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गई है. ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले साल के मुकाबले चावल की कीमत में 50 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है.

**एशिया अफ्रीका पर पड़ेगा असर** - चावल एशिया और अफ्रीका के मुख्य अनाज में से एक है जिससे दोनों महाद्वीप के करोड़ों लोग अपना पेट भरते हैं. ऐसे में चावल की बढ़ती कीमतों का असर कई देशों पर सीधे तौर पर पड़ सकता है और इससे उनके इंपोर्ट बिल में जबरदस्त इजाफा होने की उम्मीद है. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार ईएल एनआईएनओ के असर के कारण थाईलैंड में चावल की फसलों पर बहुत बुरा असर पड़ा है. ऐसे में थाईलैंड सरकार ने किसानों को सलाह दी है कि वह कम पानी की जरूरत वाली फसलों को लगाएं, जिससे पैदावार पर कम असर पड़े. गौरतलब है कि थाईलैंड में इस साल श्ब्द्य ह्द्धठ्ठश के कारण 40 फीसदी तक कम बारिश हुई है. इसका असर चावल की फसलों पर दिख रहा है और इस साल उत्पादन कम होने की उम्मीद है.



**भारत ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर लगाया बैन** - भारत ने हाल ही में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है. इस कारण वैश्विक स्तर पर चावल की कीमत में बढ़ोतरी दर्ज हुई है. भारत के चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने से ग्लोबल सप्लाई चेन पर बहुत बुरा असर पड़ा है. इसके बाद थाईलैंड जैसे देशों में कम उत्पादन ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है. इस कारण वैश्विक आपूर्ति में बड़ी कमी देखने को मिल रही है. ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत चावल के वैश्विक निर्यात में 40 फीसदी तक हिस्सेदार है. ऐसे में मोदी सरकार के गैर बासमती चावल के बैन के फैसले के बाद वैश्विक स्तर पर इसके प्राइस में बड़ी अस्थिता देखने को मिल सकती है.

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.71 |
| एक यूरो | 91.31 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105.67 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.43 |
| एक जापानी येन | 00.57 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-104 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## अरिहंत कैपिटल ने पहली तिमाही के लिए आय की घोषणा की, शुद्ध लाभ 54.28 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** अग्रणी वित्तीय सेवा फर्म अरिहंत कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने 30 जून 2023 को समाप्त पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड (बिना जांचे हुए) वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

30 जून 2023 (समेकित) को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने परिचालन से राजस्व में 23.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 3477.87 लाख रुपये (वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही) से बढ़कर 4279.23 लाख रुपये (वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही) हुई। पीएटी सालाना आधार पर 54.28 प्रतिशथ रुपये बढ़ा, जो 744.94 लाख रुपये (वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही) से बढ़कर 1157.74 लाख रुपये (वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही) हुआ।

**वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही हाइलाइट्स** - क्लाइंट ऑनबोर्डिंग- कंपनी ने डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच की मदद से अपनी ग्राहक अधिग्रहण दर को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। इन-हाउस ईकेवाईसी पोर्टल को लागू करके, इसका लक्ष्य कंप्लीट ऑटोमेशन और एक सीमलेस ऑनबोर्डिंग यात्रा प्राप्त करना है, जिससे उपयोगकर्ता के अनुभव में उल्लेखनीय सुधार होगा। एम्बिशयस लक्ष्यों के साथ, यह कंपनी तेजी से विकास हासिल करने के लिए आश्वस्त है और 5 लाख (500,000) नए ग्राहकों को जोड़ने की आकांक्षा रखती है। एमटीएफ बुक- इक्विटी बाज़ारों में ग्राहकों के इन्वेस्टमेंट की जरूरतों को पूरा करने के लिए, कंपनी फंडिंग बुक पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी मौजूदा ग्राहकों की चल रही मांग को पूरा करने और अपनी बही को बढ़ाने के लिए बाहरी रूप से धन जुटाने की योजना बना रही है। इंट्रेस्ट (ब्याज) इनकम- 30 जून वित्तीय वर्ष 23 को समाप्त तिमाही में, कंपनी की ब्याज आय (स्टैंडअलोन) वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में 1171 लाख रुपये की तुलना में 1229 लाख रुपये थी। इस प्रकार आंतरिक संचय से लगातार वृद्धि होने की उम्मीद है।

## भारत अब पड़ोसी देश से खरीदेगा टमाटर



***नई दिल्ली।** देश में कीमतों में रिकॉर्ड उछाल के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि भारत नेपाल से टमाटर का आयात करेगा। संसद में अपने भाषण के दौरान, सीतारमण ने बताया कि आयात की पहली खेप शुक्रवार तक उत्तर भारत के वाराणसी, लखनऊ और कानपुर जैसे शहरों में पहुंचने की संभावना है।*

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पिछले तीन महीनों में थोक बाजार में टमाटर की कीमतें 1,400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 140 रुपये (. 1.69) प्रति किलोग्राम हो गई हैं।' इसके लिए किसानों ने भारी बारिश, उच्च तापमान और फसल पर वायरस के प्रकोप सहित कारणों का हवाला दिया है।

**आरबीआई गवर्नर ने कही ये बात** - मौद्रिक नीति समिति की बैठक के प्रमुख फैसलों की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी कहा कि टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी और अनाज, दालों में बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति बढ़ी। उन्होंने आगे कहा कि सब्जियों की कीमतों में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिल सकता है। जून और जुलाई में टमाटर की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ गई। उपभोक्ता मंत्रालय की ओर से नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और नेफेड टमाटर खरीद कर लोगों को सस्ते दर पर बेच रही है, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रही है।

**अभी कम नहीं होंगे रेट** - कीमतें आम तौर पर अगस्त से कम हो जाती हैं, जब फसल बाजार में आती है, लेकिन इस साल, व्यापारियों को उम्मीद है कि अक्टूबर तक लागत ऊंची रहेगी क्योंकि आपूर्ति कम रहेगी।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के निर्देश में 14 जुलाई से सब्सिडीज़ पर टमाटर बिक रही है। एनसीसीएफ वर्तमान में इन्हें 70 प्रति किलो प्रति किलो की दर पर बेच रही है, जबकि बाजार में यही टमाटर 200 रुपये के उपर बिक रही है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# रादुविवि घेरने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बरसाये डंडे, दर्जनों छात्र नेता घायल






**जबलपुर, देशबन्धु।** शिक्षा के क्षेत्र में जब भी कोई बात सामने आती तो भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, एनएसयूआई सबसे पहले छात्र हितों के लिये आंदोलन करती है। इसी कड़ी में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने छात्र नेता प्रतीक गौतम, सक्षम यादव के नेतृत्व में 5 सूत्री मांगों को लेकर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का घेराव करने पहुंचे। जहां उपस्थित पुलिस बल द्वारा छात्रों को अंदर जाने से रोका गया। लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने, जिसके बाद पुलिस बल द्वारा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया। जिसमें एनएसयूआई के सैकड़ों छात्र नेताओं को गंभीर चोटें आई हैं।

एनएसयूआई के प्रतीक गौतम, सक्षम यादव ने बताया कि एनएसयूआई द्वारा लंबे समय से छात्र संघ चुनाव आयोजित कराए जाने की मांग की जाती रही है, परंतु सरकार द्वारा चुनाव टाले जा रहे हैं, इसके विपरीत हर वर्ष छात्रों से लाखों रुपए छात्र संघ शुल्क वसूला जा रहा है।

विश्वविद्यालय में लगभग हर विभाग में मूलभूत सुविधाओं का आभाव रहा है, जिससे कि हर वर्ग छात्र व प्रशासन दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार विरोध करने पर भी विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं की जा रही, बीते महीनों में विश्विद्यालय परिसर में बमबाजी की घटना को अंजाम देने वालों की पहचान आज तक नहीं हो पाई, विश्वविद्यालय में परीक्षा भवन की हालत जर्जर है, लगातार आश्वासन के बाद भी कार्य आज भी शुरू नहीं किया गया। छात्र संगठनों द्वारा लगातार मांग की जाने के बाद भी आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिसके विरोध एनएसयूआई छात्र नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इन मुद्दों पर आज छात्र आक्रोश रैली स्वरूप विशाल घेराव कर रादुविवि प्रशासन की नींद भंग करने पहुचेंगे।

घेराव में मुख्य रूप से अंकित मिश्रा, गोलू यादव, रोबिन तिवारी, रघु तिवारी, कपिल भोजक, बादल पंजवानी, डब्बू ठाकुर, आयुष मिश्रा, रितेश सिंह, अंकित शुक्ला, अविनाश पॉल, नीरज श्रीपल, राजेश श्रीपल, यश पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट घेरने जा रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने भांजी लाठियां

### प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता घायल



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में मंहगाई, बेरोजगारी व पटवारी घोटाला सहित अन्य घोटालों को एनएसयूआई के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए जा रहे थे। जिन्हे घंटाघर के पास पुलिस ने बैरीकेट लगाकर रोकने की कोशिश की, जब वे नहीं माने तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। जिससे अफरातफरी व भगदड़ मच गई, पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता घायल हो गए।

बताया गया है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति, बेरोजगारी, भरती परीक्षाओं में हुए घोटाले के विरोध में गुरूवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, प्रदेश प्रभारी नितिश गौड, उपाध्यक्ष कोविद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मालवीय चौक पर एकत्र हुए। जहां से सभी लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए रवाना हुए।

जब वे घंटाघर पहुंचे तो पुलिस ने बैरीकेट लगाकर रोक दिया। कार्यकर्ताओं ने बैरीकेट पर चढ़कर आगे बढने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोका। जब कार्यकर्ता नहीं माने तो लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, राष्ट्रीय महासचिव पिंकी मुदगल, प्रदेश प्रभारी नीतीश गौड, जिला अध्यक्ष सचिन रजक सहित कई कार्यकर्ता घायल हुए। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि पुलिस ने हमारे ऊपर आंतकवादियों की तरह लाठियां बरसाई हैं। दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कलेक्ट्रेट में धारा 144 लागू है, इसके बाद भी एनएसयूआई के कार्यकर्ता जबरन जाने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें बैरीकेट लगाकर रोकने की कोशिश की गई, जब वे नहीं माने तो हल्का बल प्रयोग किया गया है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत


क्षत-विक्षत हालत में मिला शव

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में लगातार बाघों की मौत की घटनाएं निकलकर सामने आ रही हैं। उमारिया के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में फिर एक बाघिन की मौत हो गई है।

बाघिन की मौत की सूचना से हड़कंप मच गया है। यह घटना उमरिया जिले के पार्क के पनपथा कोर परिक्षेत्र के पथरहठा बीट के जंगल की है। जानकारी के अनुसार मादा बाघिन का शव क्षत विक्षत अवस्था में संदिग्ध हालात में मिला है। प्रथम दृष्टया बाघिन का शव का तीन से चार दिन पुराना लग रहा है।

यह बाघिन के शरीर में घाव के निशान मिले हैं। वहीं, अब सूचना के बाद पार्क प्रबंधन के उच्च अधिकारी फोरेंसिक टीम और डॉग स्कॉयड के साथ अब घटनास्थल पहुंचे। जांच के बाद मृत बाघिन का शव जला दिया गया। एक माह के भीतर ही बांधवगढ़ में तीन बाघों की मौत हो चुकी है, जिसमें दो बाघिन और एक बाघ अब शामिल हैं।

## कूनो नेशनल पार्क से गायब चीता अब तक नहीं मिला

### 80 लोगों की टीम, दो ड्रोन, हाथी भी नहीं खोज सके, अब हेलीकॉप्टर से होगी तलाश

**श्योपुर, देशबन्धु।** कूनो नेशनल पार्क में नौ चीतों की मौत के बाद एक और चीता के नहीं मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। निर्वा नाम की मादा चीता की कॉलर आईडी खराब है।

इससे उसकी लोकेशन कूनो प्रबंधन को नहीं मिल रही है। मादा चीता निर्वा पिछले 20 दिन से गायब है। अब उसे ढूंढने के लिए वन विभाग हेलीकॉप्टर की मदद लेने की तैयारी कर रहा है। 80 लोगों की टीम, दो ड्रोन और एक हाथी टीम भी अब तक निर्वा की तलाश में नाकाम ही रही है। निर्वा की गर्दन पर बंधी कॉलर आईडी काम नहीं करने से उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है।

वन अधिकारियों का दावा है कि निर्वा 28 जुलाई को कूनो पार्क के बाहर वाले जंगल में दिखी थी। उसे ट्रैंकुलाइज करने की तैयारी कर रहे थे, तभी वह गायब हो गई। दरअसल, कुछ चीतों को कॉलर आईडी की वजह से संक्रमण हुआ और उससे लगी चोटों ने उनकी जान ले ली। अब तक तीन चीतों की मौत कॉलर आईडी की वजह से होने की बात कही गई है।



दो मादा चीतों को छोड़कर बाकी चीतों को बाड़ों में रखा गया है।

वहीं, विशेषज्ञों को आशंका है कि निर्वा को यदि कॉलर आईडी से इंफेक्शन हुआ होगा तो वह भी बीमार होगी। उसे तत्काल इलाज की जरूरत है। इस वजह से उसकी तलाश को प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा गया है।

### दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक

दिल्ली में गुरुवार को चीता परियोजना संचालन समिति की बैठक बुलाई गई। इसमें हेलीकॉप्टर सेवा लेने के लिये चर्चा की गई है। खुले जंगल से पकड़कर बाड़ों में रखे गए चीतों के स्वास्थ्य की जांच सहित अन्य मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में मध्यप्रदेश के वन अधिकारी वर्चुअल शामिल हुये।

## मध्य रेलवे में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते तीन जोड़ी गाड़ियां रद्द



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य रेल के मनमाड स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस मार्ग पर चलने वाली पश्चिम मध्य रेल से सम्बंधित कुछ गाड़ियों को निरस्त करने एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट और गुजरने वाली ट्रेनों की जानकारी इस प्रकार है ।

**निरस्त रेलगाड़ियां-**

1) गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 13 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी संख्या 02131 पुणे -जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 14 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी ।

3) गाड़ी संख्या 01751 रीवा - पनवेल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन14 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी ।

4) गाड़ी संख्या 01752 पनवेल - रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 15 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी ।

5) गाड़ी संख्या 01025 दादर - बलिया स्पेशल ट्रेन 12 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी ।

6) गाड़ी संख्या 01026 बलिया - दादर स्पेशल ट्रेन 13 अगस्त 2023 एवं 16 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी ।

**निम्न दो रेलगाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेंगी-**

1) अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12627 बेंगलुरू - नई दिल्ली कर्नाटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बल्लारशाह-नागपुर-इटारसी होकर गन्तव्य को जाएगी।

2) इसी प्रकार अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12628 नई दिल्ली -बेंगलुरू कर्नाटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-नागपुर- बल्लारशाह होकर गन्तव्य को जाएगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## सीएचएमओ टीम की कार्रवाई के दौरान अस्पताल संचालक नहीं दिखा पाया दस्तावेज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल स्थित स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में अनियमित्ता की शिकायत मिलने पर गुरूवार को सीएमएचओ कार्यालय की टीम ने दबिश दी।

टीम उस समय आश्चर्य चकित रह गई जब प्रबंधन से आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिससे स्पष्ट हो गया है कि स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल नियमों को ताक पर रखकर अनाधिकृत ढंग से संचालित किया जा रहा है था। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों ने शिकायत की थी कि प्रबंधन आयुष्मान जैसी शासकीय योजनाओं के जरिए भी मरीजों के कार्ड से रुपए लेता है और साथ में उनके से अलग से भी रुपयों की मांग की जाती है।

ऐसी कई शिकायतें मिलने के बाद जब दबिश दी गई तो वहां भर्ती मरीजों ने भी इस बात खुलासा किया। जांच अधिकारी अजय कुरील ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं, जांच जारी है, संभवत अस्पताल को बंद भी कराया जा सकता है।

## ओरिएंट पेपर मिल ब्लास्ट मामले में प्रबंधन की लापरवाही उजागर

### पुलिस ने प्लांट प्रबंधन पर दर्ज की एफआईआर

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में बुधवार को ओरिएंट पेपर मिल के पल्प प्लांट के टैंक फटने से एक ठेका मजदूर की मौत हो गई थी, तो वहीं दो मजदूर घायल हो गए हैं। यह हादसा प्रबंधन की लापरवाही की वजह से हुआ है।

देर शाम को प्रबंधन के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रबंधन के खिलाफ पुलिस ने कारखाना अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के तुरंत बाद की एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि टैंक कितना पुराना था और टैंक पूरी तरीके से जंग से गल गया था, जिसके बाद यह हादसा होना प्रबंधन की लापरवाही का एक बड़ा नतीजा है।

जहां घटना घटी है वह टैंक जंग से पूरी तरीके से टैंक गल गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। समय-समय पर अगर प्रबंधन इस ओर ध्यान देता और मरम्मत कार्य कराने के साथ-साथ सर्विसिंग का कार्य कराया जाता तो शायद यह हादसा ना हो पाता।

हादसे के बाद बुधवार की सुबह से शाम तक विरोध प्रदर्शन चलता रहा। प्रबंधन की लापरवाही उजागर होने के बाद पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के निर्देश के बाद देर शाम पुलिस ने प्रबंधन की लापरवाही मानी और कार्रवाई कर ओरिएंट पेपर मिल प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## लचर अव्यवस्था के चलते बिजली उपभोक्ता हो रहे परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के बिजली विभाग के मुख्यालय शक्ति भवन में पदस्थ उच्च अधिकारियों द्वारा भले ही बड़ी बड़ी बाते की जा रही हैं परंतु जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत ही देखी जा रही है। लचर अव्यवस्था के चलते विद्युत उपभोक्ताओं को प्रति दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में विगत दिवस लगातार ट्रिपिंग के कारण सैकड़ों उपभोक्ताओं की सर्वाधिक परेशान होते देखा गया। उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण पर नहीं किए जाने को लेकर भी कई तरह की आश्चर्यजनक बाते सामने दिखायी दी है।

जानकारों का कहना है कि कंपनी द्वारा जो भी स्थानांतरण किये गए उसमें इस बात का ध्यान नहीं रखा गया रख रखाव के ऐन मौके पर अधिकारियों का तबादला कर दिया गया दूसरे अधिकारी जिनकी पदस्थापना की गई वह उपभोक्ताओं की समस्याओं को समझने में असमर्थ रहे। अधिकतर शिकायत केन्द्रों में किसी कनिष्ठ यंत्री की उपस्थिति लगातार न होने से बिजली उपभोक्ताओं के साथ सीधे तौर पर संवाद भी नहीं हो पाया और उपभोक्ता मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगे।

सूत्रों से मिली खबर के अनुसार जून के तीसरे सप्ताह से शहर की स्थिति बिजली को लेकर लगातार बिगडने लगी थी। शहर वृत के अधीक्षण अभियंता ने एक माह जूनियर इंजीनियरों की बैठक आहूत की। सप्ताह का प्रत्येक सोमवार प्रबंध संचालक द्वारा ली जाने बैठक में ही बीत जाता है। रखरखाव और राजस्व वसूली आज के समय सबसे बड़ी चुनौती देखी जा रही है। व्यवस्थाऐं बनाने के लिए जिम्मेदार उच्च अधिकारी सुविधाएं देने के लिए मुंह मोड़ रहे है। आउट सोर्स के नाम पर कम पैसे में कार्य संपादन कराया जाना कंपनी का एक अजीब तरह का तरीका बन चुका है।

**शीर्ष प्रबंधन केवल फटकार लगाने तक सीमित** - मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शीर्ष प्रबंधन द्वारा अधिकारियों को डराने व धमकाने तक ही सीमित है। अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को जो सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिये उसके प्रति उदासीन रवैया ही अपनाए हुए हैं। शहर के कई वितरण केन्द्रों में दर्जनों शिकायतें दर्ज होने के कारण सुधार कार्य भी बहुत विलंब से किये जाते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निपुण कर्मचारियों की कमी भी एक बहुत बड़ा कारण माना जा रहा है। गौरतलब है कि जरा सा भी पानी गिर जाता है तो विजयनगर में तो विद्युत उपभोक्ता शिकायत केन्द्र तक नहीं पहुंच पाता है कार्यालय पानी भरा रहता है।

उल्लेखनीय है कि प्रति माह शहर के लगभग आधा दर्जन संभागों से लगभग पौन करोड़ रुपयों की राजस्व वसूली की जाती है,उसके बावजूद भी संभागीय एवं विद्युत वितरण कंपनी के उपकेन्द्रों में जो सुविधाएं कर्मचारियों को दी जानी चाहिए उसका सर्वाधिक आभाव देखा जा सकता है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करके कर्मचारियों और अधिकारियों को राहत पहुंचाएंगे इसकी सभी को उम्मीद है।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409







